सुप्रभात
रांची, बुधवार
20.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 70

12 वन वृंदावन कॉलोनी में दिखेगा प्राचीन कलाकृति का अद्भुत संगम

## न्यूज डायरी

### कुलदीप द्विवेदी बने सीबीआइ के डीआइजी

**नयी दिल्ली।** झारखंड कैडर के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को सीबीआइ का डीआइजी नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गयी। वह अभी आइटीबीपी के उप महानिदेशक पद पर तैनात हैं। वह रांची में एसएसपी भी रह चुके थे।

### गिरिडीह : तालाब में डूबने से चार बच्चियों की मौत

**गिरिडीह।** पचंबा थाना इलाके के पेठियाटांड़ के समीप सोना महतो तालाब में बड़ा हादसा हो गया है। यहां करमा पूजा को लेकर स्नान करने पहुंची पांच बच्चियां तालाब में डूब गयीं, जिनमें से चार की मौत हो गयी। बच्चियों की मौत की एसपी दीपक शर्मा ने पुष्टि की है।

### हाइकोर्ट में गुहार लगाने की तैयारी में सीएम हेमंत

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब सीएम हेमंत सोरेन की लीगल टीम आगे कदम उठाने के लिए मंथन कर रही है। इस मामले में गुरुवार तक हाइकोर्ट में रिट दाखिल किया जा सकता है। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने इसके संकेत दिये।

### राज्यसभा की पहली बैठक में भिड़े खरगे-सीतारमण

**नयी दिल्ली।** नये संसद भवन में राज्यसभा की पहली बैठक में ही मल्लिकार्जुन खड़गे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच तीखी नोंकझोंक हो गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## पुराने को नमन कर पैदल ही नये संसद भवन पहुंचे पीएम व सांसद, पहले ही दिन ऐतिहासिक फैसला

# महिला आरक्षण बिल पेश, आज चर्चा

- नारी शक्ति वंदन बिल को सर्वसम्मति से पास करायें : मोदी
- कानून मंत्री ने लोकसभा में पेश किया महिला आरक्षण विधेयक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विशेष सत्र के दूसरे दिन पीएम मोदी समेत तमाम सांसद पुरानी संसद से पैदल चल कर नये संसद भवन पहुंचे। नये संसद भवन के पहले दिन ही केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लिया। सरकार ने लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला नारीशक्ति वंदन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) पेश किया है। बिल पर कल चर्चा होगी।

राज्यसभा इसे पहले ही पास कर चुकी है। पीएम मोदी ने नये संसद भवन में पहले दिन महिला आरक्षण देने के उद्देश्य से संविधान का 128वां संशोधन करने वाला नारीशक्ति वंदन विधेयक 2023 पेश किये जाने की घोषणा की और संसद के दोनों सदनों के सांसदों से अपील की कि वे इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करके इसे और मजबूत बनायें। पीएम भाषण के बाद कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किये। इसके बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक 2023 पेश किया।

(शेष पेज 11 पर)

### संसद की पुरानी इमारत अब संविधान सदन

संसद की 96 साल पुरानी इमारत में कार्यवाही का आज आखिरी दिन था। इस मौके पर पीएम मोदी ने संसद की पुरानी इमारत अब संविधान सदन नाम देने की अपील की। उन्होंने कहा इसकी गरिमा कभी कम नहीं होगी। आजादी और संविधान को अपनाने की गवाह इस इमारत को विदाई देने पक्ष-विपक्ष के तमाम सांसद पहुंचे। पीएम मोदी ने सबके साथ फोटो खिंचवायी। इसके बाद तमाम सांसद सेंट्रल हॉल पहुंचे। सेंट्रल हॉल में आखिरी सभा की। यह सेंट्रल हॉल ब्रिटेन से भारत में सत्ता हस्तांतरण का गवाह रहा है। इस मौके पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- भारत की संसद की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।



### झारखंड में महिलाओं के खाते में होगी 27 सीटें

महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 181 हो जायेगी। वहीं झारखंड विधान सभा की कुल 81 सीटों में 27 महिला खाते में जायेगी। बिहार में 243 सीटों में से 81 सीटें महिलाओं को मिलेगी। उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटों में से 134 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित हो जायेंगी। इस तरह 403 सीटों में से कुल 220 सीटें रिजर्व हो जायेंगी। यह 50 फीसदी के मनोवैज्ञानिक स्तर से ज्यादा है। वहीं पश्चिम बंगाल की कुल 294 सीटों में से 98 सीट महिलाओं की होगी।

## जम्मू कश्मीर में लश्कर कमांडर उजैर समेत दो ढेर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों के साथ पिछले सात दिनों से जारी मुठभेड़ मंगलवार को खत्म हो गयी। ।कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने मंगलवार को सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपे दो आतंकियों को मार गिराया। मारे गयक दो आतंकियों में एक लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर उजैर खान भी शामिल है।

### अनंतनाग में मुठभेड़ खत्म

फिलहाल सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। अनंतनाग जिले के गडोले कोकरनाग इलामें में मुठभेड पिछले छह दिनों से जारी था। विजय कुमार ने कोकरनाग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। दो से तीन आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना थी। (शेष पेज 11 पर)

## हाइकोर्ट ने लगायी रोक, बंगाल में कुड़मी आंदोलन टला

# झारखंड में असमंजस की स्थिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, कोलकाता।** 20 से आहूत कुड़मी आंदोलन के तहत रेल रोको आंदोलन पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। झाड़ग्राम कुड़मी समाज के सभापति कल्याण महतो ने कहा कि हाइकोर्ट के आदेश को मानते हुए पश्चिम बंगाल में कुड़मी आंदोलन को स्थगित किया जाता है। आगे की रणनीति बाद में तय की जायेगी। झारखंड और ओड़िशा में स्थिति असमंजस में है। हालांकि रांची रेलवे ने रद्द की गयी 9 में से 5 ट्रेन को सामान्य रूप से चलाने की घोषणा की है। वहीं 6 ट्रेने जिनके मार्ग बदले थे, वे निर्धारित मार्ग से ही चलेंगी। रांची-भागलपुर समेत 5 ट्रेने रद्द रहेंगी।

( शेष पेज 11 पर)

### टालने का अनुरोध

झारखंड में रेलवे प्रशासन की तैयारियों की बात पर डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि उन्होंने आंदोलनकारी मोर्चा के नेताओं से मिलकर आंदोलन को स्थगित करने की आग्रह किया है। उनकी मांगें रेलवे से संबंधित नहीं है। आंदोलन से ट्रेनें प्रभावित होंगी और हजारों लोगों को इससे असुविधा होगी। ट्रेन से मरीज, परीक्षार्थी, नौकरीपेशा, व्यवसायी सहित अन्य यात्री यात्रा करते हैं। उन्हें काफी परेशानी होगी। इधर रांची रेल रोको आंदोलन को ले कर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

# हाइकोर्ट ने सीबीआइ जांच का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर स्थित स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट को वर्ष 2002-03 में केंद्रीय जनजाति विकास मंत्रालय द्वारा दिये गये 42 लाख का गबन मामले की जांच झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपा है।

स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने यह आदेश दिया। इससे पहले इस मामले की जांच जमशेदपुर पुलिस ने की थी। लेकिन अब हाईकोर्ट ने इस मामले की नये सिरे से जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया है।

### स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट में गबन का मामला

(शेष पेज 11 पर)




लोस में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पीएम नरेंद्र मोदी का जताया आभार, कहा

# नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित होने पर देश की राजनीति में महिलाओं की बढ़ेगी भागीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक के पेश किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा निर्णय है, जिससे नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा। नारी शक्ति वंदन विधेयक के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों पर आरक्षण का प्रावधान है। इसी 33 फीसदी में से एक तिहाई सीटें अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा में 81 सीटों में 27 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक पास होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जायेगी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए करोड़ों देशवासियों की ओर से मोदी जी का मैं हृदय तल से अभिनंदन करता हूं।

## महिलाओं की सशक्त भागीदारी से लोकतंत्र होगा मजबूत: संजय सेठ

### महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ भारत ने रचा है नया इतिहास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि संसदीय व्यवस्था में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। साथ ही देश की सभी मातृशक्ति को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के फैसले पर सांसद ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता है कि उन्होंने महिलाओं की भी सशक्त भागीदारी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके साथ ही भारतीय कानून और सशक्त और बेहतर हो सकेगा।

## गृहिणी से राष्ट्र निर्माता तक के सफर पर बधाई : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 के लिए पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नारी सशक्तिकरण के लिये कई बड़े कदम उठा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे देश में शौचालय बनवाये गये। महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से घर दिया गया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को धुयें से राहत दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाकर लिंगानुपात में व्यापक सुधार किया गया। बेटियों के नाम से बचत को बढ़ावा देने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की गई।

उन्होंने कहा कि अब संसद के नए भवन में पेश यह पहला विधेयक आज के दिन को और भी ऐतिहासिक बना रहा है।

## महिला आरक्षण बिल से लोकतंत्र और मजबूत होगा : आशा लकड़ा



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा है कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद मंगलवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया। इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। इस बिल के कानून बनने के बाद हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। लोकसभा और देश की अन्य विधानसभाओं में हर तीसरी सांसद महिला होगी। प्रधानमंत्री के इस निर्णय से स्पष्ट हो चुका है कि महिलाओं में नेतृत्व क्षमता की कमी नहीं है, उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## महिला आरक्षण बिल स्वागत योग्य : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए लोकसभा में बिल पेश के जाने पर स्वागत किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ओबीसी की महिलाओं को भी इसमें शामिल किया जाता तो और अच्छा होता। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा में पेश 33% मिलने वाला आरक्षण में ओबीसी की महिलाओं को शामिल करने पर प्रधानमंत्री से पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों को बढ़ाकर 28 और विधानसभा की सीटों को 81 से बढ़ाकर 160 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है, ताकि हर समाज समुदाय के लोगों को लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हाइकोर्ट में गुहार लगाने की तैयारी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ईडी समन मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस मामले में हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल करने के लिए सीएम की लीगल टीम ने मंथन शुरू कर दिया है। गुरुवार तक इस मामले में हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार आगे कदम उठाने के लिए लीगल टीम काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी पर राजनीतिक दुर्भावना से कार्रवाई किए जाने के संबंध में लग रहे आरोप पर सुप्रीम कोर्ट की कोई टिप्पणी नहीं है। हालांकि पार्टी का मानना है कि राजनीतिक विद्वेष की वजह से ईडी सहित अन्य केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है।

ईडी के चौथे समन को कानूनविदों ने सही करार दिया है। भ्रष्टाचार मामले के जाने-माने अधिवक्ता अविनाश पांडे का मानना है कि चूंकि ईडी रांची के द्वारा समन भेजा गया है इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने को कहा है जो बिल्कुल ही सही है। जांच एजेंसी पर निर्भर करता है कि किसे कितना नोटिस भेजा जाए, मगर लगातार ईडी के नोटिस को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। ऐसे में नोटिस के अनुसार उपस्थित होना ही उचित है।

अगर हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलती है तो सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाने का विकल्प जरूर रहेगा। इन सबके बीच ईडी ने चौथा समन जारी कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 23 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले अगर हाईकोर्ट से कोई राहत मिल जाती है तो कोई बात नहीं। मगर यदि कोई आदेश नहीं आता है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए मुश्किलें जरूर बढ़ जाएंगी। जमीन घोटाला मामले में ईडी द्वारा भेजे जा रहे नोटिस की वैधानिकता पर सवाल खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई गई थी। जिस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए न्यायालय ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने को कहा है।

# साहेबगंज के शौकत को 11 साल से तलाश रही एनआइए

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज जिला का रहने वाले शौकत को एनआईए पिछले 11 साल से तलाश रही है। शौकत मूल रूप से साहिबगंज जिला के राधानगर थाना क्षेत्र के निमयाटोला का रहने वाला है। नकली भारतीय मुद्रा नोट (नकली नोट) रखने और प्रसारित करने के मामले में एनआईए ने शौकत को मोस्ट वांटेड घोषित किया है। शौकत को कांड संख्या आरसी 03/ 2009 में बीते कई सालों से एनआईए खोज रही है. एनआईए ने शौकत को वांटेड घोषित कर, उसपर 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा है।

**रैकेट का किंगपिन है शौकत :** शौकत को रैकेट का किंगपिन बताया गया है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र एटीएस ने बीते 14 मई 2009 को दक्षिण मुंबई के मझगांव में स्टार सिनेमा के पास से नकली भारतीय मुद्रा नोट के साथ रवि धीरेन और नूरुद्दीन बारी को गिरफ्तार किया था। ये दोनों आरोपी उस दौरान पकड़े गए थे, जब वे पैसे का आदान-प्रदान करने की योजना बना रहे थे।

एटीएस ने उनके पास से 1000 रुपये मूल्य के 75 नकली भारतीय मुद्रा नोट भी जब्त किए थे। इन दोनों से पूछताछ के बाद चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच एटीएस द्वारा की गई थी। बाद में एनआईए ने 19 जून 2009 में जांच का जिम्मा संभाला। 6 नवंबर 2009 को दायर 1000 पन्नों की चार्जशीट में अभियोजन पक्ष ने शौकत को रैकेट का किंगपिन बताया था।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले सांसद संजय सेठ

# बहुत जल्द रांची से हावड़ा के बीच दौड़ेगी वंदे भारत, हो रही तैयारी

### मुरी, मैक्लुस्कीगंज और टाटीसिल्वे को मिलेगा ट्रेनों का ठहराव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले। श्री सेठ ने कहा कि हावड़ा वंदे भारत की सौगात बहुत जल्द रांची को मिलने वाली है। रेलवे के द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात बहुत जल्द रांची को दी जायेगी। इसकी पूरी संभावना है कि खुद प्रधानमंत्री इसे हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सांसद श्री सेठ ने इस सौगात के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को आभार जताया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद दिया है। सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से मैक्लुस्कीगंज, मुरी और टाटीसिलवे में कोरोना काल से पहले चल रहे ट्रेनों के पुनः ठहराव का भी आग्रह किया।



इस पर केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि कई ट्रेनों का ठहराव रांची लोकसभा क्षेत्र को दिया जा चुका है। शीघ्र ही अन्य ट्रेनों का भी ठहराव आरंभ कर लिया जायेगा। इसके अलावा चुटिया में ओवरब्रिज निर्माण के मामले में भी सकारात्मक पहल किये जाने का आश्वासन केंद्रीय रेल मंत्री ने दिया है।

## खबर एक नजर में

### विकास के लिए भाजपा को वोट दें : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के बैतूल जिला अंतर्गत गुदगांव में भैंसदेही भीमपुर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार महेंद्र सिंह चौहान के पक्ष में जन आशीर्वाद यात्रा को संबोधित किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री कमल पटेल एवं पार्टी के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और प्रदेश सरकार के जनहित कार्यों की बदौलत भाजपा पुनः भारी बहुमत के साथ मध्य प्रदेश में सरकार बनायेगी।

### हाइकोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग मामले में फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** देवघर एयरपोर्ट पर नाइट लेंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी, राज्य सरकार एवं प्रतिवादियों का पक्ष सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि तत्कालीन देवघर डीसी के निर्देश पर देवघर एयरपोर्ट के आसपास के जो सात ऊंचे भवन टूटने हैं उनके नफा- नुकसान की जांच पड़ताल करने के लिए नियुक्त असेसर ने अपनी रिपोर्ट दे दी है।

### महिला आरक्षण बिल ओबीसी, एससी, एसटी महिलाओं के साथ धोखा : राजेश गुप्ता



**रांची।** महिला आरक्षण बिल वर्ष 1996 से इसलिए लटकता आ रहा था, कि इस महिला आरक्षण बिल में कोटा में उप कोटा की मांग ओबीसी समर्थक नेताओं द्वारा की जाती रही थी। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अगर बिना उप कोटा के लोकसभा में यह महिला आरक्षण बिल पास हो जाता है तो ओबीसी, एससी, एसटी महिलाओं के लिए काला दिन होगा। वहीं, ओबीसी प्रधानमंत्री के लिए भी काला दिवस होगा, क्योंकि वह अपने आप को ओबीसी हितैषी कहते हैं। अब, यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस पार्टी वर्तमान आरक्षण बिल के समर्थन में है।

बॉडीगार्ड से भी मजदूरों और व्यापारियों को धमकाने का लगा है आरोप

# विरोधियों को रास्ते से हटाते चले गये धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव

### रमेश शर्मा और परमानंद बोबांग को हटाकर, मयंक को बनाया साथी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धनबाद बाजार समिति की दुकानों-गोदामों और आईबी को बेचने से पहले के बाजार समिति प्रभारी सचिव राकेश सिंह ने विरोधियों को साधा। एक-एक कर सभी को अपने रास्ते से हटा दिया। यहां तक की कैंपस के क्वार्टर में वर्षों से रह रहे रिटायर कर्मियों को भी हटा दिया गया, ताकि उनके काले कारनामों का खुलासा कोई नहीं कर सके। इसके बाद एक सुपरवाइजर मयंक सिंह के साथ मिलकर खुलकर बैटिंग करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि धनबाद बाजार समिति का प्रभारी सचिव बनने के साथ ही राकेश सिंह ने सबसे पहले रमेश शर्मा पर निशाना साधा और उउससे हाट-बाजार का प्रभार छीन लिया। साथ ही अपने पसंदीदा तत्कालीन प्रबंध निदेशक मनोज कुमार से पैरबी उसे चतरा बाजार समिति में भेज दिया। इसके बाद परमानंद बोबांग को भी धनबाद से हटकर रांची कमेटी में भेज दिया, ताकि उनके काले कारनामों को उजागर कोई नहीं कर सके।

### रिटायरकर्मी को भी कैंपस के किया बाहर

उन्होंने धनबाद बाजार समिति में रह रहे रिटायर कमी अखिलेश्वर लाल को भी कैंपस से बाहर का रास्ता दिखा दिया, ताकि दुकान आवंटन के रास्ते में वह रोड़ा नहीं बन सकें। मालूम हो कि अखिलेश्वर लाल धनबाद बाजार समिति में अच्छे कर्मचारी माने जाते थे। काफी दिनों से वह बाजार समिति धनबाद में कम कर रहे थे। इस कारण लोग उन्हें जानते थे और व्यवसायी कभी-कभी उनसे सलाह भी लेते थे। यह बात प्रभारी सचिव को अच्छा नहीं लगा और उन्हें भी रास्ते से हटा दिया। इसके बाद खुलकर बैटिंग शुरू कर दिया। इसके बाद राकेश सिंह ने 12 साल से धनबाद में जमे मयंक सिंह को अपना करीबी बनाया और उनके हाथों व्यापारियों को अपने पास बुलाना शुरू कर दिया। उसके बाद एक-एक कर दुकान बेचते गये, यहां तक की आईबी भी बेच दी।

### नशे में मजदूर और उसके पिता को भी मारा

ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में धूत प्रभारी सचिव राकेश सिंह ने एक मजदूर और उसके पिता के साथ भी मारपीट की। मारपीट मामले में राकेश सिंह के खिलाफ वर्मा अड्डा थाना में एक मजदूर ने प्राथमिक की भी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि शराब के नशे में धूत होकर उन्होंने (प्रभारी सचिव) न सिर्फ उनकी झोपड़ी को तोड़ा, बल्कि उनकी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिये और उनके पिता की भी पिटाई की। इसकी शिकायत उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड में भी की लेकिन तत्कालीन प्रबंध निदेशक मनोज कुमार के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि फाइल को भी दबा दिया गया। इससे प्रभारी सचिव का मनोबल बढ़ता गया।

### बंदूकधारी बॉडीगार्ड के साथ चलते हैं राकेश

बताया जा रहा है कि प्रभारी सचिव अपने निजी सुरक्षा गार्ड के साथ कैंपस में रहते हैं। प्रभारी सचिव ने बाजार समिति के व्यवसायियों के बीच इस कदर खौफ बना दिया है कि सभी व्यवसायी यह मानने लगे हैं कि बाजार समिति के प्रभारी सचिव जैसा सब चाहेंगे, एमडी वैसा ही करेंगे और उन्हें देखना भी लगा। तभी एक-एक कर व्यापारी उनकी ओर नतमस्तक हुए और फिर दुकान बेचने का खेल शुरू हो गया। एक-एक कर उन्होंने कमेटी के 29 दुकानों को बेच दिया। और आज उन्होंने एक साथ नियम कानून को ताक पर रखकर धनबाद बाजार समिति की 29 दुकानों को बेच दिया।

## हाइकोर्ट में एनटीपीसी ने दिया हलफनामा अतिक्रमणकारियों को भी दिया मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एनटीपीसी की तरफ से अदालत में जवाब दाखिल किया गया। जवाब में एनटीपीसी ने अतिक्रमणकारियों को मुआवजा वितरण करने की बात स्वीकार कर ली है।

हालांकि उसने इसके लिए सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के अनुमोदन से मुआवजा बांटने की बात कही है, लेकिन कितने अतिक्रमणकारियों को किस दर पर कितना मुआवजा बांटा गया, उसका कोई विवरण एनटीपीसी ने फिलहाल नहीं दिया है। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों की सूची किसने बनाई? उसका सत्यापन कैसे किया गया? उसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अब अदालत इस मामले में बुधवार को सुनवाई करेगा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। इसे लेकर मंटू सोनी ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

दरअसल, वर्ष 2016 में हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद तत्कालीन डीसी मुकेश कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी।

प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। वहीं देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली रक्ळ की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। जानकारी के मुताबिक, रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर-मजरुआ खास-आम भूमि, सार्वजनिक उपयोग की जाने वाली जमीन, श्मशान घाट, स्कूल, मैदान आदि जमीनों का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का बंदरबांट किया गया था।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 42 dated 16.09.2023 I **Dropati Devi** W/o Ganesh Verma residence of Vill- Bishanpur, Post- Gadi Bharkatta, Police Station - Birni, Dist- Giridih, Jharkhand-825324 do herby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian citizen and residing at above mentioned address.
2. That **SHIVAM KUMAR VERMA** is my son.
3. That my son's actual and correct name is **Shivam Kumar Verma** in JAC matriculation all document bearing roll no. 0162 & registration no.- 22139-29382-19 but it is wrongly written as **Shivshankar Kumar Verma** in my son's Aadhar card vide Aadhar no:- 7693 7452 7466 & Pan Card Vide Pan No: COFPV3421K.
4. That Shivam Kumar Verma and Shivshankar Kumar Verma is both name of same and one person i.e. my son.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का सदस्य बनने के बाद भाजपा की बेचैनी बढ़ी

# भाजपा बार-बार जनता के बीच भ्रम फैला रही : सुप्रियो भट्टाचार्य

### सरकार गठन से लेकर अब तक भ्रम फैलाकर आदिवासी सीएम को किया जा रहा परेशान, जनता 2024 में देगी जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम द्वारा मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को लेकर दिल्ली में पीसी पर झामुमो ने कड़ा एतराज जताया है। पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस मामले में देवाशीष गुप्ता की कमेटी ने सोरेन परिवार को क्लीन चिट दे दी, हाईकोर्ट द्वारा प्रार्थी को कड़ी फटकार और जुर्माना लगाया गया, उसके बाद भी बार-बार वही पेपर की फोटोकॉपी लेकर राज्य एवं देश स्तर पर भ्रम फैलाना उचित नहीं है। राजनीति में विचारधारा की मतांतर और लड़ाई हो सकती है, मगर उसे व्यक्तिगत रूप से लाने की शुरू हुई नयी परंपरा उचित नहीं है। जब से हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया है, तब से भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है। यही कारण है कि लगातार विभिन्न माध्यमों से भ्रम फैलाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्व दुखा भगत के द्वारा 2002 में सोरेन परिवार के खिलाफ जमीन संबंधी मामले को लाया गया था। बाद में इसी पेपर को पूर्व सीएम रघुवर दास ने सामने लाया। उन्होंने ही एसआईटी का गठन किया, इसके बाद एसआईटी ने क्लीन चिट दे दी। यहां तक कि एसआईटी की रिपोर्ट में भाजपा नेताओं का भी नाम आ गया। अब जो मामला खत्म हो गया है, उसे बार-बार लाकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

### हर मामले की जांच निष्पक्षता से कराये केंद्र सरकार

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और भाजपा का भ्रष्टाचार पर नीयत साफ है, तो वह हर मामले की जांच निष्पक्षता से कराए। गुजरात बिजली कॉरपोरेशन के द्वारा अडाणी पर गंभीर आरोप लगाए गए। मध्य प्रदेश का व्यापं घोटाला किसी से छिपी नहीं है। एनसीपी नेता अजीत पावर पर 70 हजार करोड़ के घोटोले का आरोप लगता है और फिर 72 घंटे के बाद उन्हें महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बना दिया जाता है।असम में भी यही खेल हुआ। एक घोटाले के आरोपी को सीएम बना दिया जाता है। ऐसे कई मामले हैं, जहां पर भाजपा की सरकार बनने के पूर्व गंभीर आरोप लगे हैं। केवल गैर भाजपाई सरकारों को डराने एवं धमकाने का खेल बंद होना चाहिए।

### महिला आरक्षण बिल 2010 में राज्यसभा से पारित बिल का नया फ्लेवर

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को 2010 में राज्यसभा से पारित बिल का नया फ्लेवर करार दिया। कहा कि इस बिल का फायदा जब तक नयी जातिगत गणना रिपोर्ट नहीं आएगी, तब तक नहीं मिल सकता है क्योंकि अभी भी देश में 2011 का ही आंकड़ा है। कोरोना के कारण 2021 में राष्ट्रीय जनगणना नहीं हुई, आगे सरकार कराएगी या नहीं, इसका भी अता-पता नहीं है। यह बिल एक झुनझुना की तरह ही होगा।

### कांके गोलीकांड का खुलासा

# पांच अपराधी गिरफ्तार हथियार और गोली जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के कांके ब्लॉक गेट के सामने बीते दिन हुए गोलीकांड में घायल जमीन कारोबारी अवधेश यादव मामले का रांची पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच अपराधियों को पकड़ लिया है। रांची पुलिस की टीम ने रांची और बिहार से घटना में संलिप्त अपराधी को पकड़ा है। हालांकि, अभी तक कृष्णा नायक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी चितरंजन ने जेल जाने से पूर्व पूरी घटना की योजना बनायी थी। इस मामले में रांची पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और गोली जब्त किया है। इधर, इस मामले में ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही रांची पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

**जमीन की खातिर बने एक-दूसरे के दुश्मन :** रांची पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि जमीन कारोबारी चितरंजन, कृष्णा नायक और अवधेश यादव पार्टनर के तौर पर काम कर रहे थे। तीनों पार्टनर के बीच एक जमीन को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान चितरंजन और अवधेश दोनों एक-दूसरे के दुश्मन बन गए। दोनों एक-दूसरे को रास्ते से खत्म करने का प्लान बना चुके थे। इसी बीच चितरंजन और कृष्णा नायक ने मिलकर अवधेश को मरवाने की योजना तैयार की। इसके लिए बिहार के शूटर को बुलवाया और एक-दो लोग रांची के शामिल थे। फिर योजना के तहत जमीन कारोबारी चितरंजन ने बिहार में दारू मामले में खुद को बिहार पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। फिर बिहार के शूटरों ने घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

**चितरंजन को पटना बेऊर जेल से लाया जाएगा रांची :** गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया जाएगा। इसके लिए मामले के केस आईओ ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी में आवेदन दिया है।

### रांची से सटे नौ जगहों पर मजिस्ट्रेट नियुक्त, अग्निशमन दस्ता और एंबुलेंस के साथ डॉक्टर रहेंगे मौजूद

# रेल रोको आंदोलन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुड़मी आंदोलन को लेकर रांची जिला के उपायुक्त और एसएसपी की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है। यह आदेश सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जारी किया गया है। वहीं रांची जिला से सटे नौ जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। जिन्हें प्रतिनियुक्त किया गया है, वे आज से ही निर्धारित स्थल पर मौजूद रहेंगे। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति 19 सितंबर से कुड़मियों का आंदोलन समाप्त होने तक जारी रहेगा।

**यहां प्रतिनियुक्त हैं दंडाधिकारी**

| | |
|---|---|
| सिंहपुर चौक | यूनियन बैंक के पास बड़ा मुरी |
| झारखंड मोड़ | रेलवे हॉस्पिटल के पास |
| झारखंड-बंगाल सीमा | धरना स्थल |
| बरजो पुल के पास | मुरी रेलवे स्टेशन |
| | सिल्ली थाना के सामने |



रेल रोको आंदोलन को लेकर परिचालन बाधित होने से परेशान हैं यात्री।

**भ्रमणशील होकर भी अधिकारी रखेंगे नजर :** कुड़मियों के आंदोलन स्थल के पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किए जाने के साथ ही तीन अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए शांति और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने का आदेश जारी किया गया है। जिन अधिकारियों को इसके लिए लगाया गया है वे प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली, अंचल अधिकारी सिल्ली और पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली हैं। इन्हें भ्रमणशील रहकर संपूर्ण क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

**संभावित आंदोलन स्थल को चयनीत करने का आदेश :** जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि रांची के सभी संबंधित थाना प्रभारी सूचना लेते हुए अपने-अपने क्षेत्र के वैसे स्थानों को भी चिन्हित करेंगे, जहां धरना-प्रदर्शन समर्थक एकत्रित होकर विधि-व्यवस्था प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे जगहों पर आवश्यकतानुसार पुलिस पदाधिकारी/ बल की अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति का भी आदेश दिया गया है। सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र के वैसे असामाजिक तत्वों को भी चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है, जो धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर तोड़-फोड़ कर शांति व्यवस्था भंग कर सकते हैं।

**अग्निशमन दस्ता भी रहेगा एक्टिव :** अग्निशाम पदाधिकारी, रांची को मुरी रेलवे स्टेशन, धरनास्थल, मुरी ओपी, सिल्ली थाना एवं सिल्ली रेलवे स्टेशन के पास अग्निशमन वाहन कर्मियों सहित मौजूद रहने को कहा गया है। इन जगहों पर सिविल सर्जन, रांची को चिकित्सक दल, आवश्यक उपकरण तथा जीवन रक्षक दवाओं के साथ एक-एक एंबुलेंस भी लगाने को कहा गया है।

जारी आदेश में कहा गया संबंधित थाने अपने क्षेत्र में सघन गश्ती करें। किसी तरह की जानकारी अपने वरीय प्रभारी को दें। वहीं वीडियोग्राफी, यातायात आदि को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी रांची एसडीओ और ग्रामीण एसपी को दी गयी है।

**ये ट्रेनें आज रहेंगी रद्द**

| | |
|---|---|
| ट्रेन संख्या 07052 | रक्सौल - सिकंदराबाद एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 13404 | भागलपुर - रांची एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 15028 | गोरखपुर - हटिया एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 15662 | कामाख्या - रांची एक्सप्रेस |

**ट्रेनें जिन्हें रद्द किया गया था, अब सामान्य रूप से परिचालित होंगी :-**

1. ट्रेन संख्या 12876 आनंदविहार - पुरी एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 का सामान्य परिचालन होगा।
2. ट्रेन संख्या 18615 हावड़ा - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 का सामान्य परिचालन होगा।
3. ट्रेन संख्या 18616 हटिया-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 का सामान्य परिचालन होगा।

4 ट्रेन संख्या 02831 धनबाद - भुवनेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/09/2023 का सामान्य परिचालन होगा।

5 ट्रेन संख्या 18310 जम्मू तवी - टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 18/09/2023 का सामान्य परिचालन होगा।

**जिनके मार्ग में परिवर्तन किया गया था, अब अपने निर्धारित मार्ग से चलेंगी**

1. ट्रेन संख्या 12874 आनंदविहार - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी
2. ट्रेन संख्या 12878 नई दिल्ली - रांची गरीबरथ एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी
3. ट्रेन संख्या 18623 इस्लामपुर - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी।
4. ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली-भुवनेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी।

5 ट्रेन संख्या 13352 अल्लेपुझा- धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 18/09/2023 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी।

6. ट्रेन संख्या 18310 जम्मू तवी - संबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी।

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से रांची में पेयजल समस्या से निबटने का मांगा एक्शन प्लान

### मानसून की कम बारिश से हो सकती है परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण को लेकर कोर्ट के सोता संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस वर्ष मानसून में अब तक कम वर्षा हुई है, ऐसे में रांची के लोगों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए क्या एक्शन प्लान है। वही कोर्ट ने रांची नगर निगम को शहर के जल स्त्रोतों कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के आसपास से अतिक्रमण हटाने एवं इन जल स्त्रोतों में सॉलिड एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने के संबंध में जवाब मांगा है। इससे पहले एमिकस क्यूरी इंद्रजीत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मानसून में इस साल अबतक रांची में 27 प्रतिशत कम वर्षा हुई है, इस वर्ष दिसंबर के बाद से पेयजल की समस्या रांची में होने लगेगी, ऐसे में सरकार कैसे इस समस्या से कैसे लड़ेगी इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था, अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी। रांची के जल स्त्रोतों यथा कांके डैम, धुर्वा डैम एवं गेतलसूद डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था।

# पहाड़ी मंदिर के बाद अब हिनू महावीर मंडल मंदिर पर धार्मिक न्यास बोर्ड की नजर, चुनाव नहीं होने के कारणों पर दिया जांच के आदेश

**झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ने सदस्य राकेश सिन्हा को दिया जांच करने का निर्देश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के गठन के बाद से मंदिरों के देखरेख को लेकर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। नवगठित पहाड़ी मंदिर प्रबंधन समिति का विवाद अभी थमा भी नहीं है कि एक और विवाद शुरू हो गया है। झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक ने हिनू स्थित महाबीर मंडल मंदिर संचालन समिति के चुनाव को लेकर मिली शिकायत की जांच के आदेश देकर एक नया विवाद शुरू कर दिया है। आम लोगों की शिकायत पर झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड ने जांच की जिम्मेदारी बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा को दिया है। रिपोर्ट मिलने के बाद जल्द ही हिनू स्थित महाबीर मंडल संचालन समिति का चुनाव कराया जाएगा।

**क्या है मामला :** हिनू चौक महावीर मंडल में 1978 से 2016 तक मंदिर का संचालन एवं रामनवमी पर्व मनाने के लिए लगभग 404 सदस्यों द्वारा चयनित मंदिर संचालन समिति द्वारा किया जाता रहा है। इस पूरे संचालन के लिए पांच संरक्षक होते थे, इन्हीं का कर्तव्य होता था कि वे अध्यक्ष एवं महामंत्री का चुनाव गुप्त मतदान से करवा कर करें। चुनाव के बाद चुने गए अध्यक्ष एवं महामंत्री ने अपनी कमेटी को 2016 में भंग कर मंदिर के पांचो संरक्षकों को चुनाव करवाने के लिए आवेदन दिया था ताकि पांचो संरक्षकों द्वारा नियमानुसार मंदिर समिति का चुनाव करवा सके लेकिन संरक्षकों द्वारा अस्थायी रूप से सिर्फ एक वर्ष 2016 के लिए हिनू चौक महावीर मंडल हिनू संचालन समिति का गठन किया गया।

संरक्षकों द्वारा सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया गया कि 2017 में हिनू चौक महावीर मंडल हिनू के नए समिति का चुनाव करवा दिया जाएगा। वर्ष 2017 में संरक्षकों द्वारा चुनाव नहीं कराए जाने के बाद सदस्यों द्वारा इस पर घोर विरोध किया जाने लगा। जिसके बाद उस समय तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी ने हस्तक्षेप किया गया और फिर उनके निर्देशानुसार हटिया पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में एक बैठक 29 मार्च 2017 को डोरंडा थाना के प्रांगण में हुई। इस बैठक में सभी संरक्षकों ने एक स्वर में कहा कि वर्ष 2017 में चुनाव नहीं कराया गया है, लेकिन वर्ष 2018 में चुनाव हर परिस्थितियों में कराया जाएगा। इसके बावजूद अब तक चुनाव नहीं हो पाया है। ऐसे में धार्मिक न्यास बोर्ड ने आम लोगों की शिकायत पर एक्शन लेते हुए इस मंदिर के संचालन समिति का भी चुनाव कराने की तैयारी की है।

# पहाड़ी मंदिर की पुरानी समिति पहुंची हाइकोर्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर में नयी समिति के गठन के बाद पुरानी समिति के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इसके खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने याचिका दायर कर झारखंड हिन्दू न्यास बोर्ड के द्वारा कमेटी भंग करने के आदेश को रद्द करने का आग्रह अदालत से किया है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1993 से चल रही पहाड़ी मंदिर प्रबंध समिति को अचानक भंग किया जाना न्याय संगत नहीं है। आदेश जारी करते हुए कहा है कि बोर्ड की धारा 29 का उपयोग करते हुए प्रबंध समिति को भंग कर नए प्रबंध समिति का गठन किया गया है। प्रार्थी का यह आदेश गैर संवैधानिक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि कमेटी भंग करने के पहले नोटिस नहीं दिया गया है। बिना नोटिस कमेटी भंग नहीं की जा सकती। राजनीतिक उद्देश्य से इसे भंग किया गया है। याचिका में आरोप लगाया है कि कमेटी भंग कर एक ही राजनीतिक दल के लोगों को नियुक्त किया गया है। झारखंड के कई मंदिरों में जो मंदिर के सेवक हैं, उसे हटाकर परिवार वाले लोगों को बढ़ावा दिया गया है।

# झारखंड में तेजी से दिख रहा जलवायु परिवर्तन का असर : संजय श्रीवास्तव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि झारखंड के 33 प्रतिशत से अधिक हरा-भरा होने के बाद भी यहां जलवायु परिवर्तन का असर दिखने लगा है। श्री श्रीवास्तव मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संयुक्त तत्वावधान में अंतरारष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के उत्तरी-पश्चिमी जिलों गढ़वा, लातेहार व पलामू में औसत तापमान का बढ़ना, बारिश घटना, जंगलों में आग को इसके परिणाम के तौर पर देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है।

दरअसल, जलवायु उत्तरदायी कार्यों, नीतियों और विधानों पर झारखंड में हो रहे कार्यों पर विचार साझा करने के लिए देश में भारतीय वन सेवा के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों ग्रीन हाउस प्रभाव, कृषि जीवाश्म ईंधन का प्रयोग, जंगलों की कटाई, कारखाने और अन्य प्रकार के प्रदूषण को मद्देनजर रखते हुये झारखंड में हरित हाइड्रोजन, जैव इंधन व नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। झारखंड के उद्योग विभाग ने टाटा समूह की कंपनी के साथ जमशेदपूर में हाइड्रोजन इंजन निर्माण की यूनिट स्थापित करने के लिए एमओयू किया है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान के लिए नई सौर ऊर्जा नीति लागू की गई है।

# मारपीट के मामले में पांच वकील पर प्राथमिकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पिछले कुछ समय से विवादों में रहे रांची सिविल कोर्ट के वकील नईमुद्दीन उर्फ नूरी ने कोतवाली थाना में रांची सिविल कोर्ट के पांच वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी है। अधिवक्ता नईमुद्दीन उर्फ नूरी ने अपनी प्राथमिकी में लिखा है कि 4 अगस्त को जब वह सिविल कोर्ट स्थित बार भवन पहुंचे तो अधिवक्ता पवन रंजन खत्री, अधिवक्ता कीर्ति सिंह, अधिवक्ता अमरेन्द्र ओझा, अधिवक्ता कृष्ण, शहला परवीन और तबस्सुम ने उन्हें घेर कर उनके साथ मारपीट की,साथ ही उनके बैग में रखी फाइल जो केस से संबंधित थी, वह भी छीन ली। इसके साथ ही उक्त वकीलों पर यह भी आरोप लगाया गया है कि अधिवक्ता नूरी के साथ मारपीट की गई और उनके कीमती सामान लूट लिया गया है। अधिवक्ता नूरी के आवेदन पर कोतवाली थाना ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

# हत्या के मामले में महिला समेत आठ लोगों को उम्रकैद की सजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को कर्बला चौक निवासी जैफ आलम हत्या मामले में संलिप्त एक महिला समेत आठ अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी साबिर, विक्की, इरशाद उर्फ राइडर, साजिद उर्फ माचिस, जाहिद उर्फ छोटका उर्फ परमाणु, बेबी फातिमा उर्फ निकहत परवीन, डेनिश और आसिफ को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने नहीं देने पर सभी को अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अदालत ने अभियुक्तों को हत्या के साथ जानलेवा हमला में भी 7 साल की सजा सुनाई है। इसमें से तीन अभियुक्त साबिर, जाहिद और आसिफ उर्फ माबो जेल में ही है। अन्य पांच जमानत पर थे। अभियुक्त कर्बला चौक के निकट गांजा, चरस जैसे नशीले पदार्थ बेचता था। जिसका जैफ आलम और उसके साथी ने विरोध किया करता था। इसी विरोध को लेकर अभियुक्तों ने सात दिसंबर 2018 की रात्रि में चाकू से वार कर हत्या कर दी। इसमें अफान गौहर जख्मी भी हुआ था। घटना को लेकर लोअर बाजार थाना में सभी अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी कांड संख्या 460/2018 दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने 11 गवाहों को प्रस्तुत किया था। जिसके आधार पर अदालत ने सभी को दोषी ठहराया और सजा सुनाई है।

### परिवार के ही एक सदस्य पर एडीएम राशनिंग ने दिया जांच का आदेश

# मोटरकार वाले वर्षों से खा रहे हैं गरीबों के कोटे का अनाज, अब भरना होगा फाइन

### अब 2015 से गटक रहे अनाज के देने होंगे हिसाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार के लगातार मना करने के बाद भी गरीबों के अनाज पर डाका डालने वाले मान नहीं रहे हैं। अब तो कार वाले भी बे'कार' (अंत्योदय अन्न योजना) के कोटे का अनाज खा रहे हैं। इतना ही नहीं, दुकान के मालिक और एसी में रहने वाले लोगों की भी गरीबों के निवाले पर नजर है। इसका खुलासा तब हुआ जब, परिवार के ही एक सदस्य की शिकायत पर जिला प्रशासन ने मामले की जांच की।

जांच के बाद एडीएम राशानिंग सह डीएसओ अलबर्ट बिलुंग ने दो लोगों पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। वहीं अब तक उठाए गए अनाज के बदले में उन्हें राशि जमा करने को कहा गया है। इतना ही नहीं समय पर राशि जमा नहीं करने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराने की बात कही है।

**छह दिन में जमा करें फाइन**



डीएसओ की ओर से फर्जी गरीब बनकर अनाज उठाने के दोनों आरोपियों से कहा गया है कि वह 6 दिनों के अंदर फाइन की राशि जमा करें। साथ ही अर्हता नहीं रखने के बावजूद राशन कार्ड रखने के संबंध में अपना पक्ष रखने को कहा है। कन्हैया लाल साहू को 6 दिनों के अंदर कुल 1,70,528 रुपया जुर्माना की राशि मुख्यशीर्ष 1456-सिविल पूर्ति, शीर्ष 14560080005-आर्थिक दण्ड एवं अन्य प्राप्ति में ऑनलाईन राजकोष में चलान के माध्यम से जमा कर/राशन कार्ड सरेंडर करें। इसी प्रकार मोहम्मद मेराज को भी 6 दिनों के अंदर कुल 1,55,379.00 रुपया जुर्माना की राशि मुख्य शीर्ष 1456-सिविल पूर्ति, शीर्ष 14560080005-आर्थिक दण्ड एवं अन्य प्राप्ति में ऑनलाइन राजकोष में चलान के माध्यम से जमा कर अपना राशन कार्ड सरेंडर करने को कहा है।

**केस-1** कन्हैयालाल साहू संपन्न परिवार से होने के बावजूद अन्त्योदय राशन कार्ड सं०-202003947671 बनवा रखा था। इनके खिलाफ दीपेन्द्र कुमार गुप्ता ने अपर समाहर्त्ता को लिखित सूचना दी। इसमें बताया गया है कि वे सम्पन्न व्यक्ति हैं। दो मंजिला पक्का का मकान और उनके पुत्र तपन कुमार गुप्ता की साहुकारी एवं ज्वेलरी का दुकान है। उनके पास चार पहिया वाहन भी ह। इस संबंध में डीएसओ ने कन्हैया लाल साहू को कहा है कि अहर्त्ता नहीं होने के बावजूद 8 वर्ष से सरकार द्वारा एनएफएसए/पीएमजेकेवाइ के लिए आवंटित राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा है।

**केस-2** राजधानी के मेन रोड निवासी मोहम्मद मेराज के खिलाफ शिकायत की गई कि वे संपन्न परिवार से हैं। घर में एसी भी लगा है। इसके बाद भी उनके परिवार में अन्त्योदय राशन कार्ड सं०-202004914131 है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि मेराज की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है, दो मंजिला पक्का का मकान है। मकान के नीचे एसी लगा है और स्टार टेलर का दुकान, घर में फ्रिज, कूलर, मोटरसाईकिल, वांशिग मशीन एवं टीवी है। नोटिस जारी कर कहा है कि अहर्त्ता नहीं होने के बावजूद विगत 7 वर्ष 6 माह से सरकार द्वारा NFSA/PMGKAY के लिए आवंटित राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा है।

# सीएमपीडीआइ ने गैर-कोयला गवेषण के क्षेत्र में किया प्रवेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (एक मिनी रत्न कंपनी) ने गैर-कोयला गवेषण में प्रवेश किया है। सीएमपीडीआई द्वारा झारखंड राज्य के लोहरदगा जिला में स्थित मडुआ पाट-1 बॉक्साइट ब्लॉक में बॉक्साइट की प्रारंभिक खोज (जी 3 श्रेणी) परियोजना के लिए बॉक्साइट गवेषण कर भूवैज्ञानिक रिपोर्ट, नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी), को सफलतापूर्वक सुपुर्द की है। यह परियोजना पूरी तरह से एनएमईटी,खान मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा पोषित है।

इस ब्लॉक में अनुमानित श्रेणी में 33.46 प्रतिशत एल्युमिनियम ऑक्साइड के औसत ग्रेड के साथ कुल 1.40 मिलियन टन कुल इन-सीटू बॉक्साइट संसाधन, 34.46 प्रतिशत एल्युमिनियम ऑक्साइड के औसत ग्रेड के साथ 11.67 मिलियन टन कुल इन-सीटू एल्युमिनस लेटराइट संसाधन का अनुमान लगाया गया है, जिसे राष्ट्रीय भंडार में जोड़ा गया है। उपरोक्त के अलावा ब्लॉक में 7.04 प्रतिशत टाइटेनियम डाय-ऑक्साइड के औसत ग्रेड के साथ कुल इन-सीटू टाइटेनियम डाय-ऑक्साइड युक्त अयस्क का भी अनुमान लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, सीएमपीडीआई द्वारा लोहरदगा जिले में दो अन्य बॉक्साइट गवेषण परियोजनाएं और गिरिडीह जिले में एक बेसमेटल गवेषण परियोजना क्रियान्वित की जा रही है।

सीएमपीडीआई ने अपने कार्यक्षेत्र में विविधीकरण (डाइवर्सिफिकेशन) के रूप में बॉक्साइट गवेषण कार्य को अपनाते हुए एनएमईटी को सफलतापूर्वक भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) सुपुर्द किया है।

सीएमपीडीआई देश में कोयला गवेषण में प्रमुख और स्थापित संस्था है। सीएमपीडीआई ने भारत में सभी प्रकार के भूखंडों और भूवैज्ञानिक सेट-अप में 1000 से अधिक कोयला गवेषण परियोजनाएं पूरी की है। इसके परिणामस्वरूप 152 अरब टन से अधिक का कोयला भंडार प्रमाणित श्रेणी में लाया गया है।

# राजधानी रांची में गणेश पूजा की धूम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गणेश उत्सव मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। अगले दस दिनों तक भगवान शिव के पुत्र विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना की गयी। रांची में भी गणेश पूजा पूरे धूमधाम से मनाई जा रही है। श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा के पूजा पंडाल का आज विधिवत उद्घाटन किया गया। पूजा अर्चना पुरोहित दिनेश मुखर्जी ने संपन्न कराई। इसमें यजमान के रूप में अमित गुप्ता, बिप्पू घोष, रंतु उरांव, सुशील कुमार सहपत्नी सम्मिलित हुए। पूजा विधि विधान के साथ कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए की गई।

इधर, रांची के सांसद संजय सेठ ने भी गणेश पूजा की। संजय सेठ ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने आवास में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर सपरिवार पूजन अनुष्ठान किया। इस पूजन अनुष्ठान में संजय सेठ के परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पूजन के बाद सेठ ने कहा कि भगवान गणेश का यह उत्सव 28 सितंबर तक मनाया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः और सायंकाल में मंगल आरती भी होगी। उन्होंने बताया कि विगत 10 वर्षों से विश्व कल्याण की कामना को लेकर वे अपने आवास पर गणपति महाराज का आशन और पूजन करते रहे हैं।

गणेश पूजन चिरौंदी के वन वृंदावन, मेन रोड, पिस्का मोड़, रातू रोड, कांके रोड, डोरंडा, धुर्वा, हिनू, मांडर,नामकोम, चुटिया, बरियातू, हरमू रोड, अरगोड़ा, पुंदाग, इटकी रोड, गाड़ीखाना चौक समेत कई इलाकों में स्थापित की गयी और भक्तिभाव से पूजा अर्चना की गयी।






तस्वीरें समीर की










# समाज के सभी तबकों के विकास से ही राज्य का विकास संभव : सुदेश महतो

आजसू पार्टी के मिलन समारोह में कई समाजसेवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार की गलत नीतियों की वजह से आज राज्य का युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस अव्यवस्था को बदलने और राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वर्ग के युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा। उक्त बातें हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कही। इस दौरान उमेश सिंह भोक्ता ने अपने हजारों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा। हरमू मैदान में हजारों समर्थक जुटे एवं रैली के रूप में हरमू स्थित आजसू पार्टी कार्यालय अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे। झारखण्ड के विभिन्न जिलों जैसे रांची, लातेहार, चतरा, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद से सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी के महाधिवेशन के जरिए हम राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवी,बुद्धिजीवी, प्रोफेसनल्स, व्यवसायियों, विषय विशेषज्ञों और राजनीतिक पार्टियों के लिए राज्य के हित एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर चिंतन मंथन करने एवं अपने विचारों को साझा करने के लिए खुला मंच देंगे। हम चाहते हैं कि राज्य के सभी लोग इस महाधिवेशन के माध्यम से अपने विचार, समस्या, समाधान और सुझावों पर खुल कर चर्चा करें और राज्य के सर्वांगीण विकास की सकारात्मक रणनीति बनाएं।



## इन्होंने ने ली पार्टी की सदयस्ता

रांची से रामजीत गंझू, संजय गंझू, संजय प्रधान, धनेश्वर गंझू, देवानंद भोगता, प्रकाश गंझू, भीम महतो, गणेश महतो, हर्षनाथ भोगता, मनोरंजन भोगता, सेवाराम भोगता, संदीप गंझू, चंचला भोगता, संदीप भोगता, संतोष बेदिया, मोहित बेदिया, उमेश भोगता, रामगढ़ से चंद्रमणि देवी, लखन भोगता, उदय तुरी, बिनोद भोगता, अमित भोगता, उमेश गंझू, लोकनाथ गंझू, रामकुमार गंझू, संजय गंझू, प्रीतम गंझू, रवि भुइयां, कमलेश गंझू, पूरण गंझू, मंजीत सिंह भोगता, रंजीत सिंह भोगता, लातेहार से सत्यनारायण गंझू, प्रकाश गंझू, अमृत गंझू, संजय गंझू, चंद्रदेव गंझू, फूलचंद गंझू, समृत गंझू, अमृत खरवार, सोमनाथ गंझू, जगमोहन गंझू, जागेश्वर गंझू, दीपू गंझू, बबलू गंझू, संजय गंझू, रविन्द्र यादव, बीरेंद्र यादव, प्रमोद गंझू, सिमडेगा से संकर सिंह, कमला देवी, दिनेश प्रधान, खूंटी जिला से शूकर प्रधान,धीरज प्रधान,हजारीबाग से बलदेव गंझू, जागेश्वर गंझू, विशाल गंझू, संदीप गंझू, जिला गुमला से मंगल सिंह भोगता, भरत प्रधान, हीरा प्रधान, जीतू प्रधान, बोकारो से भोला भोगता, संजीत भोगता, सोहन भोगता, चतरा से धनेश्वर गंझू, जुगेश्वर सिंह भोगता, छोटू सिंह भोगता।

## कृष्ण नगर कॉलोनी में गणेश पूजा का आयोजन

**रांची।** नेहरू बाल युवक संघ गणेश पूजा समिति कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया गया। पंडित पुरुषोत्तम दास गोस्वामी एवं पंडित राधेश्याम गोस्वामी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा की गई। इसके पूर्व पूजापंडाल का उदघाटन रांची के विधायक सीपी सिंह ने किया। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यनारायण सिंह, रमेश सिंह, नंदकिशोर अरोड़ा, हरविंदर सिंह बेदी, भीम प्रभाकर, अशोक यादव, राज श्रीवास्तव, रविंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा, बसंत दास, सूर्य प्रभात, अरुण जसूजा मौजूद थे।

## श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड में भोग वितरित

**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा के भव्य पूजा पंडाल में सुबह 9 बजे एवं संध्या 7 बजे आरती की गई। दोपहर 1 बजे से भक्तों के बीच भोग का वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के संरक्षक टापू घोष,शंभू गुप्ता, रोहित शारदा, रंतु उरांव, नवीन मल्होत्रा, अमित गुप्ता, विकास गुप्ता, नम्रता सोनी, कुमुद पांडे, रेखा देवी आदि की उल्लेखनीय योगदान रहा।

## श्री विश्वकर्मा धाम सेवा समिति का विश्वकर्मा पूजा पर कार्यक्रम

**रांची।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर श्री विश्वकर्मा धाम सेवा समिति की ओर से रातु रोड सुखदेवनगर थाना के निकट विश्वकर्मा नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किए जाने पर खुशियां मनाकर उनके प्रति आभार जताया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डिप्टी मेयर संजीव वर्गीय, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक दीपक राणा, वार्ड नंबर 28 के राहुल चौधरी, भरत काशी, प्रवीण, संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा आदि मौजुद थे।

## खबर एक नजर में

### मेकॉन ने ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय की बालिकाओं के साथ हिंदी पखवाड़ा मनाया



**रांची।** मेकॉन लिमिटेड, रांची द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 से 29 सितम्बर, 2023 की अवधि में 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान मेकॉन द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मेकॉन द्वारा मंगलवार को ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय, बरियातु, रांची में हिन्दी प्रतियोगिता और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में विद्यालय की दिव्यांग बालिकाओं ने कविता पाठ किया तथा भारत और वैश्विक स्तर पर हिन्दी की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं के लिए हिन्दी से संबन्धित प्रश्नों पर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सभी के द्वारा बढ़-चढ़कर कर प्रतिभागिता की गई। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को सहभागिता हेतु स्मृति भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मेकॉन लिमिटेड, रांची से उप प्रबंधक टुनटुन झा, राजभाषा टीम के सदस्य तथा ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय की समन्वयक सुश्री निलू वर्मा, शिक्षकगण तथा छात्राएँ उपस्थित रहे।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने मनाया 89वां स्थापना दिवस



**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने महत्वपूर्ण 89 वें स्थापना दिवस को रांची के होटल एवीएन ग्रैंड में एक भव्य समारोह के साथ मनाया, जिसमें रांची की विभिन्न शाखाओं के मूल्यवान ग्राहकों के साथ सुश्री शिखा चौधरी (जोनल मैनेजर रांची जोन), रोहित रमन डिप्टी (जोनल मैनेजर रांची जोन) और पूरे बैंक कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। 89 वां स्थापना दिवस खुदरा और एमएसएमई में नए ग्राहकों को मंजूरी प्रदान करके मनाया गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रांची ने उल्लेखनीय संख्या में 89 ऋण मंजूरी और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बनाई हैं। जोनल मैनेजर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र रांची जोन सुश्री शिखा चौधरी ने सम्मानित सभा को संबोधित करते हुए बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं पर प्रकाश डाला और ग्राहकों को बैंक को उनके निरंतर समर्थन और संरक्षण के लिए धन्यवाद दिया और अपील की और बैंक ऑफ महाराष्ट्र को झारखंड में नई ऊंचाइयों को छूने में मदद की। उन्होंने कहा कि बैंक की वर्तमान में 26 शाखाएं हैं और आने वाले समय में 10 और शाखाएँ झारखंड राज्य के सभी हिस्सों को कवर करने वाली हैं।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने राजभवन जाकर माननीय राज्यपाल, राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सह सरला बिरला विश्वविद्यालय के विजिटर श्री सी. पी. राधाकृष्णन जी से मुलाकात कर आगामी 23 सितंबर को होने वाली सरला बिरला विश्वविद्यालय के छठवीं स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर पाठक ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभी अकादमिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों सहित विश्वविद्यालय में हो रहे निरन्तर प्रगति की भी चर्चा की।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के लिए गौरव का क्षण




**रांची।** एसटीईएम में अनुसंधान और आविष्कार के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कुमार दिव्यांशु राज और विनायक कुमार को आमंत्रित किया गया है। आईआरआईएस ने मेंटरिंग कैंप की अवधारणा प्रस्तुत की थी, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के दोनों विद्यार्थियों ने सीबीएसई राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये छात्र प्रोजेक्ट जमा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विद्यालय के प्रशासनिक एवं कार्मिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने टीम को उनकी गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने टीम को बधाई दी और मेंटरिंग कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020, इनोवेशन और योग्यता-आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करती है और हमारा स्कूल छात्रों को स्टीमी (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला, गणित, इनोवेशन और उद्यमिता) के क्षेत्र में प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीएमपीडीआइ के रबींद्र भवन में दो दिवसीय इंद्रधनुष मेला 22 से

**रांची।** वोमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), सीएमपीडीआई शाखा के तत्वावधान में संस्थान के रबीन्द्र भवन में 22 एवं 23 सितम्बर को दो-दिवसीय इंद्रधनुष मेला-सह-बिक्री मेला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि कस्तूरी महिला सभा, सीएमपीडीआई की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता इस मेले का उद्घाटन 22 सितम्बर को दिन के 12 बजे करेंगी। इस मौके पर सीएमपीडीआई के सीएमडी एवं निदेशकगण उपस्थित रहेंगे। मेला पूर्वा? 10.30 बजे से रात्रि के 8 बजे तक चलेगा।

इस मेले में फैशनेबल (आधुनिक)गारमेंट्स उत्कृष्ट आभूषण, मेडिकल कैम्प, वित्तीय सलाहकार, घर में रखने वाले प्लांट्स व लगाए जाने वाले पौधे तथा स्वादिष्ट खाना के अलग-अलग स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा इस मेले में लगभग 75 स्टॉल बनाए जा रहे हैं। मेले में रांची जिला के आसपास के ग्रामीण इलाकों की खासकर महिलाओं द्वारा जूट, शिल्प, फ्रेम, स्मृति चि?, लकड़ी का शिल्प, बांस शिल्प, हैंड बैग एवं टेरा कोटा शिल्प की वस्तु/सामान बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। इस प्रदर्शनी, हस्तशिल्प मेला का उद्देश्य है कि प्लास्टिक से निर्मित सामान/वस्तु को लोगों द्वारा कम से कम उपयोग किया जाए और उसके स्थान पर प्राकृतिक, नैसर्गिक एवं पर्यावरण हितैषी चीजों जैसे मिप्ती, जूट एवं बांस आदि से बनी चीजों के इस्तेमाल को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बरन आसपास के ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार हेतु सशक्त मंच साबित होगा।

## सीसीएल में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** हिंदी भाषी एवं हिन्दीत्तर भाषी अधिकारीयों तथा कर्मचारियों के लिए लघु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन सीसीएल मुख्यालय में मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रारम्भ में निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र ने राजभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (राजभाषा) संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन विभाग) श्री संजय एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस लघु निबंध प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में सीसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

ज्ञात हो कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा कोयला मंत्रालय के निदेर्शानुसार सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व में राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 14 सितम्बर, 2023 से 29 सितम्बर, 2023 तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें हिन्दी भाषी तथा हिंदीत्तर भाषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए लघु निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता, राजभाषा ज्ञान-सह-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता, एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला प्रमुख हैं। पखवाड़ा का समापन 29 सितंबर को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर होगा।

## सीसीएल बेस्ट डिस्प्ले के लिए पुरस्कृत



**रांची।** दूसरे डेस्टिनेशन मेगा एग्जीविशन में सीसीएल के स्टॉल को बेस्ट डिस्पले अवार्ड से सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान यह पुरस्कार विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) आलोक कुमार ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के हाथों ग्रहण किया। गोवा में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में देश के विभिन्न सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों ने भाग लिया था। जिसमें कम्पनी द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन के सम्मुख प्रस्तुत करना था। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री श्रीपद नायक, राज्यसभा सांसद सदानंद तनवड़े तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य विजय तेंदुलकर ने किया था। प्रदर्शनी में गोवा के आम जनों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों ने काफी रुचि लिया। ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा कम्पनी की खनन गतिविधियों, सीएसआर योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण प्रयासों तथा सुरक्षा गतिविधियों को प्रमुखता से प्रर्दशित किया गया था।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय,रांची 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मना रहा है। हिंदी पखवाड़ा के हिस्से के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपने कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों (गृहिणियों और बच्चों) के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, 18 सितंबर को सामान्य ज्ञान हिंदी के साथ राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और 19 सितंबर मंगलवार को कर्मचारियों द्वारा हिंदी प्रस्तुति आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों ने अपने संबंधित विभाग के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी। हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समापन 29 सितम्बर को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

## एचइसी कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** एचईसी के जीर्णोद्धार के लिए मंगलवार को कारखाने के कर्मचारियों का एक संगठन दिल्ली रवाना हो गया। दिल्ली जाने से पहले कर्मचारियों ने कहा कि वे जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर भारत सरकार के कानों तक कर्मचारियों की मजबूरियों को पहुंचाएंगे। उसके बाद एचईसी के मजदूर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय का भी घेराव करेंगे। मालूम हो कि एचईसी कर्मचारियों को पिछले 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। जिस वजह से कर्मचारी अब सरकार से आस लगाए हुए हैं कि शायद सरकार का कोई मुलाजिम उनकी बातों को सुने और उनकी समस्याओं का समाधान कर सके।

कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए एचईसी के मजदूर नेता भवन सिंह ने कहा कि एचईसी की हालात को देखने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि अधिकारी अब विवश हो गए हैं। इसलिए भारत सरकार के मंत्री और नेता ही एचईसी के कर्मचारियों का बेड़ा पार लगा सकते हैं। इसी उम्मीद के साथ एचईसी के सभी मजदूर एक जुट होकर दिल्ली रवाना हो रहे हैं।

### प्रतिनिधिमंडल भारी उद्योग मंत्री से करेगा मुलाकात

दिल्ली जाने से पूर्व कर्मचारियों ने कहा कि जंतर मंतर पर धरना देने के बाद कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल देश के भारी उद्योग मंत्री महेंद्र पांडे से भी मुलाकात करेंगा। उन्हें भी एचईसी में काम करने वाले कर्मचारियों की समस्या से अवगत कराया जाएगा।

### पीएम मोदी से उम्मीद

दिल्ली जा रहे कर्मचारियों ने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एचईसी के कर्मचारियों का बेड़ा पार कर सकते हैं। क्योंकि अधिकारियों और अन्य नेताओं ने एचईसी के जीर्णोद्धार के नाम पर पहले ही हाथ खड़ा कर लिया है। दिल्ली जाने से पहले एचईसी के कर्मचारियों ने कहा कि जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करने के बाद सभी कर्मचारी रांची स्थित भाजपा कार्यालय कभी घेराव करेंगे। दिल्ली में प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों का समर्थन देने के लिए रांची के एचईसी मुख्यालय के सामने भी कर्मचारी 21 सितंबर को धरना देंगे ताकि रांची से लेकर दिल्ली तक कर्मचारियों की आवाज मजबूत हो सके।

स्पीड न्यूज

### होटल में घुसा ट्रक बाल-बाल बचे लोग

**सोनाहातू।** थाना इलाके के जाड़ेया मोड़ स्थित सेवा संगम होटल का दीवार तोड़ कर होटल में घुस गया। घटना मंगलवार सुबह 7 बजे की है। जमशेदपुर की ओर जा रही ट्रक जेएच 02 एपी 6021 तेज रफ्तार से ट्रक अनियंत्रित होकर सेवा संगम होटल का दिवाल को तोड़ते हुए अंदर जा घुसा। घटना से होटल का हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना में ड्राइवर को भी चोट लगी है। सुबह का समय होने का कारण होटलकर्मी अंदर ही थे, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। होटल मालिक गौरहरी महतो ने बताया कि सुबह सुबह जमशेदपुर से आ रहा एक ट्रक चौक में पहुंचते ही अचानक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित होकर होटल की दीवार तोड़कर अंदर जा घुसा। होटल में घुसते ही अफरा-तफरी मच गई। होटल के सदस्यों ने किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाई।

### रातू में करम पूर्व संध्या समारोह आज

**रातू।** छोटानागपुर राज हाई स्कूल मैदान में बुधवार को करम पूर्व संध्या मनाया जायेगा। आदिवासी छात्र संघ की ओर से आयोजित समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने मंगलवार की शाम को दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में दर्जनों खोड़हा टीमें पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगी। यहां घंटो करम गीत.नृत्य का दौर चलेगा। खोड़हेधारी पुरस्कृत किये जायेंगे। वहीं अतिथियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

### कमलेश कुमार अध्यक्ष व दीपक साहू बने सचिव

**ओरमांझी।** दुर्गा मंदिर परिषर आंदनी में दुर्गा पूजा समिति आनंदी की एक महत्पूर्ण बैठक हुई। रवि कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा का सफल आयोजन के लिए एक कमिटि का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कमलेश कुमार को अध्यक्ष व दीपक कुमार साहू को सचिव बनाया गया। इसके अलावे जमुना कुमार साहू उपाध्यक्ष, योगेंद्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष, दुर्गाचरण महतो उपसचिव व सुजीत कुमार साहू उपकोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं दिलीप कुमार साहू को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा चुने गए सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ठाकुरगांव में चला वाहन चेकिंग अभियान

**ठाकुरगांव।** वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर ठाकुरगांव पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने उरुगुटूए इटहे मोड़एबरौदी में दोपहिया वाहनों के कागजातों समेत हेलमेट का जांच किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि बिना वैद्य कागजातों के गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुअनि संतोष राणा, जुगनू महथा, हेमंत कुमार, बसंत मुंडा समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### मैक्लुस्कीगंज में चला वाहन चेकिंग अभियान

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह के निर्देश पर मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ पर मैक्लुस्कीगंज फॉरेस्ट ऑफिस के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें वाहनों की डिक्की कागजात हेलमेट आदि की जांच की गई। वहीं बगैर हेलमेट बाइक चला रहे नाबालिगों के अभिभावकों को बुलाकर समझाया गया, इसके बाद उन्हें छोड़ा गया।

### दुलमी में वाचनालय भवन का उद्घाटन

**राहे।** प्रखंड के लोवाहातू पंचायत के दुलमी गांव में विधायक निधि से नवनिर्मित वाचनालय भवन का उद्घाटन किया गया। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, गदाधर महतो, वीरेंद्र महतो, पंचायत समिति सदस्य निधि देवी, राजकिशोर मेहता, जितमोहन मेहता, वार्ड सदस्य लखिमनी देवी, पुरानी देवी, अंगद मेहता, सुरेंद्र नाथ मेहता, गुहिराम मेहता आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश पूजा की धूम, पंडालों का किया गया उद्घाटन

# गणेश उत्सव : पट खुलते ही पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### कलश स्थापना के साथ गणपति बप्पा की पूजा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में बेड़ो के महावीर चौक थाना परिसर में आयोजित पांच दिवसीय गणपति बप्पा महोत्सव के पहले दिन मंगलवार को भगवान गणपति बप्पा की वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत रूप से आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धा पूर्वक किया भगवान गणेश की आराधना और पूजा अर्चना। वही पूजा पंडाल का उद्घाटन विधिवत रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमारए अंचल अधिकारी सुमंत तिर्कीए शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंहए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगतए धनंजय कुमार राय मुखिया सुशांति भगत जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी पंचायत समिति सदस्य राखी भगत थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम समेत समाजसेवी विश्वनाथ गोप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। पूजा पंडाल के उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य निर्मित पंडाल का पट खोल दिया गया। जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा का दर्शन किया। वहीं मंगलवार की रात्रि 8.00 बजे से विद्युत चालित झांकी में भगवान श्री गणेश के एक दन्त बनने की कहानी प्रदर्शित की गयी। गणेश पूजा का यह आकर्षण का केंद्र बन गया।



बेड़ो में शुरू हुए गणेश महोत्सव में गणपति बप्पा का दर्शन करते भक्तगण।

#### गणेश पूजा को सफल बनाने में किया सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के शिवेंद्र सौरभ अंकित सोनी अविनाश कश्यप लकी कुमार अमन कुमार गुप्ता अजय कुमार साहु अभिनव गुप्ता अमित नायक सचिन कुमारए प्रेम कुमार उत्तम सोनी प्रीतम कुमार आशीष सोनीए राकेश साहु परमेश्वर प्रजापति अकाश रक्षितए सुशांत कुमार रॉय समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### पूजा पंडाल में मोबाइल गेम के प्रति किया गया जागरूक

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में भगवान श्रीगणेष की प्रतिमा स्थापति कर धूमधाम से पूजा किया गया। वहीं शंकर घाट में गणपति पूजा समिति द्वारा पूजा पंडाल में भगवान श्रीगणेश जी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। वहीं समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पूजा पंडाल में प्रसाद के साथ पत्र वितरण कर मोबाइल गेम के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से मोबाईल गेम से युवाओं में फैल रहे मनोवैज्ञानिक, हिंसा व आत्महत्या जैसे कई दुष्य प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया है। जागरूकता अभियान चलाने वाले में शामिल राहुल कुमार, प्रितम कुमार, षिवम कुमार, द्वारिका रजक, सनोज कुमार, चंदन कुमार, सुमित कुमार, सचिन राना, तुलसी कुमार व जीतेंद्र कुमार ने बताया कि सेवानिवृत आंखो से दिव्यांग षिक्षक महेंद्र प्रसाद की प्रेरणा से वे सभी जागरूकता अभियान चला रहे है। वहीं के गणपति पूजा के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर तमिटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगाविंद उर्फ लालू साहू सहित क्षेत्र कई लोगों ने समिति व युवाओं की सरहाना की गई है। इसके अलावे नवयुवक संघ गणपति पूजा समिति ओरमांझी सहित विभिन्न पूजा पंडालों की विद्युत सज्जा की गई है।

## डकरा में गणपति बप्पा के आशीर्वाद के लिए उमड़े लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** डकरा गायत्री मंदिर स्थित पांच दिवसीय भगवान गणेश का पूजा महोत्सव का आगाज गणपति का पट खोल कर किया गयं। मंगलवार की दोपहर पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए गणपति की प्रतिमा का दर्शन के लिए पट खोल दिया गया। इसके बाद दर्शन करने वालों का दिन भर तांता लगा रहा। मुख्य अतिथि बतौर एनके महाप्रबंधक संजय कुमार श्रमिक नेता ललन सिंह ने फीता काट कर सयुंक्त रूप से पंडाल का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि भगवान गणेश हिन्दुओं के आदि आराध्य देव है। हिन्दू धर्म में गणेश को एक विशिष्टि स्थान प्राप्त है। कोई भी धार्मिक उत्सव हो यज्ञ पूजन इत्यादि सत्कर्म हो या फिर विवाहोत्सव हो निर्विध्न कार्य सम्पन्न हो शुभ के रूप में गणेश की पूजा सबसे पहले की जाती है। वही श्रमिक नेता ललन प्रसाद सिंह ने कहा कि गणेश महोत्सव हमे एक जुट होने का संदेश देती है। डकरा कोयलांचल में गणेश पूजा की शुरूआत करने वाले रंजीत सिंह और उनके कमिटी के युवा सदस्य बधाई के पात्र हैं। जिनकी अथक प्रयास से 20 साल में यह पूजा भव्य रूप ले लिया है। उन्होंने कहा हिन्दू धर्म मे कोई भी कार्य गणेश पूजन से प्रारंभ होती है। गणेश महोत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कुशल मंगल की कामना किया। पूजा समिति की ओर से पंडाल के भीतर आठ फीट के बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर आस पास आकर्षक विद्युत सज्जा किया गया है। मौके पर रंजीत सिंह शशि सिंह रंजन सिंहए संतोष मेहता इंदिरा देवी तुरीए अंशु सिंहए गोल्डन यादव सुनील सिंह सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

## ग्रामीण एसपी ने किया मुरी स्टेशन का निरीक्षण

### रेल रोको आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी रेलवे स्टेशन परिसर में 20 सितंबर बुधवार को कुड़मी/कुरमी को जनजाति सूची में शामिल करने व कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने को लेकर रेलवे स्टेशन पर अनिश्चितकालीन रेल रोको कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने मुरी स्टेशन परिसर एवं रेलवे द्वारा लगाए गए ब्रैकेटिंग का निरीक्षण किया। साथ ही प्रभारी को कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रेल रोको आंदोलन के समर्थकों से निपटने के लिए किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतें। वहीं जीआरपी प्रभारी जमादार मुंडा आरपीएफ प्रभारी रुपेश कुमार से रेलवे की स्पेशल फोर्स के संबंध में जानकारियां ली। कुरमी आंदोलन से निपटने के लिए रेलवे ने लगभग 500 से अधिक स्पेशल फोर्स तैनात किया गया है। वहीं जिला पुलिस के भी अतिरिक्त सुरक्षा बल मंगाई गई है। ग्रामीण एसपी ने सिल्ली थाना में थाना प्रभारी से बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये एवं जिला से आए पुलिस बल के संबंध में जानकारी ली। मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी विपुल कुमार ओझा समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



मुरी में स्टेशन का निरीक्षण कर निर्देश देते ग्रामीण एसपी।

### कथा वाचक पुजारी के निधन पर शोक

**राहे।** प्रखंड के पुरानानगर गांव के 35 वर्षीय पुजारी पंडित सदानंद मिश्रा का आकस्मिक निधन मंगलवार सुबह को हो गया। वे क्षेत्र में रामायण कथा वाचक के रूप में प्रसिद्ध थे। मृदुभाषी, मिलनसार पंडित सदानंद मिश्रा काफी लोकप्रिय थे। परिजनों के अनुसार चार-पांच दिन पूर्व में तेज बुखार से पीड़ित थे। स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया, लेकिन बुखार में सुधार नहीं हुआ था। सोमवार को अचानक स्थिति बिगड़ गयी तो गुरुनानक अस्पताल रांची में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। सोमवार रात में उनका निधन हो गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि डेंगू या मलेरिया से निधन हुआ है।

## रातू चट्टी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में गणेश चतुर्थी पूजनोत्सव की धूम मची है। चारों ओर चहल-पहल है। भक्ति गीत-संगीत से माहौल गुंज रहा है। राजकिला मैदान स्थित चट्टी में गोल्ड स्टार क्लब गणेश पूजा समिति की ओर से भव्य पंडाल बना मूर्ति स्थापित की गयी है। इसका उद्घाटन राजकुमारी माधुरी मंजरी ने किया। उन्होंने दर्शन-पूजन कर देश में शांति और समृद्धि की कामना की। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। महा आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। 23 सितंबर की शाम महाराजा तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। पूजा अनुष्ठान मुकेश पाठक करा रहे हैं।



#### निभा रहे हैं भूमिका

किला प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र, प्रिंस कुमार तिवारी, अमर कुमार साहू, नितेश कुमार ठाकुर, गोपाल लोहरा, अंकित गोप, बिट्टू कुमार, राजकुमार, अप्पू ठाकुर, अनिल ठाकुर, सोनू साहू, रोहित कुमार, संतोष सूत्रधार, गोपाल ठाकुर, राजू तिग्गा, राजेश भगत, रवि कुमार साहू, हर्ष कुमार तिवारी, अंशु कुमार व कुमार विशाल आदि।

### मणिपुर हिंसा के खिलाफ लोवाडीह में सेमिनार

**नामकुम।** मणिपुर हिंसा के खिलाफ लोवाडीह स्थित निर्मला विद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे अपने संबोधन में विधायक श्री, कच्छप ने कहा कि डीलिस्टिंग हुआ तो झारखण्ड के अधिकतर विधान सभा की आरक्षण की सीट खत्म हो जाएगी और विधानसभा की सीटें कम हो जाएगी। उन्होंने कहा मणिपुर में शांति कायम होना चाहिए, हिंसा बंद होनी चाहिए। विधायक ने सरना और ईसाई को एक होने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी मौजूद थे।

## ट्रक ने तीन युवकों को रौंदा, घायल, रिंग रोड जाम

### मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झिरी रिंग रोड स्थित कचरा डंप के समीप मंगलवार की शाम सात बजे शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का विसर्जन कर आनंदनगर लौट रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार अज्ञात 407 ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे तीन युवक घायल हो गये। उन्हें तिलता चौक के हेल्थ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इसमें विनय शर्मा की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है। उमेश शर्मा को खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वहीं इलाज के बाद एक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड को आधे घंटे तक जाम कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस गश्ती दल, पीसीआर-29 और हाइवे की टीम ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद रात आठ बजे सड़क जाम हटा लिया गया। इस बीच राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

#### अनगड़ा : सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**अनगड़ा।** मंगलवार को दो अलग अलग सड़क हादसा में एक की मौत हो गयी जबकि चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए । शाम में अनगड़ा हुन्डरू फॉल सडक पर महेशपुर गांव के निकट एक स्कूटी चालक युवक तेजी से एक घर को धक्का मार दिया जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि स्कूटी में उसके साथ बैठा युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया । मृतक युवक का नाम आदितीय डेविड समद ;20 वर्ष द्व तथा घायल युवक का नाम नीलेश लकड़ा बताया गया है । दोनो जलडेगा थाना क्षेत्र अर्न्तगत हरापानी सिमडेगा के रहने वाले थे। बताया गया कि दोनो कोकर रांची में रहकर गोशनर कॉलेज में पढ़ाई करते थे। दोनो गेतलसूद से वापस रांची की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी की रफ्तार इतनी तेज थी कि स्कूटी उड़ कर छप्पर में चढ गया था । दूसरी घटना दोपहर में रांची पुरुलिया सड़क पर बेड़वारी गांव के पास घटी जिसमें दो बाईक सवार आपस में टकरा गए जिससे बहेया गांव निवासी शंकर महतो राहूल करमाली तथा अजय करमाली गम्भीर रूप से जख्मी हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने रिम्स मे भर्ती कराया है।

### एक नजर में

### भारत भ्रमण पर निकले युवक गुलशन शर्मा का उरुगुटू में स्वागत



**ठाकुरगांव।** मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित गंजवासौद से भारत भ्रमण पर पैदल निकले युवक गुलशन शर्मा का मंगलवार को उरुगुटू पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। युवक गुलशन ने बताया कि विगत एक जनवरी 2022 को मैहर, उड़ीसा, झारखंड, नेपाल, त्रिपुरा, मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल के 21 शक्तिपीठों का पैदल दर्शन करने का कार्यक्रम है। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के अंत तक सभी शक्तिपीठों का दर्शन करने का लक्ष्य है। श्रद्धालु युवक के इस त्याग की लोगों ने खूब सराहना की। मौके पर परिबा साहु, कृष्ण कांत गिरि, मनोज महतो, जनार्दन साहु, रामकुमार ठाकुर, दीपक महतो, प्रवेश पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

### सारजमडीह में 1000 औषधीय पौधों का वितरण



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के आयुष ग्राम सारजमडीह में मंगलवार को आयुष विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर औषधीय पौधे लगाये गये। डॉ रूपा रानी और सारजमडीह पंचायत मुखिया धनसिंह मुंडा के नेतृत्व में एक हजार औषधीय पौधा लगाये गये। पौधे लगाकर लोगों को जागरूक किया। डॉ रूपा रानी ने कहा कि औषधीय पौधों से हमें आक्सीजन के साथ कई प्रकार की औषधी मिलती है। ये पौधे जीवनदायिनी हैं।

### खलारी : रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के स्थापना दिवस को लेकर डकरा भूतनगर में बैठक हुई। अध्यक्षता इस्माइल अंसारी व संचालन रंथू उरांव ने किया। बैठक में एरिया अध्यक्ष बिगन भोगता ने कहा कि आरवीएम पूरे सीसीएल क्षेत्र में रैयत विस्थापित और प्रभावित के लिए जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ती आ रही है। अगामी 21 सितंबर को स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

## बोड़ेया चौक पर निर्माणाधीन अपार्टमेंट का पानी सड़क पर बहाने से रोका गया

### जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और अपार्टमेंट मालिक में वार्ता के बाद निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** बोड़ेया पंचायत के मुखिया सह जिला रांची मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव के नेतृत्व में बोड़ेया चौक के पास बन रहे नये अपार्टमेंट द्वारा सड़क पर पानी बहाया जा रहा था। इससे बोड़ेया एवं अरसंडे के ग्रामीणों के साथ-साथ आने जाने वालों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों को दी गई तथा अपार्टमेंट मालिक से भी कहा गया, परंतु वह नहीं मान रहे थे। मंगलवार को ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ऑन द स्पॉट जाकर पानी को बंद कराया गया। साथ ही साथ बन रहे अपार्टमेंट के कार्य को भी बंद कराया। अपार्टमेंट के मालिक को बुलाने पर बाध्य किया गया। बैठक में सभी के साथ अपार्टमेंट मालिक गया सिंह के साथ वार्ता हुई। वार्ता में अपार्टमेंट मालिक द्वारा गलती मान ली गई एवं जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को आश्वत किए कि आज के बाद से एक बूंद भी पानी सड़क पर नहीं बहाउंगा।

#### वार्ता में ये लोग थे शामिल

बैठक में जिप सदस्य किरण देवी, पूर्व मुखिया अर्जुन पहान, पंसस लालचंद सोनी, पसस अमर तिर्की, वार्ड सदस्य गुड्डू, उप मुखिया संतु कुमार महतो, मदन मोहन मंदिर समिति के अध्यक्ष सुधांशु नारायण तिवारी, आजसू नेता वीरेंद्र तिवारी, समाजसेवी गोविंद नारायण तिवारी, हरिवंश साहू, रोशन टोप्पो, विश्वकर्मा पहान, डॉ प्रकाश उरांव, हरिशंकर महतो, प्रदीप महतो, अनिल यादव, संजय साहू, आजम अंसारी राजू रजक मिथुन केसरी प्रकाश साहू, पप्पू साहू, मोनू तिवारी, मनोज नारायण तिवारी, दिनेश साहू, राजेश साहू, निखिल तिवारी, अंजन तिवारी उपस्थित थे।

## फायरिंग का आरोप : जसलोक हॉस्पिटल के संचालक पर केस

### ●लाइसेंसी रिवाल्वर जब्त, दो खोखा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** जसलोक और ट्यूलिप हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ जितेंद्र कुमार सिन्हा के खिलाफ थाने में अवर निरीक्षक चमरा मिंज के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। श्री सिन्हा पर सोमवार की रात नशे की हालत में लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग किये जाने का आरोप है। हालांकि, इससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मेडिकल जांच में नशे की पुष्टि हो गयी है। पुलिस ने 100 डायल से मिली सूचना पर घटनास्थल से 0.32 एमएम के दो खोखे बरामद किये हैं। हथियार को भी जब्त कर लिया गया है।

#### जानें क्या है मामला

सिमलिया मुंडा मसना के समीप ट्यूलिप हॉस्पिटल है। रिंग रोड किनारे अवस्थित हॉस्पिटल के आगे कई ट्रक खड़ी थी। डॉ सिन्हा रात के करीब 10 बजे कार से हॉस्पिटल आ रहे थे। ट्रकों को खड़ा देख वह आग बबूला हो गये। गाड़ी में सोये चालकों को उठाया। गाली-गलौज और मारने-पीटने की धमकी दी। उन्हें संगठित होता देख वे घबरा गये। इतने में उन्होंने कमर से लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल कर फायरिंग शुरू कर दी।



नामकुम थाना पुलिस की गिरफ्त में दोनों चोर।

## नामकुम : वेयरहाउस से चोरी गये 18 मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

### कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सरवल रिंगरोड स्थित लोड शेयर नेटवर्क प्रालि के वेयरहाउस के हब से चोरी किए गए अठारह मोबाईल को नामकुम पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने चोरी की घटना में संलिप्त दो वेयरहाउस कर्मचारियों को भी गिरफतार कर जेल भेज दिया है। मामले में थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि वेयरहाउस के इंचार्ज सुभांकर ठाकुर के द्वारा सूचना दी गयी थी कि तीन,चार महिने से लोड शेयर वेयर हाउस, मन्नु वेयर हाउस सरवल के हब में चोरी की घटना हो रही है, जिसमें लगभग सवा सात लाख रुपए मूल्य के 28 मोबाईल, एक लैपटॉप और एयर पॉड की चोरी कर ली गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही मामला दर्ज कर एसएसपी के निदेर्श पर ग्रामीण एसपी द्वारा एएसपी मुख्यालय वन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा मांडू के रहनेवाले प्राथमिकी अभियुक्त विकाश कुमार महतो उर्फ जुगु 22 वर्ष, और तुपुदाना के बालसिरिंग के रहनेवाले संतोष कुमार उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में थानेदार सुनील कुमार तिवारी,एसआई बोअस मुंडू,धीरज कुमार सिंह,संजय पासवान सहित पुलिस बल शामिल थे।

#### दोनों आरोपियों ने जुर्म कबूल किया

दोनों अभियुक्तों नें मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है,दोनो की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए अठारह पीस स्मार्टफोन बरामद कर लिया है। थानेदार श्री, तिवारी ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि फलिपकार्ट कंपनी से मंगाए गए मोबाईल को ग्राहकों द्वारा वापस कर दिए जाने के बाद उन लोगों द्वारा पैकेट में से मोबाईल निकाल कर बाजार में डिफेक्टिभ बताकर बेच दिया जाता था। मोबाईल वापस करने के बाद जब खाली पैकेटस कंपनी पहुंचते थे तो कंपनी द्वारा इसकी जांच करायी गयी और इंचार्ज से मामला दर्ज करवाया गया और मामले का खुलाशा हो गया।

## स्पीड न्यूज

### फसल राहत के लिए 30 सितंबर तक जमीरा पैक्स में होगा रजिस्ट्रेशन



**रामगढ़ ।** झारखंड फसल राहत योजना के तहत 30 सितंबर तक किसान रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह जानकारी जमीरा पैक्स के संचालक खुर्शीद आलम ने मंगलवार को दी। उन्होंने किसानों से अपील की वे पैक्स में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराएं और राज्य सरकार की योजना का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि इसके तहत किसान के फसल का प्रति एकड़ किस अनुपात में नुकसान हुआ है उसके आधार पर राज्य सरकार द्वारा मुआवजा प्रदान दिया जाएगा।

### शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**मांडू।** मांडू धारणीया टाड़ में मंगलवार को शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन आचार्यों की देखरेख में विधि पूर्वक संपन्न हुआ। भूमि पूजन में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा भूमि पूजन संपन्न हुआ। अतिथियों ने कहा कि पहले यहां के लोगों को पूजा अर्चना के लिए डेढ़ किलोमीटर तक दूर जाना पड़ता था, पर यहां मंदिर बन जाने से लोगों को पूजा अर्चना में सुविधा होगी। मौके पर मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी, मांडू डी मुखिया बैजनाथ राम, सुरेश चंद्र साहू, कृष्णा साव रविंद्र कुमार, महेश मंडल, सरबजीत सिंह, अशोक कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, कालेश्वर कुमार, धनेश्वर साव, छोटेलाल भुईयां,नवरत्न कुमार, राजकुमार कंचन भुइया, प्रमोद भुइया, रंजीत भुइया, सुबोध भुईयां आदि उपस्थित थे।

### रजरप्पा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**रजरप्पा ।** श्री श्री विश्वकर्मा पूजा समिति एवं किसान विकास समिति बड़कीपोना (तेतर टोला) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, बड़कीपोना पंचायत के पंसस भाग 01 शम्भू कुमार एवं भाग 02 के पसंस प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया. कार्यक्रम में रात भर गीत संगीत और डांस का धमाल चला। इसे देखने लिए रातभर दर्शकों की भीड़ लगी रही। मुख्य अतिथि ने लोगों को पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सौहार्द व भाईचारा का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव के लोग एक साथ समय व्यतीत करते और भाग दौड़ भरी जिंदगी से कुछ पल के लिए आनंद व मनोरंजन होता है। मौके पर समाजसेवी लालकिशुन महतो, डिगेश्वर महतो, अनिल दांगी, मनोज पासवान, अमृत कुमार, बिनोद कुमार, योगेंद्र महतो, काशी महतो, विद्यासागर कुशवाहा, आकाश कुमार, विकास कुमार, शिशुपाल कुमार, विवेक कुमार, बबलू कुमार, कपिल कुमार, अभिमन्यु कुमार सहित कई मौजूद थे।

### कुजू में धूमधाम से मना गणेश चतुर्थी



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान दिगवार, रामानगर, कुजू बस्ती, तोपा आदि स्थानों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। दिगवार व रामानगर में मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, नप अध्यक्ष मनोज गिरि, तोपा में जिप सदस्य दयामंति देवी व कुजू बस्ती में ओपी प्रभारी विनय कुमार तथा कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने फीता काटकर पंडाल का उदघाटन किया। इस बीच कई स्थानों में गणेश पूजा को लेकर भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

### कुजू में जदयू जिला कमेटी की बैठक

कुजू। जदयू जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को नयामोड़ स्थित जदयू जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू व संचालन सुरेश प्रसाद महतो ने किया। बैठक में रामगढ़ जिला प्रभारी मिथिलेश सिंह के अलावे प्रदेश महासचिव राजू महतो व जगदीश महतो, मांडू विस प्रभारी दुष्यन्त पटेल, मो अख्तर हुसैन शामिल हुए। बैठक में जिला प्रभारी मिथिलेश सिंह ने मौजूद जिला पदाधिकारी को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूती प्रदान करने समेत कई दिशा - निर्देश दिया। बैठक में मेघनाथ महतो, राजेश महतो,उमेश प्रसाद साव, मोइन अंसारी, मनोज राय, पवन करमाली,सफीक अंसारी,अकबर अंसारी, रामचरित्र राम, जयनंदन करमाली, राजा गुप्ता, अविनाश प्रसाद,मनोज महतो, सरफराज अंसारी, रामाकांत पटेल, पवन कुमार, दामोदर महतो शामिल रहे।

### शास्त्री चौक भुरकुंडा में भंडारा आज

भदानीनगर (रामगढ़)। श्रीश्री सिद्धिविनायक मंदिर गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में शास्त्री चौक भुरकुंडा में गणेश पूजन-अनुष्ठान का भव्य आयोजन हुआ। मंगलवार को पूजा-पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित पंडित अनिल मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान गणपति बप्पा मोरया, जय गणेश आदि भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सुंदरनगर पंचायत के मुखिया सह पूजा समिति के अध्यक्ष व्यास पांडेय ने बताया कि बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। 21 सितंबर को गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### विश्वकर्मा पूजा पर भव्य भंडारा

भुरकुंडा (रामगढ़)। विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को बलकुदरा माईंस में भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा में सैंकड़ों अधिकारी, कर्मचारी व आमजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व रविवार को बलकुदरा माईंस के पूजा-पंडाल में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुराहित राजेश पांडेय द्वारा पूजा-अर्चना की गई। पूजा में बतौर यजमान पप्पू सिंह शामिल हुए। मौके पर पीओ मनोज पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है।

डीपीएस स्कूल में गणपति पूजा में शामिल हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल, कहा

# हर शुभ काम में गणेश की होती है पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मंगलवार को स्थानीय बड़कागांव रोड के शंकरपुर अवस्थित डीपीएस स्कूल में गणेश पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरे स्कूल परिसर को आकर्षक साज- सज्जा का स्वरूप दिया गया।

मौके पर विषेशरूप से विधायक मनीष जायसवाल भी गणपति पूजा में शामिल हुए और भक्ति- भाव से विधिवत पूजन- अर्चन के पश्चात भगवान गणेश की महा आरती किया। गाजे-बाजे, ढोल- ताशे के संग नाचते- झूमते बच्चों ने गणपति बप्पा की प्रतिमा को रंग-गुलाल और पुष्प अर्पित करते हुए गणपति बप्पा मोरया के जमकर जयघोष करते हुए उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। डीपीएस और एंजल्स हाई स्कूल के बच्चों द्वारा किए गए जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया । मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्यनीय माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य विवाह, गृह प्रवेश, और भूमि पूजन आदि से पहले गणेश जी की पूजा करके आगे का विधि विधान किया जाता है। निश्चित रूप से संस्कृति और सभ्यता से बच्चों को रूबरू कराया जाना बच्चों के चारित्रिक विकास में मददगार साबित होगा। स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया कि वर्तमान दौर में लोग अपनी पुरातन संस्कृति- सभ्यता को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर अधिक अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों को पुरानी परंपरा, धर्म, संस्कृति व सभ्यता से जोड़ें रखने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी डीपीएस स्कूल परिसर में धूमधाम से गणपति पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है ।

# वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित हुईं शालू जिंदल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बासल (रामगढ़)।** जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल को शिकागो में इंटरनेशनल वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान भारतीय दूतावास के सहयोग से डी ट्राइबल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला इंडियन अमेरिकन ट्रेड फेयर में प्रदान किया गया। शालू जिन्दल को ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड समेत देश भर में एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। शिकागो में भारतीय दूतावास के महावाणिज्य दूत सोमनाथ घोष इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने के बाद श्रीमती जिन्दल ने आभार व्यक्त किया और भारत में लोगों के उत्थान और उनके जीवन में गुणवत्ता लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्राप्त कर मैं बहुत ही गर्वान्वित हूं। यह टीम जेएसपी फाउंडेशन के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हम अपने देश और दुनिया भर के वंचित एवं सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के उत्थान और उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मान वंचितों के लिए निरंतर काम करने के हमारे संकल्प को मजबूत करता है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन के रूप में शालू जिन्दल छत्तीसगढ़,

**कहा-जेएसपी फाउंडेशन के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है यह सम्मानः**

ओडिशा, झारखंड और भारत के अन्य क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर सहयोग कर रही हैं। उनके सामाजिक प्रयासों से लाखों लोगों के जीवन में खुशहाली आई है, जो बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। लोगों का जीवन गुणवत्तापूर्ण बनाने के अलावा शालू जिन्दल ने कुचिपुड़ी नृत्य के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुचिपुड़ी नृत्य विशेषज्ञ हैं और पूरी दुनिया में भारतीय नृत्य और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में निरंतर योगदान कर रही हैं। वे राष्ट्रीय बाल भवन की चेयरपर्सन रही हैं। ।शालू जिंदल को अवार्ड मिलने से जेएसपी के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। साथ ही बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

### जमीन पर कब्जा को लेकर डीसी से गुहार

**कटकमसांडी।** न्यायालय से डिग्री हासिल होने के बावजूद रैयती जमीन पर विरोधी पक्ष के दबंगो द्वारा जबरन कब्जा को लेकर भुक्तभोगी कोनहर निवासी बद्री राणा ने उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र मे कहा गया कि एसडीओ हजारीबाग द्वारा प्रशासन की मौजूदगी में सरकारी अमीन से मापी कराने के निर्देश दिए जाने के बाद भी कटकमसांडी अंचल अधिकारी ने जमीन मापी कराने की कोई तिथि निर्धारित नही की है। पत्र मे यह भी कहा गया कि अंचल अधिकारी सिर्फ सरकारी अमीन को ही जमीन मापी का निर्देश दे सकता है। पत्र मे लिखा है कि मौजा कोनहर के खाता नं. 04 व प्लॉट नं. 37, 50, 107, 167, 264, 417, 479, 487 व 443, जिसका कुल रकबा 3.30 एकड़ जमीन टाइटल सूट, उच्च न्यायालय व जिला जज, हजारीबाग द्वारा मेरे पक्ष में डिग्री हुई है। आज तक जमीन विपक्षियों ने कब्जा कर रखा है। पूर्व मे मापी के दौरान विपक्षियों द्वारा हंगामा खड़ा किए जाने से पुलिस प्रशासन व सरकारी अमीन बैरंग वापस हो गए।

### श्रद्धालुओं के दुखहर्ता हैं श्री गणेशः प्रवीण शर्मा

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री गणेश पूजा महोत्सव को लेकर गणपति बप्पा मोरया...... देवा हो देवा गणपति देवा.. आदि भक्ति गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास का ग्रामीण क्षेत्र गूंजता रहा। श्री गणेश पूजा महोत्सव कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों में मंगलवार को भगवान गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ विधिवत पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ। इधर रिभर साईड भुरकुंडा स्थित प्रवीण शर्मा के आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित हुई। जहां पुरोहित पंडित निवेदन पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कराई गई। इसमें प्रवीण शर्मा, सुषमा शर्मा, ऋतु वशिष्ट, अंकित शर्मा, आशु, संगीता शर्मा, रिंकी अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, ददन कुमार, संजय रवि, राकेश शर्मा, भगवती देवी आदि श्रद्धालु शामिल हुए। मौके पर प्रवीण शर्मा ने बताया कि लगातार दस दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान चलेगा। साथ ही सुबह-शाम पूजन-आरती व भगवान गणेश को भाग चढ़ाया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि 25 सितंबर को भव्य भंडारा का आयोजन होगा।

# क्रिकेट प्रीमियर लीग शुरू

**रामगढ़।** सिद्धू कान्हू स्टेडियम में प्रीमियर लीग क्रिकेट का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ समाज सेवी नादकिशोर गुप्ता, झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा एवं विनोद साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इसके उपरांत अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उद्घाटन मैच बाउंड्री ब्लास्ट एवं एसआरएच की टीम के बीच खेला गया। जिसमें बाउंड्री ब्लास्ट ने एसआरएच की टीम को 38 रन से पराजित कर शानदार शुरूआत की। बाउंड्री ब्लास्ट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट खोकर पांच ओवर में 110 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में एसआरएच की टीम सिर्फ 72 रन ही बना सकी और 38 रनों से मैच हार गई। 18 गेंदों में 64 रन बनाने वाले अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि खेलकूद जीवन का हिस्सा है। इससे हमारी शारीरिक एवं

**▶▶ बाउंड्री ब्लास्ट ने एसआरएच को 38 रन से हराया**



मानसिक स्थिति मजबूत बनी रहती है। इस तरह का आयोजन होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच मिलता है* जहां वे अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते हैं। झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल में ना जीत होती है ना हार होती है। इसमें या तो कोई जीतता है या तो कोई सीखता है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में भी प्रथम सुख निरोगी काया को माना गया है। कहा की हम खेलकूद के जरिए इसको आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह का आयोजन होने से स्थानीय स्तर के प्रतिभाओं को ी प्रतिभा दिखाकर आगे बढ़ने का मौका मिलता है। विनोद साव ने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की हर संभव मदद करेंगे ।

### आकाश दास को पीओ ने किया सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्वकर्मा पूजा के पावन पर अवसर पर बलकुदरा माईंस में मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने किया। इधर पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी प्रभाष दास व परमजीत दास का पुत्र आकाश दास को बॉक्सिंग में पांचवी बार स्टेट चैम्पियन बनने पर पीओ मनोज पाठक ने बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने आकाश की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। पीओ श्री पाठक ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी करियर बनाया जा सकता है। मालूम हो कि भुरकुंडा के आकाश दास ने झारखंड स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशीप में गोल्ड मेडल जीतकर कोयलांचल का नाम रौशन किया है। आकाश ने बोकारो सेमफोर्ड इंटरनेशनल एकाडमी मे 14-16 सितंबर तक होने वाले 16वां झारखंड स्टेट बॉक्सिंग चौंपियनशीप के 75-80 किलो के फाइनल मे ईस्ट सिंहभुम के हिमांशु सिंह को हराकर गोल्ड मेडल जीता। आकाश ने चैम्पियनशीप के सेमीफाइनल में धनबाद के पुरू आर्यन और क्वार्टर फाइनल मे रांची के शशि शंकर को हराया। आकाश बॉक्सिंग चैम्पियन में रामगढ जिला का प्रतिनिधित्व कर रहा था।

# आजसू के महाधिवेशन के लिए प्रभारी नियुक्त



भुरकुंडा (रामगढ़)। महाधिवेशन की तैयारी को लेकर मंगलवार को रिभर साईड बुध बाजार दोतल्ला कॉलोनी में आजसू पार्टी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष छोटू यादव एवं संचालन छात्र संघ कोषाध्यक्ष दिलीप महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, बुद्धिजीवी मंच के रामशरण निषाद एवं जुबिली कॉलेज कमेटी छात्र संघ सह प्रभारी विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय उपस्थित थे। बैठक के दौरान महाधिवेशन में स्थानीय कार्यकर्ताओं की भागीदारी एवं आगामी विधानसभा चुनाव पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विश्वरंजन सिन्हा ने कहा की जैसे देश को एक परिवार ने गर्त में डाला है वैसे ही बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को एक परिवार ने तबाह किया है। यहां विकास कार्य ठप है। युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। वहीं महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है। क्षेत्र में महाजनी प्रथा और कार्यालयों में दलाली हावी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास का कोई कार्य नहीं हो रहा। 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रांची के मोराबादी मैदान में पार्टी का केंद्रीय महाधिवेशन प्रस्तावित है। जिसमें रिवर साइड के तीनों पंचायत के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक के दौरान विभिन्न मोहल्ला प्रभारी बनाए गए। इसमें बुध बाजार इमलीगाछ पंचायत के भवानी कॉलोनी मोहल्ला प्रभारी अनुज ठाकुर, इंदु कुमारी, सूर्य मंदिर मोहल्ला प्रभारी शिला देवी, विजय कुमार, अस्सी कॉलोनी मोहल्ला प्रभारी बबलू कुमार, रीता देवी, चीफ हाउस पंचायत के चीफ हाउस मोहल्ला प्रभारी राहुल यादव, सुनीता देवी, झूला पुल मोहल्ला प्रभारी प्रियांशु मिश्रा, खुशबू कुमारी, ठाकुर मेडिकल मोहल्ला प्रभारी संयोग पासवान, बुधबाजार दोतल्ला पंचायत रीजनल कॉलोनी मोहल्ला प्रभारी विजय पासवान, किरण देवी, शिव नगर मोहल्ला प्रभारी बिकेश कुमार सिंह, संकिता देवी, बीटीटीआई मोहल्ला प्रभारी विकास कुमार, बीणा बक्शी को बनाया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि

**बड़कागांव विस क्षेत्र में विकास के काम ठप्प है : विश्वरंजन सिन्हा**

1 अक्टूबर को सभी प्रभारी रांची के महाधिवेशन में भागीदारी मजबूत करेंगे। साथ ही विधानसभा चुनाव में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। बैठक में इमलीगाछ पंचायत सचिव छोटी तुरी, अरविंद कुमार, इंदु कुमारी, विजय कुमार, शक्ति कुमार, दीपक कुमार, बबलू कुमार, अनुज ठाकुर, शिला देवी, विजय पासवान, ईश्वर कुमार, रीता देवी, राहुल यादव, कमलेश कुमार, दिनेश कुमार, नवप्रीत सिंह, प्रीतम सिंह, रौशन कुमार, रोहित कुमार, राहुल कुमार, छोटू कुमार, गुरमीत कौर, मंजू देवी, सुनीता देवी, किशन कुमार, गोविंद कुमार, मोलू कुमार, सोनू कुमार, किरण देवी, कृष्णा कुमार, इकबाल कुमार, गुड्डू कुमार, प्रियांशु कुमार, आरएम कुमार, जयदीप ठाकुर, दीपक , सूरज साव,सोहिल, इमरान, मदन आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना गणपति पूजा



टाटीझरिया। वक्र तुंड महाकाय सूर्य कोटि सम प्रभा ! निरविघ्न कुरु में देव सर्व कार्यशु सर्वदा! टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आठो पंचायत के विभिन्न गांवो मे गणेश चतुर्थी व्रत बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। क्षेत्र मे गणपति बप्पा मौर्या, मंगल मूर्ति मौर्या कि जय घोष से होते देखा जा रहा है वही टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के नारायणपुर गांव मे भी भगवान गणपति कि पूजा पुरोहित अजय पाण्डेय के द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण कर वंदना पूजा-आरती करवाया गया। ग्रामीणों संग भक्तों मे बरकट्ठा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि प्रविल प्रसाद कुशवाहा, राजवीर राणा, विकास राणा, सोनू कुमार, प्रेम कुमार, सुदामा प्रसाद विशाल शर्मा, संकर कुमार,शिवनारायण शर्मा, कुलदीप,मिथलेश, विकास उर्फ मोनू, संतोष शर्मा शामिल थे।

19 हैज पी 1ः पूजा करते श्रद्धालु

### झरपो में बाल बाल बची वृद्ध महिला

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत मे बुधवार मध्यरात्रि अजित रविदास पिता कोल्हा उर्फ कोलेश्वर राम के मिट्टी से बना मकान का दीवार अचानक गिर गया। जिससे मिट्टी के मकान मे रह रही वृद्ध महिला बाल-बाल बच गई। मिट्टी घर की रसोई में रखे खाद्य व अन्य सामग्री भी नष्ट हो गये। भुक्त भोगी एक गरीब परिवार से है। भुक्त भोगी ने झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, समाज सेवी अर्जुन कु. रवि को घटना की जानकारी दी। भुक्त भोगी ने मुखिया से पीएम आवास की मांग की है। मुखिया ने आश्वासन दिया कि समस्याओ का समाधान को लेकर सबंधित पदाधिकारियों से मिल आवास दिलवाने का प्रयास करेंगे।

### चरही : झामुमो पंचायत कमिटी का गठन



**चरही।** मंगलवार को झामुमो पंचायत कमिटी के गठन को लेकर स्व. टेकलाल महतो स्मृति भवन में चरही में हुई ।इसके पूर्व पार्टी को सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया ।उसके बाद झामुमो जिला संयोजक नीलकंठ महतो के देख-रेख में चरही पंचायत के लिए चुनाव कराया गया ।जिसमें अध्यक्ष दिलेश्वर महतो,सचिव गुड्डू महतो,कोषाध्यक्ष राजकुमार करमाली एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया ।मौके पर जिला संयोजक नीलकंठ महतो,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,आंनद मरांडी,महालाल सोरेन,लखीराम मांझी,दीपनारायण महतो,दिलेश्वर महतो,सोहराय देवी,मोहनी देवी,राजकुमार करमाली, दिनेश रविदास, डोमन करमाली सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दारू में भक्ति जागरण 21 सितंबर को

दारू। दारु पंचायत अंतर्गत बासोबार रोड फुटबॉल मैदान के समीप पांच दिवसीय गणपति पूजा मंत्रोउच्चरण के साथ प्रारम्भ हुआ ।आचार्य डॉक्टर अनुग्रह नारायण शर्मा ने विधवत पूजा अर्चना किये ।काफी भक्त पांचों दिन फलाहार पर रह कर पूजा पाठ में बैठे हुए है ।सांध्यकालीन आरती में काफी अधिक संख्या दूर दूर से श्रद्धालु उपस्थित होते है ।इस वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल और विधुत साजसज्जा लगाई गई है । श्री श्री गणपति पूजा समिति के संयोजक भैया नवजीत ने बताया की इस वर्ष 21 सितंबर दिन गुरुवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है और 22 सितंबर को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस वर्ष पूजा के उपलक्ष्य पर मीना बाजार मेला भी लगाई जा रही है जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। पूजा को सफल बनाने के लिए आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा, बजरंग कुमार सहाय, भैया नवजीत, राजकुमार दास, राजन सिन्हा, रौशन सिन्हा , दसरथ दास, नागेश्वर महतो, शिवचरण महतो,रॉकी रवानी, नागेंद्र सिन्हा, दशरथ दास, अंकित अनुराग, राहुल राज,आलोक राज, रॉकी रवानी अपना अहम योगदान दे रहे है।

### त्रिवेणी सैनिक में मना विश्वकर्मा पूजा



**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोल खनन के अधीनस्थ कार्य कर रही त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा माइनिंग स्थल में भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से की गई। पुरोहितों के द्वारा पूजा अर्चना कराया गया। तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम में शामिल लोगों में मुख्य रूप से त्रिवेणी सैनिक के अधिकारी परमानंद सिंह चंदेल,उत्तम झा,रविचंद्रन,प्रदीप दहिया,राजेश कुमार के अलावा भारी संख्या में त्रिवेणी सैनिक के कर्मी उपस्थित थे। पूजा के दूसरे दिन देर रात तक भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन नजदीक के तालाब में किया गया।

19 हैज पी 3ः मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

### रंजन चौधरी को मिला सेवा रत्न सम्मान



**हजारीबाग।** लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग द्वारा हजारीबाग शहर के प्रधान कैफेटेरिया सभागार में मंगलवार को आयोजित क्लब के चौथे स्थापना दिवस समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्र यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, खेल, समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों के साथ समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को सेवा रत्न सम्मान- 2023 से सम्मानित किया गया ।लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग के द्वारा विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को यह सम्मान हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, क्लब के डीजी कमल जैन और रीजन चेयरपर्सन राजीव आनंद के द्वारा संयुक्त रूप से भेंटकर सम्मानित किया गया ।सेवा रत्न सम्मान-2023 से सम्मानित हुए युवा रंजन चौधरी ने बताया की यह सम्मान हमारे लिए अमूल्य है और प्रोत्साहन का काम करेगा। हम दोगुनी उत्साह और जुनून के साथ सेवा कार्यों में आगे भी तत्पर रहेंगे ।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने सीओ के खिलाफ दिया आवेदन

विष्णुगढ़ ।विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी के कार्यशैली पर सामाजिक कार्यकर्ता राजू श्रीवास्तव ने उपायुक्त के नाम आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि उन्होने अपने पिता के मृत्यु के पश्चात पिता केनाम बैंक में जमा राशी की निकासी व अकॉउंट बंद करवाने लिए पारिवारिक सूची बनवाने का आवेदन 15 माह पूर्व अंचल में दिया था। लेकिन अंचल द्वारा पारिवारिक सूची नहीं बनाई है। राजू का आरोप है कि उन्हें बेफजूल कार्यालय के चक्कर लगवाये जा रहे हैं। इस मामले को लेकर उन्होने हजारीबाग सूबे के मुख्यमंत्री, उपायुक्त, एसडीओ को आवेदन दिये। उन्होने बताया कि उपायुक्त ने सीओ को फोन के जरिये भी सूची निष्पादन को कहा, लेकिन अभी तक मामला जस के तस है। इधर इस मामले पर जब अंचलाधिकारी से बात की गयी तो उन्होने कहा कि राजू यहां के नहीं बिहार के रहने वाले हैं। उनका पारिवारिक सूची बिहार से ही बनेगा। कोई भी कार्य नियमानुकूल होती है। उन्होने सूचना अधिकार के तहत जवाब मांगा था वो भी दे दिया गया है। उनको स्पष्ट रूप से सारी बातें बता दी गयी है। उसके बावजूद वे समझ नहीं रहे हैं तो इसमें क्या कहा जा सकता है।

# भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प


नये संसद भवन का शुभारंभ

आपको और देशवासियों को गणेश चतुर्थी की अनेक-अनेक शुभकामनाएं। आज नये संसद भवन में हम सब मिलकर के नये भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। आज हम यहां विकसित भारत का संकल्प दोहराना फिर एक बार संकल्पबद्ध होना और उसको परिपूर्ण करने के लिए जी-जान से जुटने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं। सम्माननीय सभागृह, ये भवन और उसमें भी ये सेंट्रल हॉल एक प्रकार से हमारी भावनाओं से भरा हुआ है। हमें भावुक भी करता है और हमें हमारे कर्तव्य के लिए प्रेरित भी करता है। आजादी के पूर्व ये खंड एक प्रकार से लाइब्रेरी के रूप में इस्तेमाल होता था। लेकिन बाद में संविधान सभा की बैठक यहां शुरू हुई और उन संविधान सभा के बैठकों के द्वारा गहन चर्चा, विचार करके हमारे संविधान ने यही पर आकार लिया। यही पर 1947 में अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया, उस प्रक्रिया का भी साक्षी हमारा ये सेंट्रल हॉल है। इसी सेंट्रल हॉल में भारत के तिरंगे को अपनाया गया, हमारे राष्ट्रगान को अपनाया गया। और ऐतिहासिक अवसरों पर आजादी के बाद भी सभी सरकारों के दरमियान अनेक अवसर आए जब दोनों सदनों ने मिलकर के यहां पर भारत के भाग्य को गढ़ने की बात पर विचार किया, सहमति बनाई और निर्णय भी लिए।



**नरेन्द्र मोदी**

**आदरणीय** उपराष्ट्रपति जी! आदरणीय स्पीकर महोदय! मंच पर विराजमान सभी वरिष्ठ महानुभाव और 140 करोड़ देशवासियों के प्रतिनिधि सभी माननीय सांसदगण।

1952 के बाद दुनिया के करीब 41 राष्ट्राध्यक्षों ने इस सेंट्रल हॉल में हमारे सभी माननीय सांसदों को संबोधित किया है। हमारे राष्ट्रपति महोदयों के द्वारा 86 बार यहां संबोधन किया गया है। बीते 7 दशकों में जो भी साथी इन जिम्मेदारियों से गुजरे हैं, जिम्मेदारियों को संभाली हैं, अनेक कानूनों, अनेक संशोधन और अनेक सुधारों का हिस्सा रहे हैं। अभी तक लोकसभा और राज्यसभा ने मिलकर करीब-करीब 4 हजार से अधिक कानून पास किए हैं। और कभी जरूरत पड़ी तो अध्यादेश के माध्यम से भी कानून पारित करने की दिशा में रणनीति बनानी पड़ी और उसके तहत भी दहेज रोकथाम कानून हो, बैंकिग सर्विस कमिशन बिल हो, आतंक से लड़ने के लिए कानून हो, ये संयुक्त सत्र में पास किए गए हैं, इसी गृह में पास किए गए हैं। इसी संसद में मुस्लिम बहन, बेटियों को न्याय की जो प्रतीक्षा थी, शाहबानो केस के कारण गाड़ी कुछ उल्टी पाटी पर चल गई थी, इसी सदन ने हमारी उस गलतियों को ठीक किया और तीन तलाक के विरूद्ध कानून हम सबने मिलकर के पारित किया। संसद ने बीते वर्षों में ट्रांसजेंडर को न्याय देने वाले कानूनों का भी निर्माण किया। इसके माध्यम से हम ट्रांसजेंडर के प्रति सद्भाव और सम्मान के भाव के साथ उनको नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य बाकी जो सुविधाएं हैं, एक गरिमा के साथ प्राप्त कर सकें, इसकी दिशा में हम आगे बढ़े हैं। हम सभी ने मिलकर हमारे दिव्यांगजनों के लिए भी, उनकी जरूरतों को देखते हुए, उनके ंरुन्न१ं३ङ्क्ल्ल२ को देखते हुए ऐसे कानूनों को निमार्ण किया जो उनके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बन गए। आर्टिकल-370 हटाने से लेकर, वो विषय ऐसा रहा शायद ही कोई दशक ऐसा होगा कि जिसमें चर्चा न हुई हो, चिंता न हुई हो और मांग न हुई हो, आक्रोश भी व्यक्त हुआ, सभागृह में भी हुआ, सभागृह के बाहर भी हुआ, लेकिन हम सबका सौभाग्य है कि हमें इस सदन में आर्टिकल-370 से मुक्ति पाने का, अलगावाद आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने का एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम। और इस महत्वपूर्ण काम में माननीय सांसदों की, संसद की बहुत बड़ी भूमिका है। जम्मू-कश्मीर में इसी सदन में निर्मित हुआ संविधान, हमारे पूर्वजों ने जिसे दिया वो महामूल्य दस्तावेज, जम्मू-कश्मीर में लागू करते हैं तो इस मिट्टी को प्रणाम करने का मन कर रहा है।

आज जम्मू और कश्मीर शांति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हुआ है और नए उमंग, नए उत्साह, नए संकल्प के साथ जम्मू-कश्मीर के लोग आगे बढ़ने का कोई मौका अब छोड़ना नहीं चाहते हैं। ये दिखाता है कि संसद के सदस्यों ने मिलकर के संसद के भवन में कितने महत्वपूर्ण काम किए हैं। माननीय सांसदगण लालकिले से मैंने कहा था, यही समय है, सही समय है। एक के बाद एक घटनाओं की तरफ हम नजर करेंगे, हर घटना इस बात का गवाह दे रही है कि आज भारत एक नई चेतना के साथ पुर्नजागृत हो चुका है। भारत नई ऊर्जा से भर चुका है और यही चेतना यही ऊर्जा इस देश के कोटि-कोटि जनों के सपनों को संकल्प में परिवर्तित कर सकती है और संकल्प को परिश्रम की पराकष्ठा कर-करके सिद्धी तक पहुंचा सकती है, ये हम देख सकते हैं। और मेरा विश्वास है, देश जिस दिशा में चल पड़ा है इच्छित परिणाम अवश्य प्राप्त होंगे। हम गति जितनी तेज करेंगे, परिणाम उतने जल्दी मिलेंगे।

आज हमारे देश का नौजवान खेल जगत के अंदर दुनिया में हमारी पहचान बना रहा है। टियर टू और टियर थ्री से, गांव गरीब परिवारों से, गांव से देश के नौजवान, देश के बेटे-बेटियां आज खेलकूद के जगत में हमारा नाम रोशन कर रहे हैं। लेकिन देश चाहता है और देश का संकल्प होना चाहिए कि अब खेलकूद के हर पोडियम पर हमारा तिरंगा भी लहराएगा। हमें अब हमारे पूरे दिमाग को क्वालिटी पर फोकस करना ही होगा, ताकि हम विश्व की आशा अपेक्षाओं के अनुकूल और भारत के सामान्य मानवीय के जीवन में भी क्वालिटी ऑफ लाइफ के प्रति जो आकंक्षाा बढ़ा है, उसको हम एड्रेस कर पाएं। और जैसे मैंने कहा कि हम भाग्यवान हैं कि हम उस समय काम कर रहे हैं जब समाज अपने आप में एक आकांक्षी समाज है। हमारा और भी एक भाग्य है कि हम उस समय में हैं जब हिन्दुस्तान युवा देश है। हम दुनिया में सबसे ज्यादा जन आबादी वाला तो देश बने ही हैं लेकिन सबसे बड़ी आबादी उसमें भी सबसे बड़े युवा ये पहली बार हुआ है। जिस देश के पास ये युवा शक्ति हो, युवा सामर्थ्य हो तब हमें उसके टैलेंट पर भरोसा है, हमें उसकी संकल्पशक्ति पर भरोसा है, उसकी साहस में हमें भरोसा है और इसलिए हम चाहते हैं कि दुनिया में भारत का युवा अग्रिम पंक्ति में नजर आना चाहिए, वो स्थिति पैदा होनी चाहिए। आज पूरी दुनिया को स्किल मैनपॉवर की बहुत बड़ी जरूरत है और भारत विश्व की इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए अपने आप को सज्ज कर सकता है और उन आवश्यकताओं की पूर्ति करके दुनिया में अपनी एक जगह भी बना सकता है। और इसलिए विश्व में उनकी आवश्यकता के लिए किस प्रकार के मैनपॉवर की जरूरत है, किस प्रकार के उनको स्कील डवलपमेंट की जरूरत है। स्किल मैपिंग का काम भी चल रहा है और उस स्किल मैपिंग के अनुसार भारत के अंदर स्कील डवलपमेंट की तरफ हम बल दे रहे हैं और जितना ज्यादा हम डवलपमेंट पर बल देंगे, भारत के नौजवानों का सामर्थ्य विश्व में अपना डंका बजाने में कोई कमी नहीं रखेगा। और हिन्दुस्तानी जहां गया है, जहां गया है, उसने अच्छाई की छाप छोड़ी है, कुछ कर गुजरने की छाप छोड़ी है। ये सामर्थ्य हमारे अंदर पहले से पड़ा हुआ है, और हमारे पहले जो लोग गए हुए हैं उन्होंने इससे यही छवि भी बनाकर रखी हुई है। आपने देखा होगा पिछले दिनों करीब 150 नर्सिंग कॉलेज एक साथ खोलने का निर्णय किया। पूरी दुनिया में बहुत बड़ी आवश्यकता है मेडिकल की। हमारी बहन, हमारी बेटियां, हमारे बेटें उस क्षेत्र में दुनिया में पहुंच सकते हैं, आसानी से पहुंच सकते हैं, पूरे विश्व की जरूरत है और ये तो मानवता का काम है जिसमें हम पीछे नहीं रहेंगे। आज मेडिकल का इतना व्यापक रूप से निर्माण देश की आवश्यकता तो पूरी करनी ही करनी है, दुनिया की आवश्यकताओं में भी योगदान दे सकते हैं। कहने का तात्पर्य यही है हर छोटी चीज पर बारीकी से ध्यान देते हुए, उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए हमें आगे बढ़ना है। हमें भविष्य के लिए सही समय पर सही फैसले भी लेने होते हैं। हम फैसलों को टाल नहीं सकते हैं। हम राजनीतिक लाभ नुकसान के गुणा भाग के भाग के अंदर अपने आपको बंधक नहीं बना सकते हैं। हमें तो देश के ंआकांक्षाा के लिए हिम्मत के साथ नए निर्णय करने होते हैं।

आज सोलर पॉवर के सफल मूवमेंट हमारी भावी पीढ़ी के लिए एनर्जी की कमी से मुक्ति की गारंटी दे रहा है। आज> हाइड्रोजन आने वाले दिनों में जो पर्यावरण की चिंता है जो तकनीक में बदलाव आ रहा है उसके समाधान का रास्ता देने का सामर्थ्य रखती है। आज हमारा सेमीकंडक्टर जिस प्रकार से जीवन चलाने में हमारे ह्दय की जरूरत रहती है, वैसे ही आज हमारी तकनीक चिप के बिना चल नहीं सकती है और चिप उसके लिए बहुत अनिवार्य है, उस दिशा में हम आगे जाकर केइलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफक्क्ररिंग में कोई रुकावट न आए और जीवन कहीं अटक न जाए, उसके लिए एक बहुत बड़ी मात्रा में हम काम कर रहे हैं। जल जीवन मिशन, हर जिले में 75 अमृत सरोवर, हमारी भावी पीढ़ी को, हमारे बच्चों को, उनके भी बच्चे को उनको कभी पानी के बिना तरसना ना पड़े, इसकी चिंता हम आज कर रहे हैं।

विश्व के बाजार में हमारा हर व्यापार कारोबार पहुंचे, प्रतियोगी ताकत के साथ खड़ा रहे। लॉजिस्टक` को और अधिक कम खर्च वाला बनाना,कम लागत का बनाना, उस दिशा में हम बहुत नीतियां लेकर के चल रहे हैं। आज समय की मांग है कि हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जिसमें 'कोई विकास का अवरोध न हो, ये समय की मांग है। और दुनिया में हमें अग्रिम पंक्ति तक जाने का ये रास्ता भी है। और इसलिए पिछले समय हमने जिला के विकास के लिये प्रयास किया है। के साथ साथ विज्ञान कके बढ़ावे के लिए हमने नयी शिक्षा नीति का एक कानून भी पारित किया है। ताकि हमारे देश के नौजवानों को के और चंद्रयान -3 की सफलता के बाद देश के नौजवानों के मन में विज्ञान की तरफ आकर्षण बढ़ रहा है, हमें मौका गंवाना नहीं है। हमारी युवा पीढ़ी को हमें आदरणीय बंधुगण,

सामाजिक न्याय, ये हमारी पहली शर्त है। बिना सामाजिक न्याय, बिना संतुलन, बिना समभाव, बिना समत्व हम इच्छित परिणामों को घर के भीतर प्राप्त नहीं कर सकते हैं। लेकिन सामाजिक न्याय की चर्चा बहुत सीमित बनकर रह गई है, हमें उसको व्यापक रूप में देखना होगा। हम किसी गरीब को कोई सुविधा दें, किसी समाज में दबे-कुचले व्यक्ति को कोई सुविधा दें, वो तो सामाजिक न्याय की एक प्रक्रिया है, लेकिन उसके घर तक पक्की सड़क बन जाए ना वो भी सामाजिक न्याय के लिए उसको मजबूती देती है। उसके घर के नजदीक में बच्चों के लिए अगर स्कूल खुल जाएं तो वो भी उसको सामाजिक न्याय की मजबूती देती है। उसको बिना खर्च अगर आरोग्य में, समय के जरूरत पड़ने पर वो मिले, तब जाकर के सामाजिक न्याय की मजबूती मिलती है। और इसलिए जिस प्रकार से समाज व्यवस्था में सामाजिक न्याय की जरूरत है, वैसी ही राष्ट्र व्यवस्था में सामाजिक न्याय की आवश्यकता है। अब देश का कोई हिस्सा पीछे रह जाए, अविकसित रह जाए, ये भी सामाजिक न्याय के खिलाफ है। दुर्भाग्य से देश का पूर्वी इलाका, भारत का पूर्वी भाग जो समृद्धि से भरा हुआ है, लेकिन वहां के नौजवानों को रोजगार के लिए दूसरे इलाके में जाना पड़ रहा है, ये स्थिति हमें बदलनी है। हमारे देश के उस पूर्वी भाग के इलाके को समृद्ध बनाकर के सामाजिक न्याय की मजबूती भी हमें लेनी है। असंतुलित विकास, शरीर कितना भी स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन एक उंगली को भी अगर लकवा मार गया है तो शरीर स्वस्थ नहीं माना जाता है। भारत कितना ही समृद्ध हो, लेकिन कोई अंग भी उसका दुर्बल रह जाए तो भारत समृद्धि में पीछे है मानना पड़ेगा और इसलिए हम सर्वांगीण विकास के पक्ष में सामाजिक न्याय की उस ऊंचाई को प्राप्त करने पक्ष की दिशा में हमें आगे बढ़ना है। चाहे पूर्वी भारत हो, चाहे नॉर्थ ईस्ट हो, हमें उन चीजों को प्राप्त करना है और उसी के लिए जो रणनीति कितनी सफल हुई है, 100 आकांक्षी जिलों पर विशेष काम किया, नौजवान अफसरों को लगाया गया, युवाओं बनाई गई, आज दुनिया उस मॉडल की चर्चा कर रही है। और आज 100 जिलों देश के कोने-कोने में जो पीछे माने जाते थे, उसको बोझ मान लिया गया था, आज स्थिति ये बनी है वो 100 आकांक्षी अपने-अपने राज्य में लीड़ कर रहे हैं, राज्य की विकास से भी ऊपर जा रहे हैं। और इस सफलता को देखकर के सामाजिक न्याय की इस भावना को मजबूत करते हुए 100जिलों में से आगे बढ़कर के जमीनी स्तर पर ले जाने के लिए 500 ब्लॉक तक बढ़ाया गया। वो एक प्रकार से देश के विकास की एक नए ऊर्जा केंद्र बनने की संभावना रखते हैं, और उस दिशा में भी हम आगे बढ़ रहे हैं।



मैं फिर एक बार इस पवित्र भूमि को प्रणाम करता हूं। यहां पर जो तपस्या हुई है, जनकल्याण के लिए संकल्प हुए हैं, उसको परिपूर्ण करने के लिए सात दशक से भी अधिक समय से जो पुरुषार्थ हुआ है, उन सबको प्रणाम करते हुए मैं मेरी वाणी को विराम देता हूं और नए सदन के लिए आप सबको शुभकामनाएं देता हूं।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

## आने वाली पीढ़ी को वो भव्यता दिव्य मां भारती की, हम उनको सुपुर्द कर सकते हैं

**आज** भारत पांचवी अर्थव्यवस्था पर पहुंचा है। लेकिन पहले तीन में पहुंचने के संकल्प के साथ बढ़ रहा है। और मैं जिस स्थान पर बैठा हूं, जो जानकारियां प्राप्त होती हैं उसके आधार पर, विश्व के गणमान्य लोगों से बातचीत करता हूं उसके आधार पर, मैं बड़े विश्वास से कह रहा हूं, हम में से कुछ लोगों को निराशा हो सकती है। लेकिन दुनिया आश्वस्त है, ये भारत टॉप-3 में पहुंच कर रहेगा। भारत का बैंकिंग सेक्टर आज अपनी मजबूती के कारण से फिर एक बार दुनिया में सकारात्मक चर्चा का केंद्र बना हुआ है। भारत का गर्वनेंस का मॉडल, यूपीआई , डिजिटल स्टेक। मैं इस जी-20 में देख रहा था, मैंने बाली में भी देखा। टेक्नॉलोजी की दुनिया को लेकर के भारत का नौजवान जिस प्रकार से आगे बढ़ रहा है, पूरे विश्व के लिए कौतुहल भी है, आकर्षण भी है और स्वीकृति भी है। हम सब उस ऐसे कालखंड में हैं। मैं कहूंगा हम लोग एक भाग्यवान लोग हैं। ऐसी भाग्यवान समय में हमें कुछ दायित्व निभाने का अवसर आया है और हमारा सबसे बड़ा भाग्य है कि आज भारतीय आकांक्षा उस ऊंचाई पर है जो शायद पिछले हजार साल में नहीं रहे होंगे। गुलामी की जंजीरों ने उसके आकांक्षा को दबोच कर रखा था, उसकी भावनाओं को तहस-नहस कर दिया था। आजाद भारत में वो अपने सपने संजों रहा था, चुनौतियों से जूझ रहा था, लेकिन मिलकर के आज जहां पहुंचे हैं अब वहां वो रुकना नहीं चाहता है। वो आकांक्षा समाज के साथ नए लक्ष्य गढ़ना चाहता है। जब आकांक्षी समाप सपने संजोते हों, संकल्प लेकर के निकल पड़ी हो, तब पुराने कानूनों से मुक्ति पाकर नए कानूनों का निर्माण करके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मार्ग प्रशस्त करने का दायित्व हम सभी सांसदों का सविशेष होता है। संसद में बनने वाला हर कानून, संसद में होने वाली हर चर्चा, संसद से जाने वाला हर संकेत समाज की आकांक्षा को बढ़ावा देने के लिए ही होना चाहिए, ये हम सब की भावना भी है, कर्तव्य भी है और एक-एक देशवासी की हमसे अपेक्षा भी है। हम जो भी रिफार्म करेंगे उसके मूल में समाजिक आकांक्षा सबसे सर्वोच्च पद पर होना चाहिए, प्राथमिकता पर होना चाहिए। लेकिन मैं बहुत सोच समझकर के कहना चाहता हूं, क्या कभी छोटे कैनवास पर कोई बड़ा चित्र बना सकता है क्या? जैसे छोटे कैनवास पर बड़ा चित्र नहीं बन सकता, वैसे हम भी अगर हमारे अपने सोचने के कैनवास को बड़ा नहीं कर सकते तो भव्य भारत का चित्र भी हम नहीं अंकित कर सकते। 75 साल का हमारे पास अनुभव है। हमारे पूर्वजों ने जो कुछ भी रास्ते बनाए उससे हमने सिखा है। हमारे पास एक बहुत बड़ी विरासत है। इस विरासत के साथ अगर हमारे सपने हमारे संकल्प जुड़ जाए, हमारा सोचने का दायरा बदल जाए, हमारा कैनवास बड़ा हो जाए तो हम भी उस भव्य भारत के चित्र को अंकित कर सकते हैं, उस तस्वीर का खाका खींच सकते हैं, उसमें रंग भरने का काम हम भी कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ी को वो भव्यता दिव्य मां भारती की, हम उनको सुपुर्द कर सकते हैं दोस्तों।

अमृतकाल के 25 वर्षों में भारत को अब बड़े कैनवास पर काम करना ही होगा। अब हमारे लिए छोटी-छोटी चीजों में उलझना, वो वक्त चला गया है। हमें आत्मनिर्भर भारत बनाने के लक्ष्य को सबसे पहले परिपूर्ण करना चाहिए। और हमसे शुरूआत होती है, हर नागरिक से शुरूआत होती है, और आज दुनिया में भी एक समय ऐसा था कि लोग मुझे कहते थे। हमारे बड़े-बड़े बुद्धिजीवी और अर्थशास्त्री लिखते थे कि मोदी आत्मनिर्भर की बात करता है तो मल्टी टेरिरिज्म के सामने चुनौती तो बन नहीं जाएगा। ग्लोबल इकॉनामी के जमाने में ठीक तो नहीं होगा, लेकिन पांच साल के भीतर-भीतर देखा, दुनिया भारत के आत्मनिर्भर मॉडल की चर्चा करने लगी है। और कौन हिन्दुस्तानी नहीं चाहेगा कि डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर हों, एनर्जी सेक्टर में हम आत्मनिर्भर हों, एडिबल हो ही, क्या इस देश को आत्मनिर्भर नहीं होना चाहिए। कृषि प्रधान देश हम कहते हैं। खाने का तेल क्या अब देश बाहर से लाएगा? बहुत समय की मांग है कि हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करना, ये हम सबका दायित्व है, उसमें दल आड़े नहीं आते हैं, सिर्फ दिल चाहिए, देश के लिए चाहिए।

हमें अब मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने की दिशा में ही कदम रखने होंगे। और मैंने एक बार लालकिले से कहा था जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट हमारे प्रोडक्ट में कोई डिफेक्ट न हो, हमारी प्रक्रिया में पर्यावरण में कोई इफैक्ट न हो, ऐसा मैन्यूफैक्रिरिंग सेक्टर वाला हमें दुनिया के सामने ेंनिमार्ण के क्षेत्र में जाना होगा। हमारे डिजाइनर, हमारे यहां निर्माण हो रही डिजाइंस, हमारे सॉफ्टवेयर, हमारे एग्रीकल्चर प्रोडक्टस, हमारे हस्तशिल्प, हर क्षेत्र में अब हमें वैश्विक मापदंडों को पार करने के इरादे से ही चलना चाहिए तब जाकर के विश्व के अंदर हम अपना झंडा फहरा सकते हैं। मेरे गांव में मेरा सबसे अच्छा मान हो इतनी बात नहीं चलेगी, मेरे राज्य में मेरा सबसे अच्छा प्रोडक्ट नहीं चलेगा, मेरे देश में मेरा सबसे अच्छा प्रोडक्ट नहीं चलेगा, दुनिया में मेरा प्रोडक्ट सबसे अच्छा होगा, ये भाव हमें पैदा करना होगा। हमारी यूनिवर्सिटिज दुनिया के अंदर टॉप रैंकिंग में आए, अब इसमें हमें पीछे नहीं रहना है। हमारे शिक्षा जगत को नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी मिली है, एक खुलापन है, सर्व स्वीकृत बनी है। उसके सहारे अब हमें चल पड़ना है और दुनिया के इस टॉप यूनिवर्सिटिज में, अभी जब जी-20 में जब विश्व के मेहमान आए तो मैंने नालंदा की एक तस्वीर रखी थी वहां और जब मैं दुनिया को कहता था 1500 साल पहले मेरे देश में दुनिया की उत्तम से उत्तम यूनिवर्सिटी हुआ करती थी, तो वो सुनते ही रह जाते थे। लेकिन हमें उससे प्रेरणा लेनी है पर प्राप्त तो अभी करके रहना है, ये हमारा संकल्प है।

माननीय सांसद गण,



आज विश्व की नजर भारत पर है। शीत युद्ध के समय हमारी पहचान गुटनिरपेक्ष देश के रूप में रही है। उस समय की जो जरूरत थी, उसके जो लाभ होने थे, उस समय से हम गुजरे हैं। लेकिन अब भारत का स?थान कुछ और बना है। और इसलिए उस समय गुट निरपेक्ष की आवश?यकता अवश्य रही होगी, आज हम उस नीति को ले करके चल रहे हैं, जिस नीति को अगर हमें पहचानना है तो विश्वमित्र के रूप में हम आगे बढ़ रहे हैं, हम दुनिया से मित्रता कर रहे हैं। दुनिया हमारे में मित्र खोज रही है। ये शायद विश्व में भारत ने और दूरी नहीं, जितनी हो सके उतनी निकटता के जरिए, उस रास्ते पर चल करके हम अपने विश्वमित्र के भाव को आज सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं और मुझे लगता है कि इसका लाभ आज भारत को हो रहा है। भारत आज दुनिया के लिए एक स्टेबल सप्लाई चेन के रूप में उभर रहा है और आज विश्व की ये जरूरत है। और उस आवश्यकता की पूर्ति करने का काम जी-20 में भारत ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरा है। ये बीज, जी-20 समिट में जिसे बोया गया है, मेरे देशवासी आने वाले समय में देखेंगे, वो ऐसा वटवृक्ष बनने वाला है, विश्वास का ऐसा वटवृक्ष बनने वाला है, जिसकी छाया में आने वाली पीढ़ियां सदियों तक एक गर्व के साथ अपना सीना तान करके खड़ी रहेंगी, ये मुझे विश्वास है।

इस जी-20 में एक बहुत बड़ा काम हमने किया है, बायोफ्यूल एलाएंस का। हम विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं, दिशा दे रहे हैं। और विश्व को बायोफ्यूल एलासंस में दुनिया के सभी मित्र देश देखते ही देखते उसकी सदस्यता ले रहे थे, और एक बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा होने जा रहा है और जिसका नेतृत्व ये हमारा भारत कर रहा है। छोटे-छोटे महाद्वीप उनके साथ भी आर्थिक कॉरिडोर बनाने की दिशा में हमने बड़ी मजबूती के साथ कदम उठाए हैं।

आज हम यहां से विदाई ले करके नए भवन में जा रहे हैं। संसद के नए भवन में बैठने वाले हैं। और ये शुभ है, गणेश चतुर्थी के दिन बैठ रहे हैं। लेकिन मैं आप दोनों महानुभावों को एक प्रार्थना कर रहा हूं, एक विचार आपके सामने रख रहा हूं। मैं आशा करता हूं कि आप दोनों मिल करके उस विचार पर जहां भी जरूरत पड़े मंथन करके कुछ निर्णय अवश्य करिए। और मेरी प्रार्थना है, मेरा सुझाव है कि अब हम जब नए सदन में जा रहे हैं, तब इसकी गरिमा कभी भी कम नहीं होनी चाहिए। इसे सिर्फ पुरानी पार्लियामेंट कह करके छोड़ दें, ऐसा नहीं होना चाहिए।

इसलिए मेरी प्रार्थना है कि भविष्य में अगर आप सहमति दें दोनों महानुभाव, तो इसको संविधान सदन के रूप में जाना जाए।

ताकि ये हमेशा-हमेशा के लिए हमारी जीवन प्रेरणा बना रहेगा और जब संविधान सदन कहेंगे तब उन महापुरुषों की याद इसके साथ जुड़ जाएगी जो कभी संविधान सभा में यहां बैठा करते थे, गणमान्य महापुरुष बैठा करते थे, और इसलिए भावी पीढ़ी को ये तोहफा भी देने का अवसर हमें जाने नहीं देना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### सिसई में भाजपा की संकल्प यात्रा आज

**गुमला।** सिसई के रावण दहन मैदान में बुधवार को भाजपा की संकल्प यात्रा होनी है। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी होंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। संकल्प यात्रा से राज्य की वर्तमान सरकार की नाकामियों को जनता के समक्ष उजागर किया जायेगा। सरकार की नीतियों को लेकर बाबूलाल हमला करेंगे। तैयारी में पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव भी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने प्रवीन



**लोहरदगा।** शहर के अपर बाजार दुर्गा पूजा समिति की बैठक संरक्षक दीपक सर्राफ की अध्यक्षता में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में हुई। जिसमें पुरानी कमेटी भंग कर नई कमेटी बनायी गयी। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रवीण तमेड़ा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा एवं निखिल बर्मन, सचिव शशांक बर्मन सहसचिव चंदन राजगढ़िया एवं अनुराग पोद्दार, कोषाध्यक्ष शैलेश पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष अतुल सर्राफ एवं 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये हैं। 20 को स्कूल परिसर में बैठक रखी गयी है। बैठक में दीपक सर्राफ, विमल बांका, संदीप पोद्दार, प्रवीण तमेड़ा, शशांक बर्मन, शैलेश पोद्दार, चंदन राजगढ़िया, मनीष पोद्दार, निखिल बर्मन, हनुमान पोद्दार, अमर पोद्दार, रितेश सोनी, रोहन तमेड़ा, हर्षित गर्ग, रजत तमेड़ा, अतुल सर्राफ, शुभम साहू आदि मौजूद थे।

### तीन दिवसीय गणेश उत्सव शुरू



**भंडरा।** भंडरा में नवयुवक गणेश पूजा धूमधाम से मना रहे हैं। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल बनाकर स्थापित की गयी है पूजा समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि भगवान गणेश का उत्सव भंडारा में तीन दिनों तक मनाया जायेगा आज पंडाल कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पुरोहित आनंद दुबे पूजा पाठ करा रहे हैं। पंडाल का उद्घाटन भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने फीता काटकर किया। थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश उत्सव शांति एवं सदभाव पूर्ण वातावरण में मनाया जाये। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने से त्यौहार का उत्साह दुगना हो जाता है। भंडरा में गणेश उत्सव इस वर्ष शुरू हुआ है। जिसमें पंडाल बनाकर मूर्ति स्थापित की गयी है। पूजा को संपन्न कराने में आनंद दुबे, श्रीकांत गुप्ता, राजेश भगत, सूरज ठाकुर, भास्कर यादव, रोशन कुमार व गांव के अन्य युवाओं का योगदान है।

### घाघरा प्रखंड मुख्यालय में दो स्थानों पर गणेश पूजा धूमधाम से आयोजित

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय में माधवंस क्लब थाना चौक घाघरा और गणेश पूजा समिति के दो पूजा पंडालों में मंगलवार को गणेश पूजा धूमधाम से आयोजित की गई। इस क्रम में आचार्य प्रशांत पाठक और नीरज कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन करायी। वहीं गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज एवं उनकी धर्मपत्नी और जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, भाजपा नेता अशोक उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। माधवंस क्लब के पूजा पंडाल का उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ क्षितिज राज ने किया। इस क्रम में सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि भगवान गणेश सभी के जीवन मैं खुशहाली लाये। शांतिपूर्ण व्यवस्था में पूजन पाठ करें वही दोनों पूजा पंडालो में विशेष आकर्षण लाइटिंग साज सजा की गयी थी। मौके पर लोगों में संतोष गुप्ता, शंभू कुमार साहू, नीरज साहू, राहुल कुमार, दीपक कुमार, जसवंत महतो, निखिल गुप्ता, क्षितिज राज, प्रवीण कुमार, सचिन कुमार, नवीन कुमार, विपिन साहू, संजय साहू, चंद्रशेखर भगत, बसंत साहू, टिंकू गुप्ता, प्रभात गुप्ता, सत्यम गुप्ता, प्रशांत गुप्ता व कई सदस्य उपस्थित थे।

### बाल विवाह, बाल मजदूरी आदि को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी



**गुमला।** झालसा रांची के दिशा निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन पर मंगलवार को डालसा गुमला ने 100 दिवसीय जागरूकता तथा आउटरिच कैंपेन के तहत प्रभात फेरी निकाली। जिसमें एसएस गर्ल्स हाई स्कूल के छात्राओं ने भाग लिया तथा कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, लिगल डिफेंस के विद्या निधि शर्मा, इंदू पांडे, जितेन्द्र सिंह अधिवक्तगण, मध्यस्थ, पीलभी जोसेफ किन्डो, तितरू उरांव, डालसा के कर्मचारी श्री प्रकाश पाण्डे, अरविंद कुमार, आशा लकडा, मनीश, जितेन्द्र तथा अमन, आदि, उपस्थित थे। प्रभात फेरी के द्वारा बच्चो के संपूर्ण विकास तथा शिक्षा पर जोर दिया गया तथा बच्चों को बाल विवाह, बाल मजदूरी तथा अन्य अपराधों से बचाने का संदेश दिया गया।

### डुमरी प्रखंड सहित कई गावों में धूमधाम से की गयी गणेश पूजा

**डुमरी।** प्रखंड क्षेत्र के गांव सहित कई जगहों में धूम धाम के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गयी। डुमरी दुर्गा मंदिर, सहित गणपति बप्पा मोरया क्लब के द्वारा ब्लॉक रोड डुमरी में धूमधाम से पूजा मनायी गयी। गणपति बप्पा मोरया क्लब के द्वारा ब्लॉक रोड पर पंडाल का निर्माण किया गया है और सभी सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना की गई। मौर्य क्लब के अध्यक्ष संजय केसरी ने बताया कि पूजा होने के बाद रात्रि में बच्चों के द्वारा अति मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं कार्यक्रम के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है। मैके पर नीतिश केशरी, विवेक केशरी, मनीष कुमार संतोष केशरी, सुभम केशरी, राहुल केशरी, अनिरूद केशरी, शंकर कुमार, कन्हैया केसरी, दीपक गुप्त, चंदन गुप्त, रितेश केशरी, विशाल केशरी भी थे।

# आठ अक्टूबर को जगन्नाथ मैदान में विहिप की धर्मसभा : गंगा प्रसाद

## 29 से 7 अक्टूबर तक झारखंड में 156 स्थानों पर होंगी छोटी सभायें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत टोली के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम में हुई। इसकी अध्यक्षता गंगा प्रसाद यादव ने की। श्री यादव ने कहा कि 8 अक्टूबर को धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथ मैदान में होने वाला धर्मसभा ऐतिहासिक एवं भव्य होगा। उन्होंने कहा भगवान श्री रामलला जी का टाटवास अब पूर्ण होने वाला है। आगामी जनवरी माह में भव्य मंदिर में प्रतिष्ठापित होंगे। उन्होंने कहा इस पुण्य काल में सभी कार्यकताओं को समय दान देना होगा। उन्होंने समस्त हिंदू जनमानस को 8 अक्टूबर को धर्मसभा में उपस्थित होकर भगवान श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा को अर्पण करने का आव्हान किये। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों से जिलाशः शौर्य जागरण रथ यात्रा व धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथ मैदान में होने वाले विशाल धर्मसभा की तैयारी को लेकर मार्गदर्शन किया। प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा झारखंड के 4 स्थानों से निकलने वाली शौर्य जागरण यात्रा सभी जिलों से होते हुये 8 अक्टूबर को श्री श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा के धर्मसभा में पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया चारों मार्ग में 29 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 156 स्थान पर छोटी-छोटी सभाएं होंगी। कई स्थानों पर झांकियां निकाली जायेगी। बैठक में मुख्य से रूप से मनोज पोद्दार, रंगनाथ महतो, दीपक ठाकुर, अरविंद सिंह, मनोज चंद्रवंशी, गिरिजाशंकर पांडेय, अनूप यादव, अजय वर्मा, विनय कुमार, विजय यादव, कुलदीप सिंह, कोलेश्वर टुडू, गणेश शंकर विद्यार्थी, रौशन गोनू जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष का शव कोलकाता से सिंदरी पहुंचते ही पसरा मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह सिंदरी निवासी गुना राम गोस्वामी के छोटे पुत्र विमान गोस्वामी (37) का शव मंगलवार की शाम कोलकाता से सिंदरी पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के बताया कि शव का अंतिम संस्कार सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर किया जाएगा। मृदुभाषी विमान गोस्वामी काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। विमान भाजयुमो के धनबाद जिला उपाध्यक्ष सहित हिंदू युवा वाहिनी सिंदरी के संस्थापक सदस्य थे। बताते चलें कि शुक्रवार को विमान गोस्वामी की तबीयत बिगड़ने पर कोलकाता के रुबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तबीयत में कोई खास सुधार नहीं होने के कारण रविवार को अपोलो अस्पताल कोलकाता में रेफर किया गया और सोमवार की सुबह उन्होंने अपोलो अस्पताल में अंतिम साँस ली। परिजनों ने बताया कि हृदयगति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया है। उनके पिता सिंदरी एसकेफोर कॉलोनी निवासी गुना राम गोस्वामी डेकोरेटर एशोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पेट्रॉन पद पर रहे हैं। उनकी तबियत भी ठीक नहीं है। बड़े भाई विप्लव गोस्वामी तथा चाचा अजय गोस्वामी सहित माता पिता, पत्नी व एक छोटे पुत्र का रो रोकर बुरा हाल है। उनके घर पर लोगों का ताँता लगा रहा और स्व विमान को भाजपा के झंडे सहित माला ओढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई है। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा नेता शैलेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला महामंत्री सोनू गिरी सहित डेकोरेटर एशोसिएशन सदस्य मौजूद रहे।

# तालाब में डूबने से चार बच्चियों की मौत, एक की हालत गंभीर

### जावा बालू (मिट्टी) उठाव के लिये गयी थीं स्नान करने

खबर मन्त्र संवाददाता



तालाब में शव ढूंढते गोताखोर।

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के पचम्बा थाना इलाके के पेठियाटांड के समीप सोना महतो तालाब में बड़ा हादसा हो गया है। यहां करमा पूजा को लेकर स्नान करने पहुंची पांच बच्चियां तालाब में डूब गईं।शोर होने के बाद लोग मौके पर पहुंचे तो तीन बच्चियों को शुरूआत में ही निकाल लिया गया। बाकी बची दो बच्चियों की खोज में ग्रामीण जुटे और काफी मशक्कत के बाद अन्य दोनों बच्चियों को भी निकाल लिया गया है। पांच बच्चियों में से चार की मौत हो गई है।जबकि एक बच्ची कि हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि मंगलवार को करमा पूजा को लेकर जावा बालू (मिट्टी)उठाव करने और स्नान करने, हंडाडीह की बच्चियां सोना महतो तालाब आयी थी। यहां पर सभी स्नान करने लगी। इसी दौरान पांच बच्चियां गहरे पानी में चली गईं। इस दौरान शोर हुआ तो ग्रामीणों का जुटान हुआ।लोग तालाब में कूदे और बच्चियों को खोजा जाने लगा।तीन को कुछ देर में ही निकाल लिया गया।जबकि दो बच्चियों की खोज में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। काफी देर की मेहनत के बाद सभी बच्चियों को निकाला गया। निकाली गई बच्चियों में से चार की मौत हो गई है एक बच्ची की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सभी बच्चियों को सदर अस्पताल लाया गया हैं।इधर मामले की सूचना पर पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह भी पहुंचे। घटना से थानेदार ने वरीय अधिकारियों को भी अवगत कराया है।थाना प्रभारी ने कहा कि नहाने के क्रम में बच्चियां डूबी हैं। इधर अस्पताल में अन्य अधिकारी भी पहुंचे हैं। दूसरी तरफ परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ।चार बच्चियों की मौत की पुष्टि एसपी दीपक कुमार शर्मा ने की है।

### तालाब से शव बरामद

**कतरास।** मंगलवार को बरोरा थाना क्षेत्र में माथाबांध स्थित तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग सुबह तलाब पहुंचे तो एक अज्ञात शव को तैरता हुआ देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस की टीम ने शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि रात में मूर्ति विसर्जन के दौरान गिर गया होगा और जिससे उसकी मौत हो गई होगी।

दिवंगत रचनाकारों को श्रद्धांजलि

# ललितेश मिश्र का जाना मैथिली साहित्य के लिए बड़ी क्षति: प्रमोद झा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर मैथिली के आलोचक, कथाकार, अनुवादक एवं अंग्रेजी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक ललितेश मिश्र एवं उड़िया के प्रमुख साहित्यकार जयंत महापात्र के निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई। मौके पर दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि ललितेश मिश्र का असमय हम सबके बीच से चले जाना मैथिली साहित्य के लिए एक बड़ी क्षति है। अंग्रेजी प्राध्यापक के पद से सेवानिवृत्ति के बाद वह निरंतर अपनी मातृभाषा मैथिली में साहित्य सृजन के प्रति समर्पित थे। मैथिली पत्रिका भारती मंडन के संपादक केदार कानन ने कहा कि ललितेश मिश्र जी लगातार साहित्य सृजन में संलग्न थे और मैथिली के युवा साहित्यकारों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते रहते थे। उनका मानना था कि मैथिली की युवा प्रतिभाओं में बहुत ऊर्जा है, बस उन्हें सही दिशानिर्देश एवं प्रोत्साहन की जरूरत है। प्राध्यापक डॉ नरेंद्र झा ने कहा कि ललितेश जी लोकप्रिय अध्यापक, मिलनसार मित्र एवं सुलझे हुए साहित्यकार थे। कवि कृष्णमोहन झा ने कहा कि ललितेश जी एक अच्छे कथाकार भी थे। बहुत कम लोगों को पता होगा कि ललितेश जी कवि भी थे और उन्होंने बहुत सी कविताएं लिखी हैं, जिनमें से कुछेक ही प्रकाशित हो पाई हैं। ललितेश जी का अचानक निधन स्तब्ध करने वाला है। कथाकार अमरनाथ झा ने कहा कि ललितेश जी का निधन बहुत दुखद है। मैथिली साहित्य एवं मिथिला समाज को उनसे काफी उम्मीदें थीं। उन्होंने मैथिली कविताओं का अनुवाद कर उसे पाएड पोएसी के रूप में प्रकाशित किया। बी एन झा एवं जयन्त जी ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 21 से

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, रांची का 56वां चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 21 से 24 सितंबर 2023 तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में होगा। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस वार्ता में सुरेश चंद्र पोद्दार ने दी। प्रेस वार्ता में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, प्रमोद बगड़िया, विकाश पाड़िया, मनोज ढांढनियां, नितेश लाखोटिया, अरुण धानुका, नितेश केजरीवाल भी उपस्थित थे। बताया गया कि विगत 3 माह से मंडल के सैकड़ों सदस्य विभिन्न उप समातियों के माध्यम से महोत्सव की तैयारियों में समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं । मंदिर परिसर की साफ-सफाई व रंग-रोगन का कार्य पूर्ण हो चुका है। मंदिर की साज सज्जा के लिए कोलकाता के कुशल कारीगरों का जत्था पूर्ण तन्मयता के साथ कार्य में जुटा हुआ है। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष महोत्सव में श्री श्याम दरबार का श्रृंगार एक विशिष्ठ स्थान रखता है। श्री श्याम प्रभु व मंदिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार के मनमोहक श्रृंगार के लिए कोलकाता से ही कुशल मालाकार रांची पहुंच चुके हैं। महोत्सव में आने वाले भक्तों को पूर्ण सुविधा मिले, इस कार्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। भक्तों की चरण पादुका रखने की व्यवस्था की जा रही है। 21 सितंबर को प्रातः 8 बजे श्री श्याम मन्दिर में श्रृंगार आरती के पश्चात मंडल के सदस्य श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ सुकुरहुटू गोशाला के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां विधिवत गौ माता का पूजन-वंदन के पश्चात गायों को गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी व चारा भावपूर्ण रूप से खिलाया जाएगा। सनातन संस्कृति में गोमाता का सर्वोच्च स्थान है, इसलिए उनके पूजन वंदन के साथ श्री श्याम मोहत्सव का शुभारंभ होगा । 22 सितंबर को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु की विराट शोभायात्रा प्रारम्भ होगी। शोभा यात्रा में श्रीकृष्ण लीला पर आधारित झांकियों का समावेश होगा। पूरे यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शहर के विभिन्न संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत एवं श्री श्याम प्रभु की आरती की जायेगी। पूरी शोभा यात्रा में मंडल द्वारा प्रसाद वितरण किया जायेगा। 23 सितंबर 2023 को श्रीश्याम मोहत्सव का मुख्य कारक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9 बजे प्रारम्भ होगा। श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अत्यंत मनोहरी श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी भव्य श्रृंगार किया जाएगा। मंडल द्वारा प्रकाशित 56वें प्रेम पुष्प का विमोचन रांची के पूर्व सांसद एवं समाजसेवी महेश पोद्दार द्वारा किया जायेगा। रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु की दिव्य एवं अष्ठ प्रहर की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जायेगी। श्री श्याम मंडल की वंदना के पश्चात विशेष रूप से मुंबई से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक साकेत बैरोलिया एवं गुमला, कोलकाता की मंडलियों द्वारा संपूर्ण रात्रि भजनों की अमृत वर्षा कर श्री श्याम प्रभु को रिझायेंगे । 24 सितंबर 2023 को प्रातः 8 बजे 501 पुरुष एवं महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेश भूषा में संगीतमय सुन्दर कांड का पाठ किया जायेगा। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल, रांची, श्री शिव भक्त मंडल, रांची एवं कोलकाता से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक ज्योति खन्ना अनवरत भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित श्री श्याम मोहत्सव का सीधा प्रसारण श्री श्याम मंडल के यू-ट्यूब चैनल पर किया जायेगा। रात्रि 10 बजे मंडल के मंत्री धीरज बंका अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद महाआरती के साथ चार दिवसीय श्री श्याम मोहत्सव का समापन होगा।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा विंग की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा विंग की सप्ताहिक बैठक मंगलवार को हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कमांड के अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू ने की। उन्होंने कहा कि सभी अनुशासन में रहकर अपने अपने जिम्मेदारी को समझकर कर्तव्यनिष्ठ होकर संगठन और समाज को बढ़ाने में अपना योगदान दे। जहां कार्य समाज हित देश हित मे हो, वहां अपने अपने क्षमता के अनुकूल योगदान अवश्य दे। साथ ही, बच्चों का व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण हो और बच्चों में देशभक्ति की भाव जागे, इस पर विशेष रूप से जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बच्चों को जोड़कर सप्ताहिक बैठक कर उनको अनुशासन, देश भक्ति, महापुरुषों की कथा, देश भक्ति का पाठ पढ़ाकर उनको अच्छा इंसान बंनाने पर जोर दिया जाये। बैठक में मुन्ना कुमार, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, अमित कुमार, आयुष कुमार अग्रवाल, सौरभ कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार, सौरभ उपाध्याय, निशांत मिश्रा, ऋषभ कुमार, स्वेता आर्या, अंकित प्रज्ञा, अनुषा कुमारी, स्वेता कुमारी, लवली कुमारी आदि उपस्थित थे।

## शर्मसार : दुकान आवंटन के नाम पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

# जिला परिषद के नाजिर मो. मेराज समेत तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार तीनों आरोपी को ले जाती पुलिस।

**चतरा।** जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां जिला परिषद कार्यालय में दो सरकारी बाबुओं एवं मयूरहण्ड ब्लॉक नाजीर ने सिमरिया में जिला परिषद की दुकान आवंटित करने के नाम पर एक महिला के साथ दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम दिया है। महिला की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस ने महिला के साथ गैंगरेप करने के आरोपी जिला परिषद के नाजीर मोहम्मद मेराज, कर्मी सौरभ कुमार एवं मयूरहंड प्रखंड कार्यालय के नाजिर निरंजन पांडेय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से सदर थाना में पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं पीड़िता को पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिये ले गई है। पीड़िता के अनुसार सिमरिया में जिला परिषद कार्यालय के द्वारा निर्मित दुकान के आवंटन के नाम पर नाजीर ने दो अन्य कर्मियों के साथ मिलकर तीन बार गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता ने बताया कि नाजीर व दो अन्य आरोपियों ने उसके साथ जिला परिषद कार्यालय परिसर में स्थित उत्सव पैलेस होटल में दो बार व सदर प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित एक घर में एक बार गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद ये लोग उसे ब्लैकमेल कर रहे थे।

### तीन बार आरोपियों ने किया था यौन शोषण

पीड़ित महिला के साथ 13 अगस्त को मो. मेराज ने आधार कार्ड जमा करने के नाम पर बुलाया और एक कमरे में ले गया जहां पहले से मयूरहंड प्रखंड नाजिर निरंजन पांडेय मौजूद था। दोनो मिलकर जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद धमकी देते हुए कहा कि किसी को बतायेगी तो दुकान नही मिलेगा। 14 अगस्त को कर्मी सौरभ ने ड्राफ्ट लेकर आने को कहा। पहुंचने पर सौरभ और मो मेराज ड्राप्ट जमा करने के नाम पर डीसी ऑफिस के सामने स्थित उत्सव पैलेस में बुलाकर एक कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। जब हल्ला करना चाही तो हत्या करने की धमकी दी। इसके बाद तीनों आरोपी फोन कर चतरा आकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव देने लगा। इसके बाद पीड़िता सदर थाना में लिखित शिकायत की।

## पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिए गला दबाकर की गयी थी हत्या



**कोडरमा।** पुलिस ने जलवाबाद मदीना मस्जिद के कुछ दूरी पर अवस्थित बन्द घर से बीते 17 सितंबर को 8 वर्षीय अब्दुस समद उर्फ अलसमद के शव बरामदगी मामले का उद्भेदन करते हुए मासूम के हत्याकांड में शामिल दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है, दोनों आरोपी नाबालिग मृतक बच्चे का पड़ोसी है। मंगलवार को एसपी अनुदीप सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि मासूम का शव बरामद होने के उपरांत कांड का उद्भेदन के लिए कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था, टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों और तकनीकी सेल के द्वारा सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर उपरोक्त दोनों नाबालिग की संलिप्तता पाई गई, पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि अब्दुस समद को उसके घर के पास से बुलाकर, बहला फुसलाकर बन्द पड़े घर में ले गया और अपहृत बालक के गले में रस्सी से गला घोंट कर हत्या कर दिया और शव को छुपाने के लिए उसी घर के एक कमरे में प्लास्टिक से ढक दिए। एसपी ने बताया कि पकडे गए नाबालिगों के निशानदेही पर मृतक बालक के दाहिना पैर का एक हवाई चप्पल और घटना में प्रयुक्त रस्सी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में बताया कि पूर्व में चोरी किया था, उस घटना में पकड़वाने में मृतक के रिश्तेदार ने अहम भूमिका निभाई थी, उसी का बदला देने के लिए मासूम की हत्या किया था।

# एशियाई खेल में भाग लेने भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझाऊ रवाना




एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल हांगझाऊ 2022 में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को बेंगलुरु हवाई अड्डे से हांगझाऊ के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। करिश्माई डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि हार्दिक उनके डिप्टी होंगे। हरमनप्रीत ने कहा टीम 19वें एशियाई खेलों हांगझाऊ 2022 के लिए कड़ी तैयारी कर रही है। हमने हाल ही में संपन्न एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए लक्ष्य प्रदर्शन के उस स्तर को बनाए रखना है। हमारे पूल में कुछ कठिन प्रतिद्वंद्वी हैं, लेकिन हमें अपनी तैयारी पर भरोसा है और उम्मीद है कि हम पोडियम पर पहुंचेंगे। टीम में गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण पाठक शामिल हैं जबकि डिफेंडर की जिम्मेदारी वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह और संजय के हाथों में होगी। मिडफील्ड की कमान नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित और शमशेर सिंह द्वारा संभाली जाएगी, जबकि आक्रमण का नेतृत्व अभिषेक, गुरजंत सिंह, मंदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय करेंगे। हांगझाऊ रवाना होने से पहले, उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा टूनार्मेंट की अगुवाई में हमने कुछ कठिन अभ्यास सत्र किए हैं और शिविर में हर कोई एक ही लक्ष्य की ओर ध्यान केंद्रित करके काम कर रहा है। हम हांगझाऊ की यात्रा करने के लिए सर्वोत्तम मानसिक और शारीरिक स्थिति में हैं, और हम अपने ग्रुप में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद कर रहे हैं। भारत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा जबकि 26, 28 और 30 सितंबर को उसका मुकाबला क्रमशः सिंगापुर, जापान और पाकिस्तान से होगा। टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच दो अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी।

## भारतीय हॉकी टीम को रहेगी विश्व नंबर 1 बनने की तलाश

**हांगझाऊ।** ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से लेकर विश्व कप हासिल करने तक पिछली एक सदी के दौरान अधिकांश समय हॉकी के शिखर पर रहने के बावजूद भारतीय टीम की विश्व की नंबर एक टीम बनने की हसरत फिलहाल पूरी नहीं हो सकी है। एक जमाने में हॉकी में भारत का डंका बजता था और उसके सामने प्रतिद्वंदी टीम का टिक पाना बेहद मुश्किल समझा जाता था मगर समय के साथ पश्चिम के देशों ने भी हाकी में खुद को स्थापित किया। इस बीच रैंकिंग प्रणाली 2003 में अस्तित्व में आयी। नई रैंकिंग प्रणाली लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी टीम की रैंकिंग में उतार-चढ़ाव आया है। 2003 में हॉकी रैंकिंग प्रणाली शुरू होने पर पुरुष टीम छठे स्थान पर थी। उसी साल भारत ने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर पहली बार एशिया कप जीता।

### हॉकी टीम का कार्यक्रम

| |
|---|
| 24 सितंबर 2023 को, भारत बनाम उज्बेकिस्तान, 08:45 बजे भारतीय समयानुसार |
| 26 सितंबर 2023 को, भारत बनाम सिंगापुर, 06:30 बजे भारतीय समयानुसार |
| 28 सितंबर 2023 को, भारत बनाम जापान, 18:15 बजे भारतीय समयानुसार |
| 30 सितंबर 2023 को, भारत बनाम पाकिस्तान, 18:15 बजे भारतीय समयानुसार |
| 2 अक्टूबर 2023 को, भारत बनाम बांग्लादेश, 13:15 बजे भारतीय समयानुसार |
| मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। |

# विश्व कप से पहले खेल के समय और आराम के बीच संतुलन चाहते हैं दीपक



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा कि आने वाले दिनों में टीम प्रबंधन के लिए पर्याप्त खेल समय के माध्यम से अपने तेज गेंदबाजों की लय बनाए रखना और आइसीसी से पहले उन्हें तरोताजा रखना महत्वपूर्ण होगा। घरेलू मैदान पर विश्व कप से पहले भारत का अंतिम मुकाबला 22 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। इसके बाद वे इंग्लैंड (30 सितंबर) और नीदरलैंड्स (3 अक्टूबर) के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच खेलेंगे। इसके बाद भारत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। चाहर ने कहा, 'मुझे लगता है कि दोनों (खेल का समय और आराम) महत्वपूर्ण हैं। खिलाड़ियों को आराम दिया जाना चाहिए, लेकिन साथ ही उन्हें मैच खेलने का मौका भी मिलना चाहिए। लय महत्वपूर्ण है। यह एक खिलाड़ी के लिए बहुत अच्छा है जब वह अच्छी लय में हो और आपको ऐसा करना चाहिए। इसे आगे बढ़ाएं। हमारे पास ये 2-3 मैच हैं जिनसे हमें अच्छा अभ्यास मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया हमारे लिए एक अच्छा प्रतिद्वंद्वी है और हमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। यह उन्हें तरोताजा रखने और उनकी लय बनाए रखने के बारे में है। यह प्रबंधन का कॉल होना चाहिए।' चाहर ने एशिया कप में रिकॉर्ड तोड़ने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की भी सराहना की और कहा कि भारतीय तेज आक्रमण अच्छी स्थिति में होने से आइसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में मेन इन ब्लू की संभावनाओं में मदद मिलेगी।

## चेतेश्वर पुजारा पर चला अंग्रेजों का चाबुक

**होव (इंग्लैंड)।** भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को एक काउंटी मैच से निलंबित कर दिया गया है। उनकी टीम ससेक्स ने भी काउंटी चैंपियनशिप में 12 अंक गंवा दिए हैं। लीसेस्टरशायर के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पुजारा को यह सजा सुनाई गई है। बताया जा रहा है कि क्लब द्वारा एक ही सीजन में 4 निश्चित पेनल्टी की सीमा तक पहुंचने के बाद पुजारा को स्वचालित निलंबन मिला और वह इस सप्ताह डबीर्शायर के खिलाफ खेल के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ससेक्स ने 3 खिलाड़ियों जैक कार्सन, टॉम हैन्स और एरी कारवेलस को उनके व्यवहार के लिए बाहर करने का भी निर्णय लिया है। इस मुद्दे पर मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने कहा कि यह घटना शर्मनाक है। फारब्रेस ने कहा कि हमने जैक और टॉम को डबीर्शायर के खिलाफ मैच से बाहर रखा है। अंपायरों और मैच रेफरी ने दोनों खिलाड़ियों पर मैदान पर लेवल एक और लेवल दो के अपराधों का आरोप लगाने के फैसले लिया है। बार-बार टीम के खिलाड़ियों द्वारा कानून तोड़ने का असर कप्तान पुजारा पर पड़ा। पुजारा अब अगला मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा उनकी टीम के 12 अंक भी कट जाएंगे। यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि ससेक्स को पहले सीजन के शुरूआती भाग में अंपायरों द्वारा 2 बार मंजूरी दी गई थी, जिसमें पुजारा पर डरहम के खिलाफ शुरूआती गेम में लेवल 1 के अपराध का आरोप लगाया गया था और हेन्स को यॉर्कशायर की होव यात्रा के बाद भी इसी तरह फटकार लगाई गई थी।

# टीम में न चुने जाने पर संजू सैमसन ने फेसबुक पर स्माइल इमोजी शेयर कर दर्द छिपाने की कोशिश की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एशिया कप, वर्ल्ड कप के बाद संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से भी दरकिनार कर दिया गया। खुद को मौका न दिए जाने के बाद संजू सैमसन ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू ने फेसबुक पर स्माइल वाली इमोजी शेयर कर अपना दर्द छिपाने की कोशिश की है। भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने मिलकर सोमवार रात वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय टीम की घोषणा की थी, जिसके चंद घंटे बाद यानी देर रात संजू सैमसन ने सोशल मीडिया पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की सीरीज के शुरूआती दो मुकाबलों में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बड़े नामों को आराम दिया गया था। रुतुराज गायकवाड़ और प्रसिद्ध कृष्णा को एशियाई खेलों में शामिल करने के बावजूद स्क्वॉड में जगह मिली। मगर संजू का न चुना जाना फैंस समेत कई एक्सपर्ट्स की समझ से परे था। रविचंद्रन अश्विन को तीनों मैच में मौका मिला है जबकि शुरूआती दो मैच में रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की कमान हार्दिक पंड्या संभालेंगे।




### इरफान पठान भी सपोर्ट में उतरे

पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने ट्वीट किया, 'अगर मैं अभी संजू सैमसन की जगह होता, तो मुझे बहुत निराशा होती..।' 28 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 13 वनडे मुकाबलों में 55.71 की औसत से 390 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने आखिरी वनडे मैच में 41 गेंदों में 51 रन बनाए थे।

## बीसीसीआइ ने दिया रजनीकांत को गोल्डन टिकट



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने मंगलवार को दक्षिण भारतीय फिल्मो के सुपर स्टार राजनीकांत को आगामी क्रिकेट विश्व कप का गोल्डन टिकट दिया है। बीसीसीआइ बोर्ड के सचिव जयशाह ने आज भाषा और संस्कृति से परे जाकर लाखों लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ने वाले महान अभिनेता रजनीकांत को गोल्डन टिकट प्रदान किया। बीसीसीआइ ने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने रजनीकांत को गोल्डन टिकट देकर सम्मानित किया।

## आइएसएसएफ विश्व कप 2023 में भारत ने जीता दूसरा पदक



**रियो डी जनेरियो।** भारत की निश्चल ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आइएसएसएफ विश्व कप 2023 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक जीता। आइएसएसएफ विश्व कप के अंतिम दिन 19 वर्षीय भारतीय निशानेबाज के पोडियम फिनिश के साथ भारत के पदकों की संख्या दो हो गई। इससे पहले इलावेनिल वलारिवन ने शनिवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। रियो में आयोजित आइएसएसएफ विश्व कप में कुल 16 भारतीय निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। हालांकि, एशियाई खेल में भाग लेने वाले भारत के निशानेबाजों ने इस मीट में हिस्सा नहीं लिया।

# आइसीसी ने तीन भारतीयों सहित 8 लोगों पर लगाये भ्रष्ट गतिविधियों के आरोप

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने 2021 एमिरेट्स टी10 लीग के दौरान भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने के लिए आठ खिलाड़ियों, अधिकारियों और कुछ भारतीय टीम मालिकों पर विभिन्न आरोप लगाए हैं। दो भारतीय सह मालिक पराग संघवी और कृष्ण कुमार हैं। ये दोनों टीम पुणे डेविल्स के सह मालिक हैं और उस सत्र में इनके एक खिलाड़ी बांग्लादेश के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज नासिर हुसैन पर भी लीग की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने वाला तीसरा भारतीय एक अंजान सा बल्लेबाजी कोच सन्नी ढिल्लों है। आइसीसी ने कहा, आरोप 2021 अबु धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूनार्मेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं। इन प्रयासों को बाधित किया गया था। आइसीसी को इस टूनार्मेंट के लिए ईसीबी ने नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी (डीएसीओ) के रूप में नियुक्त किया गया था और इस प्रकार इसीबी की ओर से ये आरोप जारी किए जा रहे हैं। संघवी पर मैच के नतीजों और अन्य पहलुओं पर सट्टा लगाने तथा जांच एजेंसी के साथ सहयोग नहीं करने के आरोप लगे हैं। कृष्ण कुमार पर डीएसीओ से चीजों को छिपाने के आरोप लगे हैं जबकि ढिल्लों पर मैच फिक्स करने का प्रयास करने के आरोप हैं। बांग्लादेश के लिए 19 टेस्ट और 65 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले नासिर पर डीएसीओ को 750 डॉलर से अधिक के तोहफे की जानकारी का खुलासा नहीं करने का आरोप लगा है। जिन अन्य लोगों को निलंबित किया गया है उनमें बल्लेबाजी कोच अजहर जैदी, यूएई के घरेलू खिलाड़ी रिजवान जावेद और सालिया समन और टीम मैनेजर शादाब अहमद शामिल हैं। तीन भारतीयों सहित छह लोगों को अस्थाई रूप से निलंबित किया गया है और इन सभी के पास आरोपों का जवाब देने के लिए मंगलवार से 19 दिन का समय होगा।

## अंशु के फर्जी अश्लील वीडियो में एक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** एशियाई पहलवान अंशु मलिक की फर्जी अश्लील वीडियो वायरल होने पर जींद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अंशु की मॉर्फ्ड तस्वीर का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर एक 30 सैकेंड की अश्लील वीडियो डाली थी। अंशु के पिता धर्मवीर ने हरियाणा के जींद के सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी जिसके बाद यह कार्रवाई हुई। अंशु के चाचा संदीप मलिक ने बताया कि अंशु की तस्वीर इंटरनेट से ली गई थी। वीडियो एक अलग लड़की और लड़के का है और यह लगभग 2 साल पुराना है। वीडियो में दिखाए गए जोड़े अब पति-पत्नी हैं। लड़की हिमाचल प्रदेश की है और लड़का हरियाणा का है। दोनों पहलवान रहे हैं। अंशु की तस्वीर को वीडियो में एक टेम्पलेट के रूप में इस्तेमाल किया गया था। हमारा पूरा परिवार इस समय सदमे में है।

## मोहम्मद शमी को घरेलू हिंसा मामले में मिली जमानत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कोलकाता की एक निचली अदालत ने मंगलवार को भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को उनकी पत्नी हसीन जहां द्वारा उनके खिलाफ दायर घरेलू हिंसा के मामले में जमानत दे दी। शमी के बड़े भाई मोहम्मद हसीब को भी मंगलवार को इसी अदालत ने जमानत दी थी। मंगलवार को दोनों भाई निचली अदालत में पेश हुए जहां उनके वकील ने जमानत याचिका दायर की जिसे अंततः मंजूर कर लिया गया। मार्च 2018 में भारत के तेज गेंदबाज की पत्नी ने घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था। अपनी शिकायत में उन्होंने शमी के कथित 'विवाहेतर' संबंधों का विरोध करने के बाद शमी पर शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में शमी और उनके बड़े भाई से भी पूछताछ की थी और दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था। हालांकि कोलकाता की एक निचली अदालत ने उस वारंट पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जहां ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हालांकि उच्च न्यायालय ने भी निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा था। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया, जिसने हाल ही में मामले को उसी निचली अदालत में फिर से भेज दिया और मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद अंतिम निर्णय पर आने का निर्देश दिया। बता दें कि इस साल जनवरी में अदालत ने भारत के तेज गेंदबाज को जहां को 1.30 लाख रुपए का मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, जिसमें 50,000 रुपए व्यक्तिगत गुजारा भत्ता के रूप में और शेष 80,000 रुपए उनकी बेटी के भरण-पोषण की लागत के लिए थे, जो उनके साथ रह रही है।

## चेन्नइयिन एफसी ने लजार के साथ किया अनुबंध

**चेन्नई।** चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब (एफसी) ने इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) 2023-24 सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर लजार सिर्कोविच के साथ अनुबंध कर अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत किया। इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले क्लब में अनुबंध कर शामिल किये जाने वाले सर्बियाई डिफेंडर पांचवें विदेशी खिलाड़ी है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने क्लब की मीडिया टीम को बताया, हमें लजार सिर्कोविच को क्लब में लाकर बहुत खुशी हो रही है। हमने उसको अपने साथ लाने के लिए काफी मशक्कत की। कई क्लबों ने उसमें बहुत रुचि दिखाई थी क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है।

## भारत में मोटो जीपी रेस के लिए कुछ प्रतिभागियों और अधिकारियों को अब भी वीजा का इंतजार

**ग्रेटर नोएडा।** भारत में होने वाली पहली मोटो जीपी में हिस्सा लेने वाले कुछ राइडर और टीम अधिकारियों को इस सप्ताहांत होने वाली रेस के लिए अब भी वीजा का इंतजार है जिसमें छह बार के चैंपियन मार्क मारक्वेज भी शामिल हैं। रेपसोल होंडा टीम से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनके राइडर मारक्वेज और जोआन मीर के भारत आने में वीजा मुद्दों के कारण विलंब हो रहा है। स्पेन के इन दोनों राइडर को बुधवार को मानेसर में होंडा इंडिया फेक्टरी का दौरा करना था लेकिन अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है। एक सूत्र ने बताया, वीजा मुद्दों के कारण राइडर अब तक भारत नहीं पहुंचे हैं। इसलिए कल के कार्यक्रम को रद्द करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।' डोर्ना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजक और अधिकार धारक हैं। फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के स्थानीय प्रमोटर हैं। मोटो जीपी टीमों के सामने आ रही वीजा समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के लिए हालांकि इन दोनों से ही संपर्क नहीं हो पाया है। 'रेस.कॉम' के अनुसार वीजा में विलंब के कारण टीमों से जुड़े बेहद कम कर्मचारी भारत पहुंच पाए हैं। फामूर्ला वन इंडियन ग्रां प्री के बंद होने के बाद भारत पहली बार मोटरस्पोर्ट में इस स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। वित्तीय, कर और नौकरशाही से जुड़े मुद्दों के कारण 2013 सत्र के बाद फामूर्ला वन इंडियन ग्रां प्री को कैलेंडर से हटा दिया गया था।

## पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया पर शानदार जीत के साथ अपने एशियाई खेलों के अभियान की शुरूआत की। तीन बार के एशियाड पदक विजेताओं ने मंगलवार को अपने पहले ग्रुप मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली टीम को 25-14, 25-13, 25-19 से हराया। भारतीय टीम अब अपने अगले मुकाबले में बुधवार को दक्षिण कोरिया का सामना करेगी। बता दें कि एशियाई खेलों की वॉलीबॉल स्पर्धा में भारत की यात्रा में दशकों से उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। देश को सफलता का पहला स्वाद 1958 में मिला, जब पुरुष टीम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के बाद 1962 में उन्हें रजत पदक मिला, जिसमें उनकी एकमात्र हार जापान के हाथों हुई, जिसने स्वर्ण पदक जीता।

# रोनाल्डो का ईरान में भव्य स्वागत, प्रशंसकों ने घेरी बस

**तेहरान।** एएफसी चैंपियंस लीग के तहत तेहरान स्थित क्लब पसेर्पोलिस के खिलाफ मुकाबले के लिए 5 बार के बैलन डी'ओर विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो ईरान की राजधानी पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ। अल नासर को कतर के अल-दुहैल एससी, ताजिकिस्तान के एफसी इस्तिक्लोल और पसेर्पोलिस के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एसीएल के 21वें संस्करण का ड्रा 24 अगस्त को मलेशिया के कुआलालम्पुर में आयोजित किया गया था। अल नासर ने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा की है जिसमें रोनाल्डो की एक झलक पाने के लिए भीड़ बेताब दिख रही है, इस कारण अल नासर टीम की बस को बहुत धीमी गति से आगे बढ़ाना पड़ा। एक युवा प्रशंसक बहुत भावुक था और रियल मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी का प्लेकार्ड पकड़कर रो रहा था। लोग इस पल को यादगार बनाने के लिए टीम बस की तस्वीरें भी खींच रहे थे। 38 वर्षीय पुर्तगाली स्टार खिलाड़ी ने क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड से चौंकाने वाले निकास के बाद जनवरी 2023 को अल नासर के साथ अनुबंध किया। सऊदी प्रो लीग में अपने पदार्पण के बाद रोनाल्डो ने अब तक 31 गोल किए हैं जबकि 27 एसिस्ट किए हैं। हाल ही में रोनाल्डो ने रियाद स्थित क्लब के लिए स्टार स्ट्राइकर सादियो माने और क्रोएशियाई स्ट्राइकर मासेलो ब्रोजोविक के साथ जोड़ी बनाई थी। बहरहाल, लीग में अस नासर का मुकाबला शुक्रवार को भारतीय समयानुसार रात 11.30 बजे होगा।

# एशियाई खेल : फुटबॉल में चीन से हारा भारत



एजेंसी

**हांगझोऊ।** चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों की आधिकारिक शुरूआत 23 सितंबर को होगी। उससे पहले कुछ खेलों की स्पधाएं शुरू हो चुकी हैं। मंगलवार (19 सितंबर) को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का सामना ग्रुप ए में चीन से हुआ। टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही और उसे चीन ने 5-1 से हरा दिया। भारत को अगले राउंड में पहुंचने के लिए अब बांग्लादेश और म्यांमार के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। चीन ने मैच का पहला गोल किया। उसके लिए 16वें मिनट में जाओ टियानयी ने पहला गोल किया। इंजरी टाइम (45+1वें मिनट) में भारत के लिए राहुल केपी ने पहला गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया, लेकिन दूसरे हाफ में भारतीय टीम का प्रदर्शन निशाराजनक रहा। चीन ने दूसरे हाफ में चार गोल दागे और मैच को अपने नाम कर लिया। 51वें मिनट में बेईजून डाई ने गोल किया। कियांगलॉन्ग टाओ ने 71वें और 74वें मिनट में गोल किया। मैच खत्म होने से ठीक पहले इंजरी टाइम (90+2वें मिनट) में चीन ने पांचवां गोल किया। उसके लिए हाओ फांग ने गोल किया।

### चीन ने की थी आक्रामक शुरुआत

चीन की टीम ने मैच आक्रामक शुरूआत की। शुरूआती छह मिनट में उसने ताबड़तोड़ दो हमले किए। भारतीय डिफेंडर ने किसी तरह दोनों मौकों पर गेंद को गोलपोस्ट में नहीं जाने दिया। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने 14वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल करने का शानदार प्रयास किया। उनका डायरेक्ट शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया। चीन ने 16वें मिनट में 0-0 के डेडलॉक को तोड़ा। कॉर्नर पर उसके खिलाफ जाओ टियानयी ने शानदार गोल किया। भारतीय टीम के गोलकीपर गुरमीत जब तक कुछ कर पाते गेंद गोलपोस्ट में जा चुकी थी।

### गुरमीत ने पेनाल्टी बचायी

मैच के 23वें मिनट में भारत के गोलकीपर गुरमीत ने बड़ी गलती की। उन्होंने चीन के खिलाड़ी टैन लॉन्ग को बॉक्स में रोकने का प्रयास किया। रेफरी ने उनके प्रयास को फाउल करार देते हुए चीन को पेनल्टी दे दी। गुरप्रीत को यलो कार्ड दिखाया गया। हालांकि, इसके बाद उन्होंने गलती सुधारी और शानदार वापसी की। गुरमीत ने चीन के कप्तान चेंजी झू को पेनल्टी पर गोल नहीं करने दिया। उन्होंने पेनल्टी का बचाव किया और भारत को मैच में 0-2 से पिछड़ने से बचा लिया।

### राहुल ने किया शानदार गोल

हाफटाइम की घोषणा से ठीक पहले भारत ने मैच में वापसी की। इंजरी टाइम में (45+1वें मिनट) में राहुल ने केपी ने शानदार गोल किया। भारतीय टीम 1-1 की बराबरी पर आ गई।

### फीफा रैंकिंग में ग्रुप में चीन सबसे आगे

ग्रुप-ए में भारत और चीन के अलावा बांग्लादेश और म्यांमार की टीमें हैं। फीफा रैंकिंग की बात करें तो चीन 80वें और भारत 99वें स्थान पर है। म्यांमार 160वें और बांग्लादेश 189वें नंबर पर है।

# एशियाई खेल के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम घोषित



एजेंसी

**लखनऊ।** चीन के हांगझोऊ में आगामी 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक आयोजित एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला हैंडबाल टीम की घोषणा कर दी गयी है। महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान भारतीय रेलवे की ज्योति शुक्ला और उपकप्तान हिमाचल प्रदेश की दीक्षा कुमारी बनाई गयी हैं। वहीं उत्तर प्रदेश की शिवा सिंह और तेजस्विनी सिंह का भी चयन किया गया है। भारतीय टीम मंगलवार को लखनऊ से दिल्ली रवाना होगी। दिल्ली से टीम 20 सितंबर को हांगझोऊ के लिए रवाना होगी। अयोध्या के डॉ.भीम राव अंबेडकर इंडोर स्टेडियम में आयोजित टीम के शिविर की समाप्ति के बाद रवानगी से पूर्व भारतीय टीम का विदाई समारोह लखनऊ में एक निजी होटल में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की अध्यक्ष व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास ने खिलाड़ियों को टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने इस अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में चयनित खिलाड़ियों को एशियन गेम्स के लिए शुभकामनाएं दी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि शिविर में खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना व गति में सुधार के लिए कड़ा अभ्यास कराया गया है। मुझे विश्वास है कि भारतीय टीम यहां उम्दा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि एशियन गेम्स में भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को प्रारंभिक राउंड के ग्रुप बी में जगह मिली है। इस ग्रुप में भारत के साथ चीन, जापान, नेपाल और हांगकांग चाइना को जगह मिली है। भारतीय टीम 25 सितंबर को जापान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद भारतीय टीम की 27 सितंबर को हांगकांग चाइना, 29 सितंबर को चीन और 30 सितंबर को नेपाल की टीम से टक्कर होगी।

# प्रिंसिपल के ट्रांसफर पर स्टूडेंट्स का बवाल, नये प्रिंसिपल की बाइक फूंकी

एजेंसी

**बेतिया।** बेतिया के सरकारी मिडिल स्कूल के प्रिंसिपल के ट्रांसफर पर स्टूडेंट्स का गुस्सा फूट पड़ा। नए प्रिंसिपल को जॉइन नहीं करने दिया। उनकी बाइक फूंक दी। मौके पर पहुंचे डीपीओ की गाड़ी पर पथराव कर दिया। स्कूल से लेकर सड़क तक पांच घंटे तक बवाल मचा रहा। स्टूडेंट्स का आरोप है कि स्कूल में घुसकर डीपीओ ने छात्रों को डंडे से पिटाई की। इसमें 3 छात्रों को चोट लगी है। एक का हाथ टूटा है और दो छात्रों का सिर फूट गया। मामला राजकीय मध्य विद्यालय पखनाहा का है। यहां पर जितेंद्र पटेल प्रिंसिपल हैं। इनका 18 सितंबर को तबादला कर दिया गया। जितेंद्र पटेल की दो महीने पहले ही यहां से ट्रांसफर होकर आए थे। उनकी जगह विनय कुमार को दी गई। अब फिर से विनय कुमार को यहां पर ट्रांसफर कर दिया गया है। विनय कुमार मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे स्कूल जॉइन करने पहुंचे। इधर, जितेंद्र पटेल के ट्रांसफर की खबर



लगते ही स्टूडेंट्स और कुछ अभिभावक स्कूल पहले ही आ गए थे। वे प्रदर्शन करने लगे और विनय कुमार को जॉइन नहीं करने दिया। बच्चों और अभिभावकों की मांग है कि जितेंद्र पटेल का तबादला न हो और पुराने वाले प्रिंसिपल विनय फिर न आए। बच्चों और अभिभावकों का कहना था कि प्रिंसिपल जितेंद्र पटेल ने स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था सुधार दी है। पानी और टॉयलेट की व्यवस्था ठीक की है। जब कोई सुनने के लिए तैयार नहीं हुआ तो छात्र और अभिभावक उग्र हो गए। उन्होंने बेतिया-बैरिया मुख्य मार्ग पर अपना विरोध जताया। इसी दौरान कुछ लोग नए प्रिंसिपल विनय कुमार की बाइक लेकर आए और उसमें आग लगा दी। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर डीपीओ, सीईओ और बीईओ मौके पर पहुंचे। गुस्साए बच्चों ने डीपीओ कुणाल गौरव (अभी बैरिया प्रखंड के बीईओ के प्रभार में हैं) की गाड़ी पर हमला कर दिया। अभिभावकों और बच्चों का आरोप है कि इसके बाद डीपीओ ने स्कूल में घुसकर डंडे से छात्रों की पिटाई की। रूबी खातून (पांचवीं क्लास) और राजकुमार (तीसरी क्लास) कर सिर फटा हुआ है। वहीं पांचवीं क्लास के असमुल्लाह का हाथ टूटा है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एक नजर में

### झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने जलधर झा

**दुमका।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ का जिला सह प्रमंडलस्तरीय सम्मेलन मंगलवार को जलधर झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सम्मेलन में अशोक कुमार सिंह ने प्रतिवेदन पेश किया। दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के प्रदेश महामंत्री सपन कुमार कर्मचार, संघ के संयुक्त मंत्री मदन गोपाल महतो, जामताड़ा जिला अध्यक्ष विमल कुमार महल, चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला मंत्री कैलाश प्रसाद साह ने संयुक्त रूप से किया। मंच का संचालन अशोक कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस जिला सम्मलेन में दुमका जिले के कई विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ के जिला सह प्रमंडलीय स्तरीय सम्मेलन दुमका में उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश महामंत्री सपन कुमार कर्मकार ने कहा कि झारखंड सरकार की लापरवाही के कारण अल्प वेतन भोगी चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। अविभाजित बिहार में वर्ग 4 के कर्मियों को वर्ग तीन में पद प्रोन्नति मिलती थी। झारखंड गठन के बाद बंद है। पूरे राज्य के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी तृतीय वर्ग के पद पर वरीयता सह योग्यता के अधार पर एक मुस्त पद प्रोन्नति प्रदान करने समेत ज्वलंत मोंगों को लेकर झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ पूरे प्रदेश में आन्दोलनरत हैं। राज्य सरकार से जल्द से जल्द चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के ज्वलंत मोंगों को पूर्ति करने की मांग की गयी।

### महिला आरक्षण बिल पेश होने पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को दी शुभकामना

**सहरसा (हि .स.)।** आज लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम प्रस्तुत किये जाने पर भाजपा महिला मोर्चा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा ने प्रधानमंत्री को बहुत बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार करने का एक ऐतिहासिक फैसला होने वाला है ।अब लगता है महिला आरक्षण बिल पास हो जाएगी। इस बिल के पास होने से एक सामान्य परिवार की महिला भी संसद के सीढी तक चढ़ पाएगी ।वही देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य करेगी ।उन्होने कहा कि मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है ।महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी। चिर प्रतीक्षित फैसले का स्वागत करते हुए देश की समस्त माताओं, बहनों और बेटियों को नारीशक्ति वंदन अधिनियम की बहुत-बहुत बधाई दी गई।

## स्पीड न्यूज

### युवक ने फांसी के फंदे से झूल दी जान

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जरूवाडीह में सुल्तान अंसारी उर्फ बाबू नामक युवक ने सोमवार की रात घर से कुछ दूर बगीचा में एक पेड़ से फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। गांव वालों की सूचना पर मंगलवार को पुलिस मौके पर पहुच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों द्वारा किसी तरह की शंका व्यक्त नहीं करने पर पुलिस ने पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज किया है। सुल्तान पेंटर का काम करता था और अभी तक उसकी शादी भी नहीं हुई थी। कोर्ट परिसर में चशमा बेचने वाले पिता जलालुददीन अंसारी ने बताया कि इकलौता बेटा किसी बात पर नाराज हो गया। सोमवार की सुबह काम करने के लिए सारा सामान लेकर घर से निकला। देर शाम तक वापस नहीं आने पर खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह गांव के लोगों ने पेड़ से लटकता शव देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पिता से मौत का कारण जानने का प्रयास किया। परिजनों का कहना है कि युवक ने किस कारण मौत को गले लगाया यह तो घर के किसी सदस्य को भी पता नहीं है। कयास लगाया जा रहा है कि शादी न होने की वजह से वह परेशान रहता था। इसी कारण उसने जान दे दी।

### बिजली का करेंट लगने से महिला की मौत

**जामा।** दुमका जिले के थाना क्षेत्र के पलासी पंचायत के दरबेचक गांव में सोमवार की देर शाम बिजली का केरेंट लगने से एक 44 वर्षीय महिला की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार मृतका सूरत देवी बैल चराने गांव से बाहर खेत तरफ गयी हुई थी। देर शाम तक नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पाया कि बिजली तार के संपर्क में आ जाने से महिला की मौत हो चुकी है। आनन फानन में बिजली का कनेक्शन काट कर शव को परिजनों ने घर लाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर थाना ले आयी। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि सिंचाई के लिये बिजली का तार एक खेत से दूसरे खेत ले जाया गया था। जिसके चपेट में आ जाने से महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी थी। मृतका के पति दोहा दरवे के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### डालसा ने स्कूली बच्चों संग निकाला प्रभात फेरी

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत सदर प्रखंड के गादी कोरैया पंचायत के मकरो मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम ज्योति कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के द्वारा ग्रामीणों को बाल श्रम निषेध कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, पोक्सो अधिनियम इत्यादि के बारे में उन्हें विस्तार पूर्वक समझाकर जागरूक किया गया एवं इस बात का शपथ दिलाया गया कि ना ही बाल विवाह करेंगे और ना ही करने देंगे। मौके पर प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि बचपन एक ऐसी अवस्था होती है जिसमें किसी भी बच्चे को सबसे ज्यादा साथ, प्यार और दुलार की आवश्यकता होती है क्योंकि बाल्यावस्था में बच्चों का मन कोमल होता है।

# विकास मित्र और तालीमी मरकज के शिक्षकों का मानदेय दोगुना, 45 एजेंडों पर लगी मुहर

**कैबिनेट का फैसला**

**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में देर शाम संपन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में विकास मित्र और तालीमी मरकज के शिक्षकों का मानदेय दोगुना करने के साथ कुल 45 एजेंडों पर मुहर लगी। विभागीय अपर मुख्य सचिव, डॉ एस सिद्धार्थ ने प्रेस को बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत 39. बिहार महादलित विकास मिशन के माध्यम से सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने में एक कड़ी के रूप में कार्य कर रहे। विकास मित्रों को मानदेय सितम्बर के प्रभाव से 13,700 प्रतिमाह से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षा विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अक्टूबर से शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक (तालीमी मरकज) के वर्तमान मानदेय 11 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 22 हजार रुपये प्रतिमाह करने की स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत राज्य के सभी जिलों में चिह्नित ग्रामीण सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना की स्वीकृति दी गई। शिक्षा विभाग के अन्तर्गत बिहार राज्य उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक (नियुक्ति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गई। इसके तहत पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत पूर्व से उच्च माध्यमिक शिक्षक के 18,830 सृजित एवं रिक्त पद, माध्यमिक



शिक्षक के 18,880 सृजित एवं रिक्त पद एवं वर्ग 6 से 8 तक के 31,982 सृजित एवं रिक्त पद को प्रत्यार्पित करते हुए वर्ग 11 से 12 तक के अध्यापन के लिए शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन विद्यालय अध्यापक के 18,830 पद, वर्ग 9 से 10 तक के अध्यापन के लिए विद्यालय अध्यापक के 18,880 पद एवं वर्ग 6 से 8 तक के अध्यापन के लिए विद्यालय अध्यापक के 31,982 पद के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग के तहत बिहार राज्य में बच्चों में व्याप्त कुपोषण को दूर करने के लिए समेकित बाल विकास सेवाएं अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03-06 वर्ष तक के स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए नामांकित बच्चों को दिये जा रहे नाश्ते के अतिरिक्त बिहार स्टेट मिल्स को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 से दुग्ध चूर्ण सप्ताह में दो दिन उपलब्ध कराने के लिए राज्य योजना मद से कुल 2,32,20,70,000 (दो सौ बत्तीस करोड़ बीस लाख सत्तर हजार रुपये) वार्षिक व्यय की स्वीकृति दी गई। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत राज्य स्कीम अंतर्गत राज्य के सभी 11,5,009 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर धुआं रहित ईंधन के लिए एलपीजी की सुविधा दो गैस सिलेन्डर एवं चूल्हा सहित उपलब्ध कराने के लिए अनुमानित कुल 74,75,58,500 (चौहत्तर करोड़ पचहत्तर लाख अट्ठावन हजार पांच सौ) एवं गैस रिफिलिंग के लिए अनुमानित वार्षिक राशि कुल 1,65,75,09,708 (एक अरब पैंसठ करोड़ पचहत्तर लाख नौ हजार सात सौ आठ) व्यय की स्वीकृति दी गई। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत गोदाम चौकीदार के 16 पद एवं वित्तीय सलाहकार के एक पद को प्रत्यर्पित किया गया है। साथ ही कुल 10 पदों को सृजित किया गया है। राज्य आपदा रिस्पांस फोर्स बिहटा परिसर में स्थाई निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति बिहार आकस्मिकता निधि से दी गई है।

# अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों ने ली कौम की खिदमत की शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। अंजुमन इस्लामिया के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को शपथ ली। उर्दू स्कूल प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें विधायक सुखराम उरांव के अलावा रांची व चाईबासा अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष शहजाद मंजर उर्फ सज्जू को चाईबासा अंजुमन के सचिव फैयाज खान तथा अन्य पदाधिकारी उपाध्यक्ष हाजी एकराम हुसैन, सचिव बैरम खान, सह सचिव सद्दाम हुसैन तथा कोषाध्यक्ष मोहम्मद तौकीर को विभिन्न मस्जिद व मदरसा के इमाम व मौलाना ने शपथ दिलायी। अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के नव



निर्वाचित पदाधिकारियों ने कौम की खिदमत और समाज को एकजुट कर तरक्की की राह पर ले जाने की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में सिख समुदाय समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। विधायक सुखराम उरांव ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पहली बार गठित की गई अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर की टीम से शहर और समाज को बहुत उम्मीदें है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि चक्रधरपुर की अंजुमन इस्लामिया की टीम समाज को जोड़ने और विकास के पथ पर ले जाने में सफल रहेगी।

विधायक ने अंजुमन के कार्यालय खोलने के लिए जमीन खोजने को कहा। कहा कि कार्यालय निर्माण में जो भी खर्च आएगा वह वहन करेंगे। इसके अलावा अंजुमन की अनुशंसा पर विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

# गणेश महोत्सव का धूम पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दुमका जिले में गणेश महोत्सव परंपरा व उल्लाव के साथ मनाई जा रही है। तीन दिवसीय गणेश महोत्सव को लेकर मंदिरों एवं पूजा-पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।



मंगलवार को कलश स्थापना के साथ दुमका में गणेश की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। तीन दिवसीय गणेश पूजा को लेकर दुमका शहर के बड़ा बांध तालाब के पास, दुधानी मेहतर पाड़ा, दुमका शहर के श्री अग्रसेन भवन के पास, रसिकपुर एवं डंगाल पाड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूजा की जा रही है। शहर के बड़ा बांध मुहल्ले में गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा-पंडाल को भव्य रुप से सजाया-संवारा गया है। शाम से ही बड़ा बांध के पूजा पंडाल में लोगों की भीड़ जुटने लगी है। पूजा समिति के सदस्य भी सक्रिय रुप से काम करने में जुटे हुए है। बड़ा बांध तालाब के रास्ते से आवागमन को पूरी तरह से बाधित कर दिया गया है।

# आदिवासी युवक के पिटाई के आरोपी की रिहाई पर यूनियन ने प्रदर्शन किया समाप्त

**दुमका।** महिला यात्री को बस में चढ़ाने गए युवक के साथ काउंटर के कर्मी पर मारपीट के आरोप में आदिवासी युवकों द्वारा बस स्टैंड में की गई तोड़फोड़ के बाद एक कर्मी को हिरासत में लिए जाने का विरोध यूनियन व बस कर्मियों ने कर मंगलवार को थाने परिसर में ही धरना पर बैठ गए। सुबह से ही यूनियन सदस्य एवं बस कर्मी नगर थाना में प्रदर्शन करते रहे। बस स्टैंड के समीप बस कर्मियों द्वारा पुलिस पर दबाव बनाने के लिए सड़क जाम कर दिया। आंदोलन कर रहे यूनियन नेताओं व कर्मियों के द्वारा हिरासत में लिए गए बस कर्मी को छोड़ने की मांग कर रहे थे। बाद में पुलिस द्वारा कर्मी को छोड़ दिया गया। इसके बाद बस स्टैंड में प्रशासन व यूनियन के नेताओं व सदस्यों के बीच बैठक हुई। पुलिस प्रशासन के पहल पर अनिश्चितकालीन बस परिचालन का हड़ताल समाप्त हो गया है। पुलिस पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद दोपहर बाद बसों का परिचालन शुरू हो सकी। इधर यूनियन ने एक सप्ताह के भीतर उपद्रवियों की गिरफ्तारी, बस स्टैंड परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने व स्थायी तौर पर पुलिस पदाधिकारी की तैनाती बस स्टैंड में किए जाने सहित अन्य मांगों को पूरा करने का मांग किया ।

# फुटबॉल : गोड्डा ने बोकारो को दो एक से पराजित कर फाइनल मैच मे जगह बनाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ये पहली बार गोड्डा जिला की फुटबॉल टीम झारखंड राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच दिनांक 20/9/2023 को जमशेदपुर से फाइनल मैच खेलेगी। बोकारो के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलते हुए गोड्डा की ओर से विमल मरांडी ने फर्स्ट हाफ के 14 वें मिनट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला गोल दागा। सेकंड हाफ मैच के अंतिम 6 मिनट में बोकारो ने एक गोल गुड्डा के विरुद्ध कर स्कोर बराबरी का किया। मौसम खराब होने के कारण एक्स्ट्रा 15-15 मिनट का खेल दूसरे दिन खेला गया जिसमें फर्स्ट हाफ के नवे मिनट में गोड्डा के सुमित मरांडी ने एक गोल बोकारो के विरुद्ध किया जिसे बोकारो उतर नहीं



सकी और इस प्रकार गोड्डा ने अपने बेहतरीन खेल के बदौलत दो एक से बोकारो की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रचा। टीम के साथ लगातार रूप से कोच ईश्वर हसदा और टीम के मैनेजर नाइक मुर्मू साथ-साथ हैं।

# गणेश चतुर्थी पूजा और श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर वार्षिक पूजा अर्चना कराई गई ।इस अवसर पर इस बार और अधिक धार्मिक आयोजन का कार्यक्रम भी हो रहा है। गणेश भगवान की पूजा पाठ के साथ-साथ हरि नाम संकीर्तन और भागवत कथा का भी आयोजन हो रहा है। भागवत कथा को ले मंगलवार को सुबह दुर्गा मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल से रथ,ढोल,बाजे, झंडा, बैनर ,501 कलशयात्री के साथ भव्य कल शोभायात्रा निकाली गई। कमराचक टोला, बिहारी,मोरडीहा,



चांदा ,पारसी मोड़ चौक, पैरणरायकित्ता आदि गांव का भ्रमण किया गया। चांदा ग्राम के झामेश्वर नाथ महादेव मंदिर के निकट नदी में पूजा, पाठ, संकल्प के बाद कलशयात्रियों द्वारा कलश में जल भरकर वापस मोरडीहा ग्राम स्थित कथा मंडप के निकट आकर कलश स्थापित किया गया। गणेश भगवान की पूजा पाठ के बाद हरि नाम संकीर्तन अष्टयाम प्रारंभ कराया गया ।उसके बाद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हुई। प्रचलित राष्ट्रीय कथावाचक स्वामी अभयानंद अभिषेक शास्त्री जी महाराज रथ पर सवार होकर कलश यात्रा में साथ चल रहे थे। फिर उन्होंने कथा पंडाल में उपस्थित हुए सैकड़ो श्रद्धालुओं को ज्ञान यज्ञ के तहत भागवत कथा रसपान कराया। इस कार्य में गांव के समाजसेवी सौरभ कुमार वर्मा उर्फ मोनू, सुरेंद्र कुमार चौधरी उर्फ मंटू,लाल बाबू जायसवाल उर्फ लालू, सोनू वर्मा,संजीत कुमार मंडल,सोनू कुमार पोद्दार, मुख्य यजमान परशुराम शाह, अजय कुमार यादव, उप मुखिया मिथिलेश शाह, नंदकिशोर पोद्दार, गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष ज्योतिष कुमार साह, उपाध्यक्ष रोशन कुमार साह, नितेश यादव, अमरनाथ शाह, नवीन पंडित, मुखिया प्रतिनिधि निक्कू और प्रीतम कुमार झा, सचिव रवि पासवान, संयुक्त सचिव अमरेंद्र कुमार आजाद उर्फ डुग्गू, प्रभाकर चौधरी, सनोज ठाकुर ,सोनू पंडित, कोषाध्यक्ष अजय शाह, उपकोषाध्यक्ष अंकित राज, कार्यकारिणी समिति सदस्य प्रभाकर चौधरी, रविंदर प्रजापति, सोनू पंडित सुजीत वर्मा चीकू उर्फ अमरेंद्र कुमार झा, विपिन चौधरी ,छोटू शाह साहित संपूर्ण मोरडीहा पंचायतवासी और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के सैकड़ो लोगों ने सहयोग किया।

## पेज 1 का शेष

### महिला आरक्षण बिल पेश...

ईश्वर ने इस काम के लिए मुझे ही चुना था : पीएम मोदी ने दोपहर नये संसद भवन में लोकसभा के नये सदन में अपने उद्घाटन भाषण में इस बिल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम जैसी भावना करते हैं, वैसा ही घटित होता है। महिला आरक्षण बिल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भी विधेयक को कानून बनाने की कोशिशें हुई हैं लेकिन शायद ईश्वर ने पवित्र काम के लिए मुझे चुना है। मोदी ने कहा- मैं बड़े विश्वास और गर्व से कह रहा हूं कि आज का यह दिवस इतिहास में नाम दर्ज करने वाला है। हम सबके लिए यह पल गर्व का पल है। हमारी सरकार ने महिला आरक्षण का कदम बढ़ाया है। कल ही कैबिनेट में इसे मंजूरी दी गयी है। इस दौरान सदन में मौजूद महिला सांसद काफी उत्साहित दिखीं। **19 सितंबर की तारीख अमर हो जायेगा :** पीएम ने कहा कि इस विधेयक का लक्ष्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार करना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। मैं देश की माताओं, बहनों, बेटियों को बधाई देता हूं। 19 सितंबर की ये तारीख इसीलिए इतिहास में अमरत्व को प्राप्त करने जा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं माताओं-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि हम इस बिल को कानून बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। **किंतु-परंतु का युग खत्म :** पीएम मोदी ने कहा, मैं सदन में सभी साथियों से आग्रहपूर्वक निवेदन करता हूं कि सर्वसम्मति से जब यह बिल कानून बनेगा तो इसकी ताकत अनेक गुना बढ़ जायेगी। नारी शक्ति के मन में किंतु-परंतु' का युग खत्म हो चुका है और उन्हें जितनी सुविधाएं दी जाएंगी, वे उतना ही सामर्थ्य दिखायेगी। सदन के सदस्यों से इसे सर्वसम्मति से पारित किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भरोसा जताया कि देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनायेगा तो वह विकसित भारत होगा।

### जम्मू कश्मीर में लश्कर कमांडर...

सुरक्षाबलों और पुलिस ने गत बुधवार से संयुक्त अभियान छेड़ा था। दोनों पक्षों के बीच जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। एक आतंकवादी का शव बरामद कर लया गया है जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा कमांडर उजैर खान के रूप में की गयी है। उन्होंने अभियान जारी रहने तक लोगों से इलाके में न जाने की सलाह दी है। उजैर खान पर दस लाख रुपये का इनाम रखा गया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास 2-3 आतंकियों के बारे में जानकारी थी। संभव है कि हमें कहीं तीसरा शव भी मिल जाये। तीसरे शव की तलाश जारी है। इस एनकाउंटर के दौरान सेना के दो उच्च अधिकारी और जम्मू-कश्मीर के डीएसपी शहीद हुए थे। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में एक बार फिर आतंकी हमले की घटना सामने आयी है। इस हमले में किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### बंगाल में कुड़मी आंदोलन...

कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेश के बाद अब सारी ट्रेनें सामान्य तरीके से ही चलेंगी। इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अंतिम समय में कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप किया और कहा कि कुड़मी समुदाय चाहे तो इसको लेकर अपनी आवाज संस्थागत स्थानों पर बुलंद करे, लेकिन इस तरह का आंदोलन, जिससे आम जनमानस परेशान हो, वह करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इधर रांची रेल रोको आंदोलन को ले कर रेलवे ने 9 ट्रेनों को स्थगित कर दिया है और 7 ट्रेनों के मार्ग बदल दिये हैं। आदिवासी कुड़मी समाज ने खुद को आदिवासी जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर रेल चक्का जाम करने की घोषणा की है। आंदोलन झारखंड, बंगाल और ओड़िशा में एक साथ था। पर बंगाल में इसे टाल दिया गया है। मंगलवार को ही रेलवे ने उन रास्तों में चलने वाले ट्रेनों का या तो रद्द कर दिया गया है या फिर उनके रास्ते परिवर्तित कर दिये हैं।

### हाइकोर्ट ने सीबीआइ...

भारत सरकार ने भी इस मामले में जमशेदपुर पुलिस एवं जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार को मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कोई एक्शन नहीं लिया गया था। इसके बाद स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर 42 लाख रुपए के गबन की जांच करने का आग्रह किया गया था. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडे नीरज राय ने पक्ष रखा। **क्या है मामला :** दरअसल, वर्ष 2002-03 में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट,जमशेदपुर को केंद्रीय जनजातीय विकास मंत्रालय के द्वारा 42 लाख रुपए दिए गए थे। आरोप है कि इस पैसे को ट्रस्ट के सचिव रहे सरोज दास नामक व्यक्ति ने विभिन्न बैंक के ट्रांजेक्शन के माध्यम से गबन कर लिया। पैसों का गबन करने के लिए सरोज दास ने स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया था और स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट नामक एक नया ट्रस्ट बनाकर, इस राशि का गबन कर लिया था। मामले को लेकर जमशेदपुर के बिस्टुपुर थाना में वर्ष 2003 में कांड संख्या 154/ 2003 दर्ज किया गया था लेकिन पुलिस ने अपनी जांच के क्रम में सरोज दास को इस मामले में क्लीन चिट दे दिया था। इसके बाद फिर से स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट एवं सरोज दास के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस ने वर्ष 2020 में कांड संख्या 60/21 दर्ज किया था, जिसे बाद में पुलिस में क्लोज कर दिया था। यह भी बता दें कि स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट आदिम जाति एवं जनजाति की बालिकाओं के लिए हॉस्टल का संचालन करता है।

स्पीड न्यूज

### मोदी ने हमें दिया है होमवर्क : धनखड़

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संसद के केंद्रीय कक्ष ने सात दशक से अमृतकाल तक का सुहाना तथा यादगर सफर तय किया है और अब इस भवन की विदाई का वक्त आया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुराने संसद भवन को विशेष सम्मान देकर इसे संविधान सदनह्न के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव करके उन्हें होम वर्क दे दिया है। श्री धनखड़ ने यह बात संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों की आखिरी संयुक्त बैठक के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सभापति ने कहा कि आजाद भारत के सात दशक के अपने सफर में इस भवन ने कई नये प्रतिमान स्थापित किए हैं।

### मुक्तसर में बस नहर में गिरी, आठ की मौत

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मुक्तसर जिले में करीब 35 यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी बस के सरहिंद नहर में गिर जाने से मंगलवार को आठ यात्रियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना मुक्तसर-कोटकापुरा मार्ग पर झबेलवाली गांव के पास उस वक्त हुई जब ब्रेक लगाने पर बस सड़के से नीचे फिसल गई। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बारिश हो रही थी।

### बंगाल में 14 करोड़ का सोना बरामद

**कोलकाता।** बीएसएफ की 68वीं बटालियन ने मंगलवार तड़के उत्तर 24 परगना के बागदा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर लगभग 23 किलोग्राम तस्करी के सोने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उत्तर 24 परगना जिले के कुलिया गांव के निवासी इंद्रजीत पात्रा के रूप में हुई है। वह जिस बाइक को चला रहा था, उसके एयर-फि ल्टर के भीतर बिस्कुट और छड़ों के रूप में तस्करी का सोना ले जाया जा रहा था। जब्त किए गए सोने की कीमत करीब 14 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जब्त की गई खेप में 50 सोने के बिस्कुट और 16 सोने की छड़ें शामिल हैं।

### जेइड मेन, सीयूइटी-पीजी और नीट के लिए कैलेंडर जारी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जेईई मेन, सीयूईटी-यूजी, सीयूईटी-पीजी, नीट और यूजीसी-नेट की प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया। कैलेंडर के अनुसार, जेईई मेन-2024 सत्र-1 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 के बीच होगी। जेईई मेन 2024 सत्र-2 की परीक्षा 1 से 15 अप्रैल, 2024 के मध्य होगी। कैलेंडर में नीट-2024 के लिए 5 मई, 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी)-यूजी 15 से 31 मई तक आयोजित होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने नये संसद भवन को बताया अमृतकाल का उषाकाल, कहा

# अतीत की कड़वाहट भूलकर आगे बढ़ें

▸▸ 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है संसद का नया भवन

**एजेंसी**



संसद के पुराने भवन में मंत्रियों और सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नये संसद भवन में कार्यवाही की शुरूआत को आजादी के अमृतकाल का उषा काल करार दिया और कहा कि जब हम नये अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं तो हमें अतीत की सभी कड़वाहटों को भूल जाना चाहिए। नये संसद भवन स्थित लोकसभा में अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संसद का नया भवन 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है।

उन्होंने कहा कि प्रथम सत्र के प्रथम दिवस का यह अवसर कई मायनों में अभूतपूर्व है। यह आजादी के अमृतकाल का उषाकाल है। भारत अनेक सिद्धियों के साथ नये संकल्प लेकर, नये भवन में अपना भविष्य तय करने के लिए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब हम नये अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं तो हमें अतीत की सभी कड़वाहटों को भूल जाना चाहिए। इस भावना के साथ कि हम यहां से हमारे आचरण से, हमारी वाणी से, हमारे संकल्पों से जो भी करेंगे, देश के लिए, राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के लिए वह प्रेरणा का कारण बनना चाहिए। हमें इस दायित्व को निभाने के लिए भरसक प्रयास भी करना चाहिए।

**शुभता और सिद्धि के देवता हैं गणेश जी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज गणेश चतुर्थी का शुभ दिन है। उन्होंने कहा कि गणेश जी शुभता और सिद्धि के देवता हैं। गणेश जी विवेक और ज्ञान के भी दवेता हैं। इस पावन दिवस पर हमारा यह शुभारंभ संकल्प से सिद्धि की ओर एक नये विश्वास के साथ यात्रा को आरंभ करने का है। मोदी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक उत्सव के रूप में प्रस्थापित करके पूरे राष्ट्र में सुराज की संकल्पना को शक्ति दी, उन्होंने स्वतंत्र भारत की प्रेरणा जगाई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर समृद्ध भारत की प्रेरणा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि आज संवत्सरी का भी पर्व है और इस दिन को एक प्रकार से क्षमावाणी का पर्व भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि यह मिच्छामी दुक्कड़म कहने का भी दिन है, अगर जाने-अनजाने किसी को भी दुख पहुंचाया है तो यह पर्व मन से, कर्म से, वचन से उसकी क्षमा याचना का अवसर है। उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से भी पूरी विनम्रता के साथ, पूरे हृदय से सभी संसद सदस्यों और समस्त देशवासियों को मिच्छामी दुक्कड़म। मोदी ने कहा कि चंद्रयान-3 की गगनचुंबी सफलता हर देशवासी को गर्व से भर रही है, भारत की अध्यक्षता में जी20 का असाधारण आयोजन विश्व में इच्छित प्रयास की उपलब्धियां हासिल करने वाला अवसर बना।

उन्होंने नये संसद भवन में स्थापित किये गये सेंगोल (राजदंड) की ओर संकेत करते हुए कहा कि यह भवन नया है, व्यवस्थाएं नई हैं, लेकिन यहां पर कल और आज को जोड़ती हुई एक बहुत बड़ी विरासत का प्रतीक भी मौजूद है, वह नया नहीं है, वह पुराना है। उन्होंने कहा कि आज जब हम नये सदन में प्रवेश कर रहे हैं, संसदीय लोकतंत्र का नया गृहप्रवेश हो रहा है, तब आजादी की पहली किरण का साक्षी रहा यह सेंगोल आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देता रहेगा।

### नारी शक्ति को जितनी सुविधाएं दी जायेंगी, वे उतना ही सामर्थ्य दिखायेंगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज की नारी शक्ति के मन में किंतु-परंतु का युग खत्म हो चुका है और उन्हें जितनी सुविधाएं दी जाएंगी, वे उतना ही सामर्थ्य दिखाएंगी। नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही आरंभ होने के बाद अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही। उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पेश किए जाने का उल्लेख करते हुए सदन के सदस्यों से इसे सर्वसम्मति से पारित किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भरोसा जताया कि देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो वह विकसित भारत होगा। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि पुराने संसद भवन में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना और नए संसद भवन में वह दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। मोदी ने कहा कि नया संसद भवन सिर्फ एक नयी इमारत नहीं है बल्कि एक नयी शुरूआत का प्रतीक भी है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि नए संसद भवन में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक फैसला लिया गया है और महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

### संसद में महिला सदस्यों के प्रतिनिधित्व का इतिहास

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के इतिहास को देखें तो 1970 के दशक तक इनका प्रतिनिधित्व करीब पांच प्रतिशत था और 2009 में जाकर यह आंकड़ा दहाई संख्या में पहुंचा। राज्यसभा में महिलाओं की संख्या लोकसभा से थोड़ी कम रही है और 1951 से अब तक उच्च सदन में सदस्यों की संख्या कुल सदस्यों की 13 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाई है। लोकसभा में निर्वाचित महिला सदस्यों का सर्वाधिक अनुपात 2019 के चुनाव के बाद रहा जो कुल सदस्यों का करीब 15 प्रतिशत था, राज्यसभा में सर्वाधिक भागीदारी 2014 में 12.7 प्रतिशत थी। लोकसभा में 1951 में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5 प्रतिशत था जो 1957 में भी वही रहा। 1962 और 1967 में यह आंकड़ा बढ़कर 6 प्रतिशत हो गया और 1971 में 5 प्रतिशत, 1977 में 4 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दर्ज किया गया। 1980 में महिला सदस्यों की संख्या 5 प्रतिशत, 1984 में 8 प्रतिशत, 1989 में 6 प्रतिशत, 1991 में 7 प्रतिशत, 1996 में 7 प्रतिशत, 1998 में 8 प्रतिशत, 1999 में 9 प्रतिशत, 2004 में 8 प्रतिशत, 2009 में 11 प्रतिशत और 2014 में 12 प्रतिशत दर्ज की गयी। विधानसभाओं में औसत प्रतिनिधित्व ज्यादातर 10 प्रतिशत से कम रहा है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के दिसंबर 2022 में किये गये विश्लेषण के अनुसार मौजूदा 17वीं लोकसभा में सर्वाधिक महिला सदस्य उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से हैं।

# नारी शक्ति वंदन बिल को भाजपा ने बताया ऐतिहासिक, विपक्ष ने बोला- चुनावी जुमला

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के नेताओं ने सरकार की ओर से संसद के निचले सदन, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक को मंगलवार को लोकसभा में पेश किए जाने को ऐतिहासिक कदम करार दिया और कहा कि इससे महिलाओं को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा तथा समाज में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारत की सनातन संस्कृति के अनुरूप यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः को देश के लोकतंत्र में चरितार्थ करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में पेश हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा निर्णय है, जिससे हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाया है कि महिला नीत सशक्तीकरण मोदी सरकार के लिए एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक निर्णय करार देते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि चाहे नीति हो या नेतृत्व, भारत की नारी शक्ति ने साबित किया है कि वे किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। मोदी सरकार का मानना है कि नारी शक्ति के सहयोग और सामर्थ्य के बिना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार

▸▸ मोदी सरकार के लिए एक नारा नहीं, एक संकल्प है महिला आरक्षण : अमित शाह

▸▸ इस बिल से देश और समाज में आयेगा बड़ा सकारात्मक परिवर्तन : राजनाथ सिंह

देने वाला मोदी सरकार का यह निर्णय, आने वाले समय में एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन भारत के संसदीय लोकतंत्र में हमेशा के लिए अमर हो गया है, क्योंकि एक तरफ जहां नये संसद भवन का श्रीगणेश हुआ है, वहीं आज ही लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने की घोषणा करके एक नये अध्याय को लिखने की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से देश और समाज में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस ऐतिहासिक और प्रगतिशील निर्णय के लिए प्रधानमंत्रीजी का मैं हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं। सिंह ने कहा कि महिला सशक्तीकरण प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता रही है। उन्होंने कहा कि सेना से लेकर सार्वजनिक जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। महिलाओं के सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं होगा। ऐसे में ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम लाना एक बड़े परिवर्तन की शुरूआत है।

**नयी दिल्ली।** विपक्ष की कई पार्टियों ने मंगलवार को महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक को चुनावी जुमला करार दिया और इसके समय को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि महिलाओं के साथ धोखा हुआ है, क्योंकि इसे 2029 से पहले लागू नहीं किया जा सकेगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देने की कोई वास्तविक मंशा होती, तो महिला आरक्षण विधेयक बिना किसी किंतु-परंतु के तुरंत लागू कर दिया गया होता।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनावी जुमलों के इस मौसम में यह सभी जुमलों में सबसे बड़ा है! करोड़ों भारतीय महिलाओं और युवतियों की उम्मीदों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। जैसा कि हमने पहले बताया था, मोदी सरकार ने अभी तक 2021 की दशकीय जनगणना नहीं कराई है, जिससे भारत जी20 में एकमात्र देश बन गया है जो जनगणना कराने में विफल रहा है।

उन्होंने कहा कि अब इसमें कहा गया है कि महिला आरक्षण विधेयक के अधिनियम बनने के बाद पहली दशकीय जनगणना के पश्चात ही महिलाओं के लिए आरक्षण लागू होगा।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मूल रूप से यह विधेयक अपने कार्यान्वयन की तारीख के बहुत अस्पष्ट वादे के साथ आज सुर्खियों में है। यह कुछ और नहीं, बल्कि ईवीएम-इवेंट मैनेजमेंट है। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला विधेयक है।

आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं है।उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि परिसीमन और जनगणना के प्रावधानों को हटाया जाए तथा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए महिला आरक्षण लागू किया जाए। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। बसपा)की अध्यक्ष मायावती ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया और कहा कि सरकार को आबादी को ध्यान में रखकर महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने पर विचार करना चाहिए।

▸▸ महिलाओं के साथ हुआ धोखा, 2029 से पहले लागू नहीं होगा : जयराम रमेश

▸▸ लैंगिक न्याय व सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए आरक्षण : अखिलेश

### नीतीश ने महिला आरक्षण विधेयक का किया स्वागत

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संसद में पेश महिला आरक्षण विधेयक को एक स्वागत योग्य कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि वह शुरू से ही महिला सशक्तीकरण के हिमायती रहे हैं।



संसद में विपक्षी नेताओं से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### भारत ने कनाडा के एक राजनयिक को किया निष्कासित

**नयी दिल्ली।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं।

## ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होगी शाहरुख खान की 'जवान'

मुंबई। शाहरुख खान की फिल्म जवान इस वक्त काफी सुर्खियों में है। 7 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में भी कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। इस फिल्म का निर्देशन एटली कुमार ने किया है। एक इंटरव्यू में एटली ने फिल्म जवान को ऑस्कर के लिए भेजने की इच्छा भी जताई। एटली ने कहा कि 2020 में मैंने शाहरुख को जूम कॉल के जरिए फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई, लेकिन उस वक्त लॉकडाउन था। एटली ने कहा कि मैं जवान को ऑस्कर में ले जाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि शाहरुख खान ये इंटरव्यू देखें। मैं शाहरुख को फोन करने जा रहा हूं



और उनसे इस फिल्म को ऑस्कर के लिए भेजने का अनुरोध करूंगा। जवान की कमाई की बात करें, तो फिल्म जल्द ही 500 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच जाएगी।

# वन वृंदावन कॉलोनी में दिखेगा प्राचीन कलाकृति का अद्भुत संगम



खबर मन्त्र का अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र 24 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। चिरौंदी वन वृंदावन में इस बार भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस पंडाल में प्राचीन कलाकृति से लेकर प्राकृतिक वातावरण और प्राचीन मंदिर का प्रारूप दर्शकों को देखने को मिलेगा। वृंदावन कॉलोनी दुर्गापूजा समिति की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर ने बताया कि पंडाल का निर्माण 18 लाख में किया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 30 फीट और प्रतिमा 10 फीट की होगी। पूजा समिति में मुख्य संरक्षक मंजू सिंह, संरक्षक जयनंदू सिंह, अरूण सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, सचिव धनेश कुमार सिंह हैं।

सचिव धनेश कुमार सिंह ने बताया कि पंडाल निर्माण के लिए कोलकाता से कारीगर को बुलाया गया है। यह एक काल्पनिक मंदिर से निर्मित पंडाल होगा। विद्युत सज्जा में ढाई लाख रूपये खर्च किये जा रहे हैं। षष्ठी के दिन पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया जायेगा। अष्टमी के दिन दर्शनार्थियों के लिए भोग की व्यवस्था की गयी है। धनेश ने बताया कि कॉलोनी के अंदर पूजा करने के लिए कोई भी समस्या नहीं है, जो भी समस्या थी, उसे अपने स्तर से पूरा कर लिया गया है।



▸▸ पंडाल के निर्माण में 18 लाख होगा खर्च, पंडाल की ऊंचाई 30 फीट और प्रतिमा 10 फीट की होगी

▸▸ कॉलोनी में कोई भी समस्या नहीं : धनेश सिंह



वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !